दैनिक
# नवयत्न
केन्द्र व राज्य सरकार द्वारा विज्ञापनों के लिए स्वीकृत
RNI No. RAJHIN/2010/31619
Post.Reg No. sikar/041/2016-2018
खबरें सड़क से संसद तक
वर्ष: 16 | अंक 322 | सीकर, रविवार 18 जनवरी 2026 | Email : navyatndainik@gmail.com | मूल्य 1 रुपया | पृष्ठ 8

## विराट हिन्दू सम्मेलन की तैयारियों को लेकर समिति गठित



निसं

**तारानगर ( नवयत्न )।** आदर्श बस्ती में आगामी विराट हिन्दू सम्मेलन की तैयारियों को लेकर शनिवार को बैठक आयोजित की गई। बैठक में निर्णय लिया गया कि 1 फरवरी को आयोजित होने वाला विराट हिन्दू सम्मेलन सर्व समाज के सहयोग से भव्य व ऐतिहासिक रूप से संपन्न किया जाएगा। बैठक में उपस्थित लोगों ने सम्मेलन को सफल बनाने हेतु एकजुट होकर कार्य करने का संकल्प लिया। बैठक के दौरान सर्वसम्मति से विराट हिन्दू सम्मेलन की आयोजन समिति का गठन किया गया। समिति में गंगानाथ महाराज को संरक्षक, आशाराम गुरड़ा को अध्यक्ष, राधेश्याम शर्मा, नन्दलाल भार्गव, ओम सरावगी, जितेंद्र राठौड़ एवं ओम गोस्वामी उपाध्यक्ष, पवन कुमार शर्मा संयोजक, विजय सिंह सह-संयोजक, पवन सैनी सचिव, राजकुमार मेघवाल को सह-सचिव व जयप्रकाश शर्मा को कोषाध्यक्ष मनोनीत किया गया। बैठक में अनेक गणमान्य लोगों ने भाग लिया।

## शिविर में दूसरे दिन दिव्यांगों को 182 उपकरण वितरित



निसं

**श्रीमाधोपुर ( नवयत्न )।** खंडेलवाल वैश्य पटवारी धर्मशाला श्रीमाधोपुर में चल रहे तीन दिवसीय जिला स्तरीय नि:शुल्क दिव्यांग उपकरण वितरण शिविर में दूसरे दिन भी उपकरण वितरित किए गए। शिविर संयोजक बाबूलाल चौधरी ने बताया कि सार्वजनिक औषधालय समिति और शिवप्रसाद मन्नी देवी चौधरी ट्रस्ट के तत्वावधान में लगे शिविर के दूसरे दिन शनिवार शाम 6 बजे तक कुल 182 उपकरण वितरित किए गए। श्री भगवान महावीर विकलांग सहायता समिति जयपुर की ओर से शनिवार को पात्र दिव्यांगों को ट्राई साइकिल 25, व्हीलचेयर 12, बैसाखी 8, कान की मशीन 95, वाकर, स्टिक, ब्लाइंड स्टीक 19, कृत्रिम पैर (जयपुर फुट) व कृत्रिम हाथ 8, कैलिपर 15 वितरित किए गए। आयोजन समिति के गिरधारीलाल चौधरी, अर्जुनलाल चौधरी, रामनिवास चौधरी ने बताया कि शिविर का समापन रविवार को होगा।

## सरकारी वाहन का दुरूपयोग, राजकोष को भारी हानि

निसं




**बीदासर ( नवयत्न )।** नगरपालिका की सरकारी वाहन के दुरपयोग को लेकर इन दिनों कस्बे में जनचर्चा का विषय बना हुआ है। प्राप्त जानकारी के अनुसार नगरपालिका बीदासर के सरकारी वाहन की जिम्मेदार अधिकारी द्वारा ही नियमों को ताक पर रखकर कार्यालय समय के बाद और छुट्टी के दिन पिछले लगभग 15 दिनों से अधिकारी द्वारा निजी कार्यों में उपयोग ली जाकर राजकोष को भारी चपत लगाने व लॉग बुक और तेल खर्च में बडे खेल की आशंका की चर्चा आम है। इसको लेकर पूर्व पालिका उपाध्यक्ष जयप्रकाश बैंगानी ने प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए कहां कि सरकारी वाहन का निजी तौर पर उपयोग नहीं करना चाहिए। अगर किया है तो उपखंड अधिकारी और जिला कलेक्टर को इस विषय में जांच करवाकर राजकोष को हुई हानि की भरपाई करवानी चाहिए।

## शिविरों में 233 बच्चों का हुआ स्वास्थ्य परीक्षण

सुरेन्द्र शर्मा

**सीकर ( नवयत्न )।** सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र, जीणमाता एवं सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र रामगढ़ सेठान में शनिवार को आयोजित आरबी, सके शिविर में 233 बच्चे स्वास्थ्य परीक्षण किया गया, जिनमें से 12 बच्चों को उच्च संस्थान पर इलाज के लिए रैफर किया गया। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र जीणमाता में शिशु रोग विशेषज्ञ डॉ. सुशीला, नेत्र रोग विशेषज्ञ डॉ. देवेंद्र सिंह, ईएनटी विशेषज्ञ डॉ. शिप्रा सिंह एचर्म रोग विशेषज्ञ डॉ. अशोक धनवाल एवं दंत रोग चिकित्सक डॉ. रेनू पूनियां ने अपनी सेवाएं दी तथा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र रामगढ़ सेठान में शिशु रोग विशेषज्ञ डॉ आरएन जाट, नेत्र रोग विशेषज्ञ डॉ. दीप शिखा, ईएनटी विशेषज्ञ डॉ. ईरम शेख एचर्म रोग विशेषज्ञ डॉ. साक्षी सिंघल एवं दंत रोग विशेषज्ञ डॉ. मुकेश ने अपनी सेवाएं दी।



# महेंद्रजीत मालवीया फिर कांग्रेस में, 1 घंटे में मिली अप्रूवल

## दिन में अनुशासन समिति की बैठक और रात में पार्टी में वापसी का लेटर जारी

बांसवाड़ा।

कांग्रेस छोड़कर भाजपा में गए पूर्व मंत्री महेंद्रजीत सिंह मालवीया की शुक्रवार रात कांग्रेस में वापसी हो गई। इससे पहले 3 स्तर पर रिपोर्ट बनी।

आखिरकार पीसीसी चीफ गोविंद सिंह डोटासरा ने रिपोर्ट शुक्रवार देर रात को एआईसीसी दिल्ली भेजी। रिपोर्ट को कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने 1 घंटे में ही अप्रूवल दे दी।

उसके बाद रात को मालवीया की कांग्रेस वापसी का आधिकारिक पत्र जारी हो गया। उधर, प्रदेश कार्यालय में जल्दी ही उनकी जॉइनिंग हो सकती है।

### दिन में बैठक, रात में मंजूरी

इससे पहले दिन में पूर्व मंत्री उदयलाल आंजना की अध्यक्षता में राजस्थान कांग्रेस अनुशासन समिति की बैठक हुई थी। बैठक में मालवीया को वापस कांग्रेस में शामिल करने का फैसला किया गया। इसमें पिछले चुनावों के समय कांग्रेस छोड़कर भाजपा में गए मालवीया की घर वापसी पर मुहर लगी। लेकिन पेंच फंस गया कि वे सीडब्ल्यूसी मेंबर रह चुके हैं। नियमानुसार उनका निर्णय स्टेट स्तर पर लेना संभव नहीं था। इस पर अनुशासन कमेटी ने अपनी रिपोर्ट पीसीसी चीफ को दे दी। पीसीसी ने दिल्ली बात की। उसके बाद मालवीया की वापसी का फैसला आखिर भारतीय कांग्रेस कमेटी पर छोड़ दिया। दिल्ली ने डोटासरा की रिपोर्ट मांगी। पीसीसी ने प्रस्ताव बनाकर दिल्ली भेजा।

डोटासरा ने बताया कि दूसरे रिपोर्ट के चलते मालवीया सीडब्ल्यूसी मेंबर रह चुके हैं। इस कारण उनका फैसला एआईसीसी स्तर पर रखा गया। उनकी वापसी के ऑर्डर हो गए हैं।



### 6 और नेताओं को दोबारा करेंगे शामिल

अनुशासन कमेटी के उदयलाल आंजना ने कहा कि मालवीया के अलावा कांता भील, खिलाड़ी लाल बैरवा, गोपाल गुर्जर, कैलाश मीणा, सुभाष तंबोली आदि की कांग्रेस में वापसी को लेकर भी बैठक में चर्चा की गई है। इन सभी मामलों को रिपोर्ट में शामिल किया जा रहा है।

अनुशासन समिति की सदस्य शकुंतला रावत ने बड़ा दावा किया कि भाजपा में कई नेताओं का मोहभंग हो चुका है। वे कांग्रेस नेताओं के संपर्क में हैं। उन्होंने कहा कि आने वाले दिनों में भाजपा के कई नेता कांग्रेस में शामिल हो सकते हैं।

### ये मैंने क्या कर दिया: मालवीय

भाजपा छोड़ने के मामले को लेकर पूर्व मंत्री महेन्द्रजीत सिंह मालवीया का एक वीडियो सामने आया है। वीडियो में मालवीय कह रहे हैं- ये मेरी मजबूरी थी। मेरे मन में ऐसा हुआ कि डबल इंजन की सरकार है, अगर चुनाव जीत गया तो देश में हो सकता है मैं मंत्री बन जाऊं।

# देश को मिली पहली वंदे भारत स्लीपर ट्रेन की सौगात

## मोदी बोले- टीएमसी घुसपैठियों को वोटर बना रही

कोलकाता/गुवाहाटी।

पश्चिम बंगाल के मालदा में शनिवार को पीएम मोदी ने कहा कि बंगाल के सामने एक बड़ी चुनौती घुसपैठ की है। बंगाल के कई इलाकों में आबादी का संतुलन बिगड़ रहा है। टीएमसी घुसपैठियों को वोटर बना रही। गरीबों का हक छीना जा रहा है। भाजपा सरकार बनते ही घुसैपठियों पर एक्शन लिया जाएगा। आयुष्मान भारत योजना पर बात करते हुए पीएम ने कहा कि टीएमसी वालों को आपकी तकलीफ की कोई चिंता नहीं है। यहां आयुष्मान योजना लागू नहीं होने दी गई है। ऐसी पत्थर दिल सरकार की बंगाल से विदाई जरूरी है। पीएम ने मालदा में भारत की पहली वंदे भारत स्लीपर ट्रेन का उद्घाटन किया। यह ट्रेन हावड़ा से गुवाहाटी के बीच चलेगी। उन्होंने ट्रेन के ड्राइवर से मुलाकात और उसके बारे में जाना। पीएम ने ट्रेन में मौजूद बच्चों से भी बात की।

### पीएम मोदी ने दिखाई हरी झंडी

देश की पहली वंदे भारत स्लीपर ट्रेन को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। यह अत्याधुनिक ट्रेन हावड़ा और गुवाहाटी के बीच चलेगी और पूर्वोत्तर तथा पूर्वी भारत के बीच कनेक्टिविटी को मजबूत बनाएगी। रेल मंत्रालय के अनुसार, इस सेवा से न केवल यात्रियों को तेज और आरामदायक सफर मिलेगा, बल्कि पर्यटन और व्यापार को भी बड़ा बढ़ावा मिलेगा।



### पीएम के संबोधन की बड़ी बातें

- **पूर्वी भारत के लोगों का विश्वास भाजपा के नाम:** हमारा देश 2047 तक विकसित होने पर काम कर रहा है। इसलिए लिए पूर्वी भारत का विकास होना जरूरी है। पूर्वी भारत को दशकों तक नफरत करने वालों ने जकड़ रखा था। भाजपा ने नफरत की राजनीति करने वालों से पूर्वी भारत को मुक्त किया है। पूर्वी भारत के लोगों का विश्वास भाजपा के नाम है। उनका विश्वास भाजपा के साथ है।
- **पत्थरदिल सरकार की बंगाल से विदाई जरूरी:** टीएमसी वालों को आपकी तकलीफ की कोई चिंता नहीं है। वो अपनी तिजोरी भरने में जुटे हैं। मैं चाहता हूं कि देश की तरह बंगाल के गरीबों को 5 लाख का मुफ्त इलाज मिले, यहां आयुष्मान भारत योजना लागू हो। बंगाल देश का एक मात्र ऐसा राज्य है। यहां ये योजना लागू नहीं होने दी गई है। ऐसी पत्थर दिल सरकार, ऐसी निर्मम सरकार की बंगाल से विदाई जरूरी है।
- **बंगाल की हर दिशा में सुशासन की सरकार:** कुछ दिन पहले बिहार में बीजेपी-एनडीए की सरकार बनी है। यानी बंगाल की हर दिशा में बीजेपी के सुशासन की सरकार है। अब बंगाल की बारी है। इसलिए बिहार चुनाव की जीत के बाद मैंने कहा था- मां गंगा के आर्शीवाद से अब बंगाल में भी विकास की गंगा बहेगी। बीजेपी ये काम करके रहेगी।
- **महिला पत्रकार के साथ टीएमसी के गुंडों ने अभद्रता की:** बंगाल के युवा साथियों, माता-बहनों की बड़ी जिम्मेदारी है। एक महिला पत्रकार के साथ टीएमसी के गुंडों ने कितनी अभद्रता की। स्कूल, कॉलेज, यूनिवर्सिटी में बेटियां सुरक्षित नहीं। निर्ममता ऐसी की बेटियों की सुनवाई नहीं होगी। पीड़ितों को बात-बात पर कोर्ट जाना पड़ता है। इसे बदलना होगा। ये काम कौन करेगा- ये काम आपका एक वोट करेगा।
- **बंगाल के सामने एक बड़ी चुनौती घुसपैठ की है:** आप देखिए दुनिया के जो विकसित देश हैं, समृद्ध देश हैं, जिन्हें पैसों की कमी नहीं, वे भी घुसपैठियों को निकाल रहे हैं। प. बंगाल में भी घुसपैठियों को बाहर करना जरूरी है। एक एक घुसपैठिए को निकालना जरूरी है। टीएमसी के रहते ये संभव नहीं है। ये जमीन-हक, बहन-बेटियों की रक्षा नहीं करेंगे। इन्हें सत्ता से बाहर निकालना चाहिए।
- **बाढ़ पीड़ितों को यहां पैसा तक नहीं मिलता:** मैं मालदा की बाढ़ राहत की ष्ट्रत्न रिपोर्ट देख रहा था। टीएमसी के चहेतों के खातों में 40-40 बार बाढ़ राहत का पैसा भेजा गया। जो इसके हकदार नहीं थे, उन्हें लाखों रुपए दिया गया। जिन पर संकट आया उन्हें कुछ नहीं मिला। भाजपा की सरकार बनते ही, टीएमसी के ऐसे सारे काले कारनामें बंद किए जाएंगे।
- **मुंबई में बीजेपी की ऐतिहासिक जीत:** एक दिन पहले ही महाराष्ट्र में शहरी निकाय के नतीजे आए, इसमें बीजेपी को एतिहासिक जीत हासिल हुई। खासतौर पर महाराष्ट्र की राजधानी मुंबई में पहली बार बीजेपी को रिकॉर्ड जीत मिली है।

## राहुल गांधी बोले-पानी पीकर लोग मर रहे, यही अर्बन मॉडल


### इंदौर में मृतकों के परिजन को डेढ़-डेढ़ लाख के चेक दिए; कहा- सरकार जिम्मेदारी ले



**इंदौर।** कांग्रेस नेता और लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी शनिवार को इंदौर पहुंचे। राहुल सबसे पहले बॉम्बे हॉस्पिटल गए,जहां उन्होंने दूषित पानी से पीड़ित मरीजों और परिजन से मुलाकात की। राहुल ने कहा- ये नए मॉडल की स्मार्ट सिटी है। पीने का पानी नहीं है। परिवार पानी पीने के बाद बीमार हुए। यानी इंदौर में साफ पानी नहीं मिल सकता है। ये है अर्बन मॉडल। उन्होंने कहा, सरकार अपनी जिम्मेदारी नहीं निभा रही है। किसी को ये राजनीति लगे तो लगे, लेकिन लोगों को साफ पानी मिलना चाहिए। इस दौरान राहुल भागीरथपुरा भी गए और दूषित पानी से जान गंवाने वाली गीता बाई और जीवनलाल के परिवार से मिले। दोनों परिवारों को उन्होंने चेक दिया। इसके बाद राहुल गांधी संस्कार गार्डन पहुंचे। यहां उन्होंने दूसरे प्रभावितों से मुलाकात की। सभी को राहुल ने एक लाख और सिंघार ने 50-50 हजार रुपए के चेक दिए।

इस दौरान राहुल के साथ पूर्व सीएम दिग्विजय सिंह, प्रदेश प्रभारी हरीश चौधरी, प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी, नेता प्रतिपक्ष उमंग सिंघार और अजय सिंह भी रहे।

### कोबरी-सार




# सांसद कस्वां ने किया करोड़ों के विकास कार्यों का उद्घाटन

निसं

**सुजानगढ़ ( नवयत्न )।** चूरू जिला सांसद राहुल कस्वा, कांग्रेस जिला अध्यक्ष व विधायक मनोज मेघवाल, रतनगढ़ विधायक पूसाराम गोदारा ने गांव पारेवड़ा, बैरासर और करेजड़ा करेजड़ा में करोड़ों रुपए के विकास कार्यों का लोकार्पण किया है। इस दौरान उपस्थित ग्रामीणों को संबोधित करते हुए सांसद राहुल कस्वा ने कहा कि आपणी योजना के तहत गांवों में पानी की टंकियों का निर्माण हो चुका है, लेकिन उन्हें जोड़ने के लिए 48 करोड़ रूपए की आवश्यकता है। सांसद ने कहा कि चूरू लोकसभा क्षेत्र की 48 हजार ढ़ाणियों का विद्युतीकरण का कार्य स्वीकृत हो चुका है। कस्वा ने कहा कि उन्होंने 135 उच्च माध्यमिक स्कूलों में कंप्यूटर लाइब्रेरी बनवाई है। इस दौरान सांसद ने पारेवड़ा के राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय में कंप्यूटर लैब, बैरासर के सिद्ध समाज के श्मशान में टीन शेड का निर्माण करवाने की घोषणा की। इस मौके पर कांग्रेस के चूरू जिला अध्यक्ष व विधायक मनोज मेघवाल ने कहा कि कांग्रेस के शासन में क्षेत्र की 58 स्कूलों को क्रमोन्नत करवाया तथा तीन नए कॉलेज खोले।

विधायक मनोज मेघवाल ने पारेवड़ा के राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय में एक कक्षा कक्ष का निर्माण करवाने तथा बैरासर के महात्मा गांधी राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय में टीन शेड बनवाने की घोषणा की। मनोज मेघवाल ने कहा कि केंद्र सरकार ने मनरेगा योजना को खत्म कर दिया है। अब जी राम जी के नाम से नई योजना शुरू की है, जिसमें दिल्ली में बैठे अधिकारी तय करेंगे कि आपके गांव में क्या काम होने है। जबकि मनरेगा में ग्राम पंचायत एवं पंचायत समिति द्वारा गांव की आवश्यकतानुसार प्रस्तावित विकास कार्यों का जिला परिषद द्वारा अनुमोदन किया जाता था। गांव पारेवड़ा में विधायक कोष से निर्मित दो कक्षा कक्षों एवं सांसद कोष से निर्मित एक कक्षा कक्ष तथा बैरासर में राज्य सभा सांसद के सी वेणुगोपाल के सांसद कोष से निर्मित डिजिटल लाइब्रेरी, धने: से बैरासर सड़क, ट्यूबवेल, जर्जर घोषित स्कूल में एक कक्षा कक्ष, एक हाई मास्क लाइट, करेजड़ा में सामुदायिक भवन का लोकार्पण किया। इस अवसर पर रतनगढ़ विधायक पूसाराम गोदारा, पूर्व देहात अध्यक्ष विद्याधर बेनीवाल ने भी उपस्थित ग्रामीणों को संबोधित किया। इस दौरान रामचंद्र गोदारा, विजयपाल चाहर, महेंद्र डूकिया, क्रय विक्रय सहकारी समिति अध्यक्ष नरपत गोदारा, मुनीराम सारण, रूपाराम कस्वा, मनसुख गोदारा सहित अनेक कांग्रेस नेता साथ थे। बैरासर में सरपंच रामी दुसाद ने आभार जताया। डॉ. रामेश्वर दुसाद ने स्वागत किया। गांव पारेवड़ा में लक्ष्मी नारायण केवटिया, रामनारायण सारण, रामनारायण प्रजापत, चंद्राराम मेघवाल, नारायण सिंह, बद्रीनारायण सुथार, बैरासर में रामूराम दूसाद, प्रभुराम, बन्नाराम मेघवाल, बाबूलाल सुथार, पदमनाथ, मालाराम दूसाद, पंच गोपालराम, गणपत राम सिहाग, हुकमाराम दूसाद ने साफा व पुष्पहार पहना कर अतिथियों का स्वागत किया।



## रात्रि चौपाल आयोजित



निसं

**खेतड़ी ( नवयत्न )।** खेतड़ी उपखंड के पपुरना के शहीद भगवान सिंह राजकीय स्कूल परिसर में जिला कलेक्टर की रात्रि चौपाल का आयोजन किया गया। कलेक्टर डॉ अरूण गर्ग की अध्यक्षता में हुई बैठक में आमजन की समस्यायों का जल्द समाधान करवाने के निर्देश दिए गए। रात्रि चौपाल में ग्रामीणों ने बताया कि क्षेत्र में ओवरलोड डंपरों का संचालन अधिक होने से लोगों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। डंपरों में ऊपर तक पत्थर भरकर लाए जाते है, जिनके गिरने से कई बार हादसे भी हो चुके है। इसके अलावा ओवरलोड डंपरों का संचालन पपुरना के आबादी क्षेत्र के बीच से होने से बड़ा हादसा होने का भय बना रहता है। ओवरलोड डंपरों से आए दिन होने वाली परेशानियों को लेकर ग्रामीणों की ओर से उपखंड स्तर पर काफी प्रयास किए गए लेकिन पुलिस व प्रशासन मामले को गंभीरता से नहीं ले रहा है। इस दौरान जिला कलेक्टर डॉ अरूण गर्ग ने एसडीएम सुनील चौहान को माइनिंग, पुलिस व ग्रामीणों के साथ बैठक कर आवश्यक समाधान करने का निर्देश दिया। पूर्व छात्रसंघ अध्यक्ष निरंजन लाल सैनी ने बताया कि करमाड़ी का प्राथमिक स्कूल भवन काफी पुराना होने से जर्जर स्थिति में है, भवन का निर्माण होने तक स्कूल की वैकल्पिक व्यवस्था करवाई जाए। इसके अलावा बबाई में बंदरों के आतंक, पानी की समस्या, बिजली लाइन, क्षतिग्रस्त सड़कों का मुद्दा उठाया गया। जिस पर कलेक्टर ने चौपाल में आई समस्याओं का समय पर निस्तारण करने के निर्देश दिए गए। इस दौरान बैठक में एसडीएम सुनील चौहान, सीएमएचओ डॉ छोटेलाल गुर्जर, तहसीलदार सुनील कुमार, बीसीएमओ डॉ हरीश यादव, संजय देव गुर्जर, सुनील नायक, गफ्फार खान, इस्लाम खान, अजय सुरोलिया, धूडसिंह सहित अनेक लोग मौजूद थे।

## एसपी ने किया मेहाड़ा थाने का निरीक्षण



निसं

**खेतड़ी ( नवयत्न )।** झुंझुनूं एसपी ने हरियाणा सीमा स्थित मेहाड़ा थाने का निरीक्षण किया। इस दौरान एसपी ने थाना क्षेत्र की जानकारी लेकर अपराधियों पर अंकुश लगाने के निर्देश दिए। एसपी बृजेश ज्योति उपाध्याय ने बताया कि मेहाड़ा थाना क्षेत्र का अधिकांश एरिया हरियाणा सीमा से सटा हुआ है। यहां अपराधिक घटनाओं को अंजाम देने कर बदमाश हरियाणा में भाग जाते है। ऐसे में सीमावर्ती क्षेत्रों में प्रभावी पुलिसिंग कर आवश्यक कार्रवाई की जाएगी। एसपी ने बताया कि वर्तमान में साइबर क्राइम अधिक बढ़ रहा है। अनजान काल को लेकर जागरूक रहें तथा अपने बैंक संबंधित जानकारी किसी से साझा नहीं करें। इसके अलावा किसी प्रकार की संदिग्ध गतिविधियां दिखाई दे तो तुरंत पुलिस को सुचित कर पुलिस का सहयोग करें। एसपी ने कस्बे में जाम की समस्या को लेकर जल्द प्रभावी कार्रवाई करने के निर्देश दिए। इस दौरान कस्बे व थाने का निरीक्षण कर पेंडिंग मामलों का निस्तारण करने, रिकार्ड संधारण करने के निर्देश दिए। इसके बाद एसपी ने थाने में पेंडिंग मामलों का निस्तारण करने, माल खाने का निरीक्षण कर परिवाद लेकर आने वाले लोगों को बेहतर सुविधा मुहैया करवाने के निर्देश दिए। वहीं हरियाणा के सीमावर्ती क्षेत्रों में प्रभावी गश्त कर अपराधियों के खिलाफ कार्रवाई करने के निर्देश दिए। इसके बाद एसपी ने थाना परिसर में सीएलजी सदस्यों व ग्राम रक्षकों की बैठक कर पुलिस का सहयोग करने का आह्वान किया। इस मौके पर डीएसपी जुल्फीकार अली, थानाधिकारी राममनोहर, एएसआई पतराम, भोमाराम, एचसी राजेश कुमार, पंकज कुमार, रोहिताश सहित अनेक लोग मौजूद रहे।

## एपेक्स हॉस्पिटल को मिला हॉस्पिटल ऑफ द ईयर नॉन मेट्रो वेस्ट अवार्ड




निसं

**जयपुर ( नवयत्न )।** जयपुर के एपेक्स हॉस्पिटल समूह को दिल्ली में आयोजित वॉइस ऑफ हेल्थ केयर नेशनल हेल्थकेयर अवार्ड 2025 में हॉस्पिटल ऑफद ईयर नॉन मेट्रो-वेस्ट के प्रतिष्ठित अवार्ड से नवाजा गया है। एपेक्स समूह की ओर से क्लस्टर हेड ऋतुराज सिंह एवं शोकत अली ने यह सम्मान प्राप्त किया। हॉस्पिटल को यह पुरस्कार नॉन मेट्रो सिटीज में हेल्थकेयर में बढते कदम के लिए दिया गया है। गौरतलब है कि एपेक्स हॉस्पिटल अब राजस्थान से आगे निकालकर उत्तर प्रदेश में भी अपनी शाखाएं स्थापित कर रहा है। हॉस्पिटल समूह के चेयरमैन डॉ. एसबी झवर ने बताया कि एपेक्स हॉस्पिटल समूह विश्वसनीय हेल्थकेयर सेवाएं देने के लिए प्रतिबद्ध है एवं मरीज की सेवा को वे नारायण सेवा मानते हैं, यही वजह है कि समूह का इतना तेजी से विकास हो रहा है। झवर ने इस पुरस्कार को पूरे समूह के कार्मिकों के लिए उपलब्धि एवं और अधिक बेहतर करने की प्रेरणा देने वाला बताया।

# आमेर महल की दिव्य एवं भव्य छटा देखकर अभिभूत हुए राष्ट्रमंडल देशों के संसदीय प्रतिनिधि

निसं



**जयपुर ( नवयत्न )।** राष्ट्रमंडल देशों के 40 देशों से आए 120 सदस्यीय संसदीय प्रतिनिधिमंडल शनिवार को दो दिवसीय प्रवास पर जयपुर पहुंचा। जयपुर भ्रमण कार्यक्रम के अंतर्गत प्रतिनिधिमंडल ने विश्वविख्यात आमेर महल का भ्रमण किया। जहां इसकी दिव्य-ऐतिहासिक और भव्य छटा ने सभी प्रतिनिधियों को अभिभूत कर दिया। आमेर महल पहुंचने पर प्रतिनिधिमंडल का पारंपरिक राजस्थानी रीति-रिवाजों से भव्य एवं आत्मीय स्वागत किया गया। लोक वाद्य यंत्रों की मधुर ध्वनि, पारंपरिक आतिथ्य और राजस्थानी संस्कृति की जीवंत झलक ने विदेशी मेहमानों को विशेष रूप से आकर्षित किया। इसके पश्चात उच्च प्रशिक्षित एवं अनुभवी पर्यटक गाइड द्वारा प्रतिनिधिमंडल को आमेर महल के गौरवशाली इतिहास, राजपूत कालीन स्थापत्य कला तथा सांस्कृतिक महत्व की विस्तृत जानकारी दी गई। भ्रमण के दौरान प्रतिनिधिमंडल के सदस्यों ने दीवान-ए-आम, दीवान-ए-खास, 27 कचहरी, गणेश पोल, मुगल गार्डन एवं मान सिंह महल सहित आमेर दुर्ग के प्रमुख ऐतिहासिक स्थलों का अवलोकन किया। प्रतिनिधिमंडल के सदस्य विशेष रूप से शीश महल की अद्वितीय कारीगरी से अत्यंत प्रभावित नजर आए। शीश महल से मावठा सरोवर एवं केसर क्यारी बाग का मनोरम दृश्य देखकर प्रतिनिधि मंत्रमुग्ध हो गए और राजस्थान की समृद्ध स्थापत्य एवं शिल्प परंपरा की मुक्तकंठ से सराहना की। कई प्रतिनिधियों ने आमेर महल को भारत की सांस्कृतिक विरासत का जीवंत प्रतीक बताया। उल्लेखनीय है कि यह संसदीय प्रतिनिधिमंडल दो दिवसीय जयपुर प्रवास पर है। प्रतिनिधिमंडल में राष्ट्रमंडल देशों की विभिन्न विधायिकाओं के अध्यक्ष, सदस्य तथा उच्च स्तरीय संसदीय अधिकारी शामिल हैं। जयपुर आगमन पर प्रतिनिधिमंडल का स्वागत जयपुर अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर राजस्थान विधानसभा अध्यक्ष वासुदेव देवनानी द्वारा किया गया। जयपुर प्रवास के दौरान प्रतिनिधिमंडल द्वारा शहर की ऐतिहासिक, सांस्कृतिक एवं प्रशासनिक विशेषताओं से जुड़े अन्य स्थलों के भ्रमण का भी कार्यक्रम प्रस्तावित है, जिससे राजस्थान की गौरवशाली परंपरा और विकासशील दृष्टिकोण से अंतरराष्ट्रीय प्रतिनिधि और अधिक परिचित हो सकेंगे।

# वैदिक तर्कवाद से लोक संस्कृति के उत्थान में अग्रणी रहे सरस्वती : शर्मा

निसं




**बीकानेर ( नवयत्न )।** स्वामी दयानंद सरस्वती का उदय ऐसे समय में हुआ जब अंग्रेजी माध्यम से शिक्षित वर्ग लोक संस्कृति को पिछड़ी हुई मानकर तिरस्कृत करने में लगा हुआ था ऐसे समय में ऋषि मेलों, लोक गीतों में सुधारवादी दृष्टिकोण का विकास और शिक्षित महिलाओं को लोक से जोड़ने का काम दयानंद सरस्वती द्वारा किया गया। ये विचार एमजीएसयू के इतिहास विभाग की विभागाध्यक्ष डॉ मेघना शर्मा द्वारा जोधपुर के जय नारायण व्यास विश्वविद्यालय के इतिहास विभाग द्वारा आयोजित राजस्थान की लोक संस्कृति विभिन्न आयाम विषयक त्रिदिवसीय अंतर्राष्ट्रीय संगोष्ठी में व्यक्त किए गए। डॉ मेघना ने आगे कहा कि दयानंद ने लोक आचरण, लोक आस्थाओं, लोक परंपराओं को हूबहू स्वीकार करने के बजाय वैदिक तर्कवाद के मापदंड पर उन्हें तोलकर उनमें सुधार की संभावनाएं देखीं। लोक साहित्य खासकर लोक भाषाओं के उत्थान में दयानंद और आर्य समाज का विशेष योगदान रहा। संगोष्ठी के दूसरे दिन के प्रथम तकनीकी सत्र की अध्यक्षता भी डॉ मेघना द्वारा की गई। मंच पर सह अध्यक्ष के रूप में बनस्थली विद्यापीठ के इतिहास विभाग की विभागाध्यक्ष डॉ शिल्पी गुप्ता, सोफिया कॉलेज अजमेर के इतिहास विभाग की विभागाध्यक्ष डॉ पर्सिस लतिका दास व बेल्जियम की मारग्रेट योंकेरी शामिल रही। उल्लेखनीय है कि अंतर्राष्ट्रीय संगोष्ठी का उद्घाटन राजस्थान धरोहर प्राधिकरण के अध्यक्ष ओंकार सिंह लखावत द्वारा किया गया। अंतर्राष्ट्रीय संगोष्ठी के आयोजन सचिव डॉ ललित पंवार द्वारा सभी का मंच से धन्यवाद ज्ञापित किया गया।

## वंशिका शर्मा का किया सम्मान



निसं

**चिड़ावा ( नवयत्न )।** राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय जखोड़ा में शनिवार को तेज गणना के कई रिकॉर्ड बनाने वाली छात्रा वंशिका शर्मा का अभिनंदन किया गया। वंशिका ने बच्चों को अपने विचारों से प्रोत्साहित किया। वंशिका ने सभी बच्चों को एक दृढ़ निश्चय व लक्ष्य बनाकर लगातार मेहनत करने व बिना किसी डर भय के परीक्षा की तैयारी करने की बात कही। उसने अपना जीवन परिचय देते हुए जितने भी वर्ल्ड रिकॉर्ड और राष्ट्रीय रिकॉर्ड बनाए उनकी चर्चा की तथा अपने दोनों हाथों से एक साथ अलग-अलग गणना का प्रदर्शन किया। जिसमें बच्चों ने बहुत रूचि ली। वंशिका के पिता मनोज कुमार शर्मा व माता गायत्री शर्मा ने अपने विचार रखे। विद्यालय परिवार की ओर से प्रधानाचार्य राजवीर सिंह डूडी ने वंशिका शर्मा का साफा, अभिन्दन पत्र व स्मृति चिह्न देकर सम्मान किया। इस मौके पर विद्यालय का स्टाक व विद्यार्थी और एसडीएमसी सदस्य उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन उप प्रधानाचार्य कृष्ण गोपाल व मुनेष कुमारी ने किया।

## विद्युत विभाग की अनदेखी, जर्जर विद्युत पोल सड़क पर गिरा

निसं



**खेतड़ी ( नवयत्न )।** खेतड़ी उपखंड के राजोता में पुलिस चौकी के पास सड़क किनारे खड़ा एक जर्जर बिजली का पोल अचानक सड़क पर गिर गया। गनीमत रही कि उस समय सड़क से कोई वाहन नहीं गुजर रहा था, जिससे बड़ा हादसा टल गया। यह रास्ता स्कूलों, महाविद्यालय और पंचायत समिति से जुड़ा होने के कारण यहां दिनभर विद्यार्थियों और आमजन की आवाजाही बनी रहती है। पूर्व सरपंच जगदीश गुर्जर ने बताया कि सड़क किनारे खड़े इस जर्जर पोल की शिकायत कई बार विद्युत विभाग को की गई थी लेकिन विभाग ने इसे बदलने में कोई कार्रवाई नहीं हुई। विभागीय लापरवाही के चलते जर्जर पोल टूटकर गिर गया। उन्होंने कहा कि यदि उस समय कोई वाहन या राहगीर वहां होता तो जान-माल की बड़ी हानि हो सकती थी। घटना के समय वहां से गुजर रहे दिनेश कुमार गुर्जर ने बताया कि पोल अचानक गिरा, सौभाग्य से किसी को कोई नुकसान नहीं हुआ। वहीं भागीरथ गुर्जर ने इसे पीडब्ल्यूडी और विद्युत विभाग दोनों की लापरवाही बताते हुए कहा कि सड़क के सहारे खड़े कई पोल जर्जर अवस्था में हैं, जिनसे कभी भी दुर्घटना हो सकती है, लेकिन संबंधित विभाग इस ओर कोई ध्यान नहीं दे रहे हैं।

इस दौरान ग्रामीणों ने सड़क किनारे खड़े जर्जर बिजली के पोल बदलने की मांग की है।

# विकसित भारत जी राम जी अधिनियमों की जानकारी के लिए होगा प्रचार-प्रसार

संजय सोनी

**झुंझुनू ( नवयत्न )।** ग्रामीण रोजगार की दिशा में एक अप्रैल से एक बड़ा बदलाव होने जा रहा है। केंद्र सरकार मनरेगा को आधुनिक और डिजिटल रूप देते हुए विकसित भारत रोजगार एवं आजीविका मिशन लागू करने वाली है। इस योजना में कार्यस्थल के अक्षांश और देशांतर पोर्टल पर दर्ज होंगे। सैटेलाइट वाचिंग, जीपीएस मैपिंग और आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस का भरपूर उपयोग होगा, जिससे फर्जी मस्टररोल और कागजी कार्यों पर पूरी तरह लगाम लगेगी। काम पूरा होने के बाद वह लोकेशन सैटेलाइट इमेज में लॉक हो जाएगी, जिससे भविष्य मे उसी जगह दोबारा कार्य का फर्जी भुगतान नहीं होगा। नए कानून के तहत श्रमिकों को केवल मजदूरी नहीं बल्कि कौशल विकास का प्रशिक्षण दिया जा कर भूजल स्तर सुधार, कृषि, बुनियादी ढांचे को मजबूत करना आदि कच्चे काम कम और पक्के निर्माण कार्य अधिक होंगे। ग्रामीण बुनियादी ढांचा सुधार कार्यों का प्राथमिकता से प्रस्ताव बनाने से लेकर भुगतान तक की पूरी प्रक्रिया डिजिटल होगी। ग्राम सभा के प्रस्ताव सीधे युक्तिधारा पोर्टल पर अपलोड होंगे। पोर्टल से स्वीकृति मिलते ही आईडी जनरेट होगी, जो सीधे सिक्योर पोर्टल पर तकनीकी स्वीकृति के लिए जिला स्तर पर पहुंचेगी। जहा से जारी होने के बाद काम की सूचना पंजीकृत श्रमिक के मोबाइल पर पहुंचेगी। वीबी-जी राम जी योजना के तहत श्रमिको को 25 अतिरिक्त दिन का लाभ मिलकर 125 दिन का रोजगार उपलब्ध होगा। जिला परिषद के मुख्य कार्यकारी अधिकारी कैलाश चन्द्र यादव ने जिले के सभी विकास अधिकारियों को ग्राम पंचायतों में महात्मा गांधी नरेगा योजना के तहत निर्मित अमृत सरोवरों पर विकसित भारत जी राम जी अधिनियम 2025 के प्रमुख प्रावधानों और कानूनी अधिकारों के बारे में जागरूकता पैदा करने के लिए जनवरी माह में पोस्टर व बैनर के साथ चौपाल लगा कर चर्चा/सरोवर संवाद किया जाना है। जिसमें जनप्रतिनिधियों, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता, सहायका, सहयोगिनियों, राजस्थान ग्रामीण आजीविका मिशन से महिला स्वयं सहायता समूह के सदस्यों, राशन डीलरों, ग्रामीणों, श्रमिकों, महिलाओं, अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति के परिवारों, कमजोर समूहों आदि ग्रामीणों सहित सक्रिय भागीदारी के साथ चौपाल लगाकर संवाद का आयोजन किया जाकर पंचायत निर्णय ऐप के पर जियो टैग फोटो और वीडियोग्राफी के साथ-साथ कार्यवाही विवरण, प्रतिभागियों की संख्या, वास्तविक समय में अमृत सरोवर मोबाइल एप्लिकेशन पर जनवरी माह में अपलोड करने के निर्देश दिए गए है।

## संपर्क, संवाद - सलाह कार्यक्रम आयोजित

जयशंकर जांगिड़



**झुंझुनू ( नवयत्न )।** फोर्टिस हॉस्पिटल, जयपुर द्वारा संपर्क, संवाद - सलाह कार्यक्रम का आयोजन शनिवार को गाडिया टॉउन हॉल में किया गया। कार्यक्रम को लोगों का भरपूर समर्थन मिला। कार्यक्रम में 400 से अधिक लोगों ने सहभागिता की जबकि 50 से अधिक मरीजों को नि:शुल्क परामर्श और विशेषज्ञ मार्गदर्शन प्रदान किया गया। मुख्य वक्ता डॉ अनुप झुराणी, सीनियर डायरेक्टर - रोबोटिक्स जॉइंट रिप्लेसमेंट सर्जरी ने आर्थराइटिस एवं जॉइंट दर्द के आधुनिक इलाज, रोबोटिक सर्जरी के लाभ और समय पर जांच की जरूरत पर महत्वपूर्ण जानकारी साझा की। इस आयोजन की जानकारी फोर्टिस हॉस्पिटल के संजय अग्रवाल द्वारा प्रदान की गई। जिन्होंने बताया कि कार्यक्रम का उद्देश्य उपचार की नवीन तकनीकों से लोगों को अवगत कराना और मरीजों को सही मार्गदर्शन देना था। स्थानीय नागरिकों, वरिष्ठ जनों तथा जॉइंट पेन से परेशान बड़ी संख्या में मरीजों ने उपयोगी जानकारी प्राप्त की और कई लोगों ने आगे की जांच हेतु पंजीकरण भी कराया। आयोजकों ने सहभागिता और समर्थन देने के लिए नागरिकों को धन्यवाद दिया और भविष्य में भी ऐसे उपयोगी कार्यक्रम आयोजित करने की बात कही।

## बहन ने लगाया भाई की हत्या का आरोप

निसं

**रतनगढ़ (नवयत्न)।** रतनगढ़ क्षेत्र में 15 जनवरी को पेड़ पर फंदे से लटके हुए मिले शव में परिजनों ने हत्या की आशंका जताई है। पाली की रहने वाली मृतक की बहन 3 सुरजा देवी ने पुलिस थाने में दी रिपोर्ट में उल्लेख किया है कि जालौर जिले के आहोर निवासी उसका बड़ा भाई श्रवण लुहार पिछले चार साल से रतनगढ़ में अपने ससुराल में रहकर मजदूरी कर रहा था। 15 जनवरी को उसे सूचना मिली कि उसके भाई ने फांसी लगा ली है, जिससे उसकी मौत हो गई। बहन ने रिपोर्ट में शंका जताई है कि उसके भाई को ससुराल पक्ष के लोगों ने मारने का प्रयास किया है तथा उसकी हत्या कर सकते हैं।

## राष्ट्रीय युवा दिवस के साप्ताहिक कार्यक्रम का समापन



निसं

**नोखा ( नवयत्न )।** मांगीलाल बागड़ी राजकीय महाविद्यालय, नोखा के प्राचार्य डॉ. रनवीर सिंह ने बताया कि महाविद्यालय में राष्ट्रीय सेवा योजना की दोनों इकाईयो के सयुंक्त तत्वाधान में स्वामी विवेकानन्द की जयन्ती के उपलक्ष्य में आयोजित राष्ट्रीय युवा दिवस साप्ताहिक कार्यक्रम का समापन किया गया। जिसमें स्वामी विवेकानन्द के जीवन एवं विचारो पर विस्तृत व्याख्यान दिया गया एवं उनके विचारों को जीवन में अपनाने का आवाह्न किया गया। राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई द्वितीय के कार्यक्रम अधिकारी नरेन्द्र बैरवा ने बताया कि साप्ताहिक कार्यक्रम के समापन समारोह की शुरूआत राष्ट्रीय गीत वन्देमातरम् से की गई तत्पश्चात स्वामी विवेकानन्द के जीवन एवं विचारो पर चर्चा करते हुए बताया कि किस प्रकार स्वामी विवेकानन्द ने अपने ज्ञान, आध्यात्मिकता और सकारात्मक सोच से भारत को समुचे विश्व में नई पहचान दी एवं हर उम्र के लोगो को जीवन में आगे बढ़ने का मार्ग दिखाया उनके विचार मनुष्य को आत्मविश्वास, साहस, कर्त्तव्य एवं मानवता का महत्व समझाते हैं उनका कहना था कि जो व्यक्ति अपने कर्त्तव्य के प्रति हमेशा समर्पित रहता हैं वह हर कठिनाई को पार कर सफलता का मार्ग बना लेता हैं। इसी के साथ साप्ताहिक कार्यक्रम के दौरान आयोजित निबन्ध एवं पोस्टर प्रतियोगिताओं के विजेता प्रेरणा शर्मा, पंकज भार्गव, राधा रांकावत, अनिसा, शिया सैन, अमन गिरी, पूनमचन्द हुड्डा, शिव एवं निधि पारीक को प्राचार्य द्वारा प्रमाण-पत्र देकर सम्मानित किया गया। अन्त में कार्यक्रम को राष्ट्रीयगान के साथ सम्पन्न किया गया। कार्यक्रम के दौरान महाविद्यालय के संकाय सदस्य डॉ. मुकेश शर्मा, डॉ. रामकिसन चौधरी, डॉ. सुमन कविया, कादम्बारी व्यास, महेन्द्र सिंह व मदन गोपाल उपस्थित रहे।

# राष्ट्रीय युवा दिवस के साप्ताहिक कार्यक्रम का समापन

निसं



**सांडवा ( नवयत्न )।** राजकीय कन्या महाविद्यालय सांडवा में स्वामी विवेकानंद जी की जयंती के उपलक्ष्य में राष्ट्रीय युवा दिवस के साप्ताहिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इंचार्ज शशांक नवल लैब अटेंडेंट व अतिथि सहायक आचार्य डॉ. विनोद जांगड़ा ने जानकारी देते हुए बताया कि ये साप्ताहिक कार्यक्रम नोडल प्राचार्य विनीता चौधरी के मार्गदर्शन में आयोजित किए गए। इस कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास, चरित्र निर्माण, राष्ट्रभक्ति तथा नैतिक मूल्यों का संवर्धन एवं युवाओं को स्वदेशी मूल्यों आत्मनिर्भर भारत, शारीरिक फिटनेस और राष्ट्रीय एकता के प्रति जागरूक करना है। साप्ताहिक कार्यक्रम में स्वदेशी संकल्प दौड़ और सामाजिक सेवा एवं युवा शक्ति पर जागरूकता रैली निकली, युवाओं के लिए स्वामी विवेकानन्द जी के विचारों और कथनों पर भाषण, वाददृविवाद, कविता पाठ, निबंध लेखन, पोस्टर मेकिंग, स्लोगन लेखन, चित्रकला प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इन प्रतियोगिताओं में निर्णायक की भूमिका मुकेश स्वामी और भव्य सोनी ने निभाई। डॉ. प्रेरणा जैन ने छात्राओं को योग एवं ध्यान करवाया तथा दैनिक जीवन नैतिक मूल्यों एवं आत्मविश्वास पर व्याख्यान दिया। साप्ताहिक कार्यक्रम के समापन समारोह में डॉ. प्रभु शर्मा ने छात्राओं को संबोधित करते हुए कहा कि विद्यार्थियों को अपने जीवन में स्वामी विवेकानन्द के विचारों से सिख लेकर अनुशासन, आत्मविश्वास के साथ लक्ष्य प्राप्ति तक कड़ी मेहनत करनी चाहिए। साप्ताहिक कार्यक्रम का समापन राष्ट्रगान के साथ किया गया। इस मौके पर महाविद्यालय के स्टाफ सदस्य राजेश कुमार, विष्णु कुमार शर्मा आदि व सभी छात्राएं उपस्थित रहे।

### साप्ताहिक कार्यक्रम की प्रतियोगिता के परिणाम

संकल्प दौड़ में प्रथम स्थान सुमन पुनिया, द्वितीय स्थान मनीषा हुड्डा व तृतीय स्थान पर निरमा मेघवाल रही, भाषण प्रतियोगिता में प्रथम स्थान अक्सा प्रवीण, द्वितीय स्थान मनीषा हुड्डा व तृतीय स्थान मनीषा हुड्डा रही तथा निबंध लेखन में प्रथम स्थान अनीता मेघवाल, द्वितीय स्थान निरमा प्रजापत व तृतीय स्थान पर पूजा रही, कविता पाठ में प्रथम स्थान निरमा प्रजापत, द्वितीय स्थान मोनिका दुसाद व तृतीय स्थान पर पुष्पा मेघवाल और स्लोगन लेखन में प्रथम स्थान पुष्पा मेघवाल, द्वितीय स्थान रतना मेघवाल व तृतीय स्थान पर संयुक्त रूप से राजबाला और कुमकुम नाई तथा पोस्टर मेकिंग में प्रथम स्थान पर प्रियंका जांगिड़, द्वितीय स्थान पर अनीता मेघवाल व तृतीय स्थान पर प्रियंका प्रजापत रही तथा योग प्रतियोगिता में प्रथम स्थान पर बबीता स्वामी, द्वितीय स्थान पर प्रियंका प्रजापत व तृतीय स्थान पर पूजा पुनिया रही।

# संविधान द्वारा प्रदत्त अधिकारों की सही जानकारी ही सशक्त नागरिकता की नींव : व्यास

निसं



**चूरू ( नवयत्न )।** जिला विधिक सेवा प्राधिकरण अध्यक्ष जिला एवं सेशन न्यायाधीश सोनिका पुरोहित तथा जिला विधिक सेवा प्राधिकरण सचिव डॉ. शरद कुमार व्यास के निर्देशानुसार शनिवार को जिला मुख्यालय के निकटवर्ती लक्ष्मीपत सिंघानिया अकादमी में विधिक जागरूकता क्लब के अन्तर्गत अंतर-विद्यालय प्रतियोगिता आयोजित की गई। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण सचिव डॉ. शरद कुमार व्यास ने प्रतियोगिता का पर्यवेक्षण किया। सचिव डॉ. व्यास ने कहा कि संविधान द्वारा प्रदत्त अधिकारों की सही जानकारी ही सशक्त नागरिकता की नींव है। विधिक साक्षरता आज के समय की आवश्यकता है। विद्यार्थियों को प्रारंभिक स्तर से ही संविधान, मौलिक अधिकारों एवं कर्तव्यों की जानकारी देना समाज में न्याय, समानता और कानून के प्रति सम्मान की भावना विकसित करता है। उन्होंने कहा कि विधिक जागरूकता क्लब के माध्यम से विद्यार्थियों को कानून से जुड़ी बुनियादी जानकारियां प्रदान कर उन्हें जिम्मेदार नागरिक बनाने का प्रयास किया जा रहा है। उन्होंने बच्चों को प्रोत्साहित करते हुए बताया की सार्वजनिक भाषण अत्यंत महत्वपूर्ण कौशल है। इससे आत्मविश्वास बढ़ता है और अपने विचार प्रभावी ढंग से व्यक्त करने की क्षमता विकसित होती है तथा यह भी कहा की हमेशा आगे बढ़ते रहेंए सीखते रहें और अपने सपनों को साकार करने के लिए निरंतर प्रयास करते रहें। सचिव डॉ. शरद कुमार व्यास ने बताया कि इस क्लब के माध्यम से छात्रों को बुनियादी विधिक जानकारियां उपलब्ध करवा, जाने हेतु विद्यालयी स्तर विभिन्न अंतर विद्यालयी प्रतियोगिताओं एवं गतिविधियों का आयोजन किया जाकर छात्रों को विधिक रूप से जागरूक किया जा रहा है। इस क्रम में शनिवार को चतुर्थ अन्तर-विद्यालयी प्रतियोगिता आयोजित की गई। प्रतियोगिता में कुल 65 विद्यार्थियों ने भाग लिया। आयोजित प्रतियोगिताओं में वाद-विवाद प्रतियोगिता का विषय भारत सच्चे अर्थों में एक लोकतांत्रिक देश है, पोस्टर एवं निबंध लेखन का विषय शिक्षा प्राप्त करने का अधिकार : एक मूल अधिकार, भाषण प्रतियोगिता का विषय हमारे संवैधानिक आदर्श तथा लघुनाटिका प्रतियोगिता का विषय शिक्षा का जीवन में महत्व रहा। प्रधानाचार्य दीपक पुरोहित ने अतिथियों का स्वागत किया और सह-शैक्षिक गतिविधियों में विद्यार्थियों की समुचित भागीदारी पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि सह-शैक्षिक गतिविधियां विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती हैं। उन्होंने जिला विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा किए जा रहे प्रयासों की सराहना करते हुए कहा कि ऐसे कार्यक्रमों से विद्यार्थियों में कानून के प्रति सकारात्मक दृष्टिकोण विकसित होता है।

प्रतियोगिताओं के निर्धायक के रूप में असिस्टेंट एलएडीसीएस प्रकाश वर्मा, प्रियंका व मेघना रांकावत मौजूद रहे। इस अवसर पर क्लब इंचार्ज रमेश कुमार कुमावत, सुमन नैण, आशुतोष गांगुली, रामजीलाल गिल, उषा शर्मा, पवन कुमार जोशी, रामप्रताप बुडानिया, दमयंती शर्मा आदि मौजूद रहे। संचालन यशस्विनी झा एवं दीक्षा गोठवाल ने किया।

## एबीवीपी ने निकाली शोभायात्रा




निसं

**रतनगढ़ ( नवयत्न )।** रतनगढ़ में अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद नगर इकाई द्वारा स्वामी विवेकानंद जयंती के अवसर पर चल रहे युवा पखवाड़े के तहत राष्ट्र निर्माण में युवाओ की भागीदारी शोभायात्रा आयोजन किया गया। शोभायात्रा का शुभारंभ ताल बालाजी मंदिर बस स्टैंड से धानुका कुवां तक किया गया। शोभायात्रा में एबीवीपी के राष्ट्रीय कार्यकारिणी सदस्य एवं विभाग संयोजक उत्तम चौधरी सहित विद्यार्थियों एव युवाओं ने भाग लिया। इस अवसर पर उत्तम चौधरी ने कहा कि स्वामी विवेकानंद के विचार आज के युवाओं के लिए प्रेरणास्त्रोत हैं और उनके बताए मार्ग पर चलकर युवा राष्ट्र निर्माण में महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकते हैं। विभाग छात्रा प्रमुख रमा शेखावत ने कहा कि कार्यक्रम का उद्देश्य युवाओं में राष्ट्रभक्ति, आत्मविश्वास एवं चरित्र निर्माण की भावना को जागृत करना रहा। शोभायात्रा का समापन धानुका चौक के प्रांगण में करते हुए प्रांत कार्यकारिणी सदस्य पुनीता चौमाल ने बताया कि शोभायात्रा में युवाओ में उत्साह देखने को मिला। नगर अध्यक्ष राजकुमार स्वामी ने सभी का आभार व्यक्त किया। इस दौरान जिला संयोजक जय सिंह राठौड़, प्रांत कार्य कारिणी सदस्य राम रतन सिहाग, नगर सह मंत्री तनिशा उपाध्याय, गोविंद सिंह, खुशी शर्मा, पलक सोनी व मनोज बच्चन सिंह आदि परिषद के कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## श्रीमद् भागवत कथा जारी



निसं

**चिड़ासन ( नवयत्न )।** क्षेत्र के लोयल गांव में सार्वजनिक साप्ताहिक संगीत मय श्रीमद् भागवत कथा का आयोजन शनिवार को शुभारंभ हुआ। संयोजक मुरारी लाल सुपुत्र मातादीन ने बताया कि शनिवार को श्रीमद् भागवत कथा का सुबह शुभारम्भ हुआ। मुख्य यजमान मुरारी लाल थे। पंडित कपिल शास्त्री की मंडली द्वारा पंचम दिवस की सुंदर कथा का रसपान किया जिनमें पूजन आचार्य पंडित राम गोपाल शास्त्री, पंडित अजय शास्त्री, पं. प्रध्युमन, पं. अशोक पूरी मंडली द्वारा सुंदर कथा का रसपान करवाया गया। जिसमें श्री गणपति म्यूजिक सिस्टम लोयल बुधराम जांगिड़ द्वारा स्वर लहरी में म्यूजिक से आवाज प्रस्तुति दी गई। मातादीन लोयल के परिवार की तरफ से उनके सुपुत्रों मुरारी लाल, प्रकाश, गिरधारीलाल एवं राजेश लोयल द्वारा खारिया कुआँ के श्री हनुमान मंदिर के प्रांगण में आयोजन किया गया। इस मौके पर श्रीमद् भागवत कथा सुनने वाले ग्रामीणों की खारिया बालाजी मंदिर पर भीड़ उमड़ पड़ी। सभी लोगों ने अंतिम समय आरती में भाग लिया। आरती में सम्मिलित होकर दान पुण्य किया।

## जरूरतमंद व्यक्तियों को स्वेटर व कंबल वितरित



निसं

**राजलदेसर ( नवयत्न )।** राजलदेसर कस्बे की सामाजिक संस्था राजाणा मिट्टी प्रेमी सेवा समिति की ओर से एवं भामाशाह ईश्वरचंद अग्रवाल, प्रदीप कुंडलिया के आर्थिक सौजन्य से श्रीनाथ नगर गौशाला में कंबल वितरण का कार्यक्रम आयोजित किया गया जिसमें जैन श्वेतांबर तेरापंथी सभा के अध्यक्ष राजकरण विनायक, सामाजिक कार्यकर्ता विनोद पारीक, समाजसेवी पूनम चंद्र गर्ग, भजनलाल पारीक, भाजपा जिला प्रवक्ता पवन बोथरा, नंदलाल भाटी, तुलसीराम पांडे, गौशाला के मंत्री गोरखाराम पांडे के सानिध्य में कार्यक्रम आयोजित किया गया जिसमें राजाणा मिट्टी प्रेमी सेवा समिति के भजन लाल पारीक ने कहा जरूरतमंदों की सेवा करना ही समिति का उद्देश्य है वर्तमान में कड़ाके की सर्दी को देखते हुए राजलदेसर कस्बे के भामाशाह ईश्वर चंद्र अग्रवाल प्रदीप कुंडलिया के द्वारा 250 कंबल 150 स्वेटर वितरित की गई। कार्यक्रम में विनोद पारीक ने बताया समिति के द्वारा प्रतिवर्ष जरूरतमंद परिवार जनों को गर्म वस्त्र वितरण किए जाते हैं। इसके अलावा जरूरतमंद परिवार को मकान का निर्माण करवाया जा रहा है अति शीघ्र ही तैयार होने वाला है। इस अवसर पर गौशाला के मंत्री गोरखाराम पांडे ने राजाणा मिट्टी प्रेमी संस्था का आभार जताते हुए भविष्य में इसी तरह से सहयोग करने की कामना की। कार्यक्रम में भगवानाराम कुचेरिया, भुवनेश्वर शर्मा, अभय सोनी, पवन मारू, राजेंद्र शर्मा आदि उपस्थित रहे।

## गौ सेवार्थ मानस व्याख्यान आज से

निसं

**रतनगढ़ ( नवयत्न )।** श्री महावीर सेवा संस्थान व श्री श्याम गौशाला समिति के तत्वावधान में श्री संकट मोचन बालाजी धाम के प्रांगण में गौ सेवार्थ श्रीराम चरित मानस का पंच दिवसीय व्याख्यान 18 से 22 जनवरी तक होगा। समिति के सदस्य नरेंद्र झंवर ने बताया कि मानस का संगीतमय व्याख्या गनेड़ी धाम के संत योगी निवृत्तिनाथ कृष्णा महाराज करेंगे। व्याख्यान का समय दोपहर एक से चार बजे तक रखा गया है। धर्म श्रद्धालुओं के लिए बस स्टैंड, अशोक स्तंभ एसूर्य सिनेमा, घंटाघर व रामचंद्र पार्क से कथा स्थल तक निःशुल्क वाहन व्यवस्था रहेगी।

# भारत रिन्यूएबल एक्सपो : लूम सोलर का इंटीग्रेटेड सोलर-स्टोरेज सॉल्यूशन्स पर फोकस

निसं



**जयपुर ( नवयत्न )।** लूम सोलर देश की सबसे तेजी से ग्रो करने वाली सोलर सॉल्यूशन्स मैन्युफैक्चरिंग कंपनियों में से एक है। जो भारत रिन्यू, बल एक्सपो 2026 में भाग ले रही है। यह एक्सपो वीटी ग्राउंड मानसरोवर जयपुर में आयोजित किया जा रहा है। इस एक्सपो में लूम सोलर यह दर्शा रही है कि कैसे इंटीग्रेटेड सोलर और बैटरी एनर्जी स्टोरेज सॉल्यूशन्स बीईएसएस कमर्शियल, रेजिडेंशियल, एग्रीकल्चर, इंस्टीट्यूशनल और यूटिलिटी-स्केल एप्लिकेशन्स में अनइंटरप्टेड, स्केलेबल और फ्यूचर-रेडी पावर प्रदान कर सकते हैं। लूम सोलर को फाउंडर एवं डायरेक्टर अमोद आनंद ने कहा कि भारत की सोलर जर्नी अब अपने नेक्स्ट फेज में प्रवेश कर चुकी है। जहां केवल पावर जनरेशन पर्याप्त नहीं है। रिलायबिलिटी, एनर्जी स्टोरेज और इंटेलिजेंट एनर्जी मैनेजमेंट अब इस बात के केंद्र में हैं कि क्लीन पावर कैसे कंज्यूम की जाती है।

लूम सोलर में, हम ऐसे इंटीग्रेटेड सोलर और बैटरी एनर्जी स्टोरेज सॉल्यूशन्स विकसित करने पर फोकस कर रहे हैं, जो होम्स, कमर्शियल और इंडस्ट्रियल यूनिट्स, फार्म्स और यूटिलिटी-स्केल सेगमेंट्स में अनइंटरप्टेड पावर डिलीवर करें।

## पानी की समस्या से परेशान लोगों में लगाया जाम



निसं

**रतनगढ़ ( नवयत्न )।** रतनगढ़ में वार्ड संख्या दो, तीन व पांच के करीब 100 घरों में पानी की समस्या से जूझ रहे लोगों का सब्र टूट गया तथा आक्रोशित लोगों ने सड़क पर बैठकर जाम लगा दिया। घटना की सूचना पर कांग्रेस नेता कल्याणसिंह शेखावत एवं रामवीरसिंह राईका मौके पर पहुंचे तथा आक्रोशित लोगों से वार्ता की। कांग्रेस नेता शेखावत ने विभाग के अधिकारियों से बात कर समस्या से अवगत करवाया, जिस पर एक्सईएन ने मौके पर जेईएन को भेजने का आश्वासन दिया। मामले के अनुसार चमड़ियों की ढाणी में शहर के वार्ड संख्या दो, तीन व पांच के लोग निवास करते हैं। इस क्षेत्र में लंबे समय से पानी की समस्या बनी हुई है, जिससे करीब 100 से अधिक उपभोक्ता परेशान है। इस समस्या से समय-समय पर मोहल्ले के लोगों ने विभाग को अवगत करवाया, जिस पर एक-दो दिन तक पानी की आपूर्ति सुचारू रहती है लेकिन उसके बाद समस्या ज्यों की त्यों बन जाती है। ऐसा ही मामला करीब पांच दिन पहले देखने को मिला, जब इस क्षेत्र के लोगों ने जलदाय विभाग के एक्सईएन कार्यालय का घेराव किया तो दो दिन तक पानी की आपूर्ति सुचारू रूप से हुई लेकिन अब समस्या पुनः गहरा गई है। समस्या से परेशान दर्जनों महिला व पुरुष शहर को मेगा हाइवे से जोड़ने वाले मार्ग पर धरने पर बैठ गए तथा विभाग के प्रति नारेबाजी जताते हुए अपना आक्रोश जताया।

# अल्ट्रा वाइब्रेंट और लिथिना ने प्रदर्शित किया भविष्य का एनर्जी मॉडल

निसं



**जयपुर ( नवयत्न )।** भारत रिन्यूएबल एक्सपो 3.0 में अल्ट्रा वाइब्रेंट सोलर एनर्जी प्रा. लि. ने अपनी सिस्टर कंपनी लिथिना एनर्जी सॉल्यूशंस के साथ मिलकर इंटीग्रेटेड क्लीन एनर्जी क्षमताओं का प्रभावशाली प्रदर्शन किया। राजस्थान के मुख्यमंत्री श्री भजन लाल शर्मा द्वारा उद्घाटित इस एक्सपो में दोनों कंपनियों ने खुद को औद्योगिक व इंफ्रास्ट्रक्चर सेक्टर्स के लिए सिंगल-विंडो क्लीन एनर्जी सॉल्यूशन प्रोवाइडर के रूप में प्रस्तुत किया। अल्ट्रा वाइब्रेंट सोलर एनर्जी ने कमर्शियल व इंडस्ट्रियल सोलर इंस्टॉलेशंस, यूटिलिटी-स्केल ईपीसीए हाइब्रिड रिन्यूएबल सिस्टम्स और एनर्जी ऑडिट से लेकर डिजाइन, ईपीसी डिलीवरी व परफॉर्मेंस ऑप्टिमाइजेशन तक की एंड-टू-एंड विशेषज्ञता दिखाई। वहीं लिथिना एनर्जी सॉल्यूशंस ने एडवांस्ड बैटरी एनर्जी स्टोरेज सिस्टम्स, स्टेशनरी पावर एप्लिकेशंस और इलेक्ट्रिक मोबिलिटी को सपोर्ट करने वाली टेक्नोलॉजीज का प्रदर्शन किया। कंपनी फाउंडर राजेश्वर सिंह राजपुरोहित ने इंटीग्रेटेड सोलर-स्टोरेज सिस्टम्स की बढ़ती जरूरत और विश्वसनीय एनर्जी इंफ्रास्ट्रक्चर पर जोर दिया। लिथिना एनर्जी सॉल्यूशंस के फ्राउंडर सय्यम छंगानी ने पीक शेविंग, लोड शिफ्टिंग, बैकअप पावर, ग्रिड सपोर्ट और ईवी ट्रांजिशन में एनर्जी स्टोरेज की निर्णायक भूमिका बताई। एक्सपो का समापन सफल रहा। जहां नीति-निर्माताओं, उद्योग और निवेशकों की भागीदारी के बीच सिस्टम इंटीग्रेशन, विश्वसनीयता और दीर्घकालिक वैल्यू क्रिएशन पर फोकस उभरा। दोनों कंपनियों ने भारत के क्लीन एनर्जी लक्ष्यों के लिए भरोसेमंद और भविष्य.उन्मुख साझेदार के रूप में अपनी स्थिति मजबूत की।

## स्वायत्त शासन मंत्री खर्रा को सौंपा ज्ञापन



निसं

**सूरजगढ़ (नवयत्न)।** कस्बे के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पर सुविधा विस्तार को लेकर सामाजिक संगठन जीवन ज्योति रक्षा समिति द्वारा स्वायत्त शासन मंत्री झाबर सिंह खर्रा को ज्ञापन सौंपा गया। शनिवार को जीवन ज्योति रक्षा समिति संरक्षक सज्जन अग्रवाल के नेतृत्व में स्वदेशी मेले के उद्घाटन समारोह में पधारे स्वायत्त शासन मंत्री झाबर सिंह खर्रा को ज्ञापन सौंपकर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र को 30 बेड से 100 बेड में क्रमोन्नत करवाने की मांग रखी। इस मौके पर समिति अध्यक्ष डॉ रवि शर्मा, सचिव बलवान भास्कर, सूचना मंत्री रविन्द्र सांगवान, संचालक अशोक जांगिड़ सहित समिति सदस्य उपस्थित रहे।

## राजकीय महाविद्यालय में वार्षिकोत्सव 20 को

हर्ष सोनी

**झुंझुनू ( नवयत्न )।** श्री राधेश्याम आर मोरारका राजकीय महाविद्यालय, झुंझुनू में 20 जनवरी को सुबह 11 बजे वार्षिकोत्सव एवं पुरस्कार वितरण समारोह उत्सव का आयोजन किया जाएगा। महाविद्यालय के प्राचार्य प्रो. सुरेन्द्र सिंह ने बताया कि समारोह के मुख्य अतिथि विधायक राजेन्द्र भाम्बू होंगे। समारोह के दौरान शैक्षणिक, सह-शैक्षणिक एवं पाठ्येतर गतिविधियों में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को पुरस्कार प्रदान किए जाएंगे। कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों को प्रोत्साहित करना तथा उनमें प्रतिस्पर्धात्मक और सृजनात्मक भावना का विकास करना है। इस अवसर पर राज्य बजट घोषणा के बिन्दु संख्या 30 के अंतर्गत विद्यार्थियों के लिए वाचनालय/रीडिंग रूम तथा महाविद्यालय में ऑनलाइन व्याख्यान रिकॉर्डिंग सुविधायुक्त स्मार्ट कक्षा कक्ष का उद्घाटन भी किया जाएगा।

## पशुधन निरीक्षकों को दिया प्रशिक्षण



निसं

**लाडनूं ( नवयत्न )।** श्री सोहनलाल दुगड़ राजकीय बहु उद्देशीय पशु चिकित्सालय में शनिवार को डिप्टी डायरेक्टर डॉ. हरकेश दानोदिया ने तहसील स्तरीय चिकित्सकों एवं कर्मचारियों की बैठक लेकर प्रशिक्षण प्रदान किया। डॉ. दानोदिया ने पशु पालकों से फील्ड में आने वाली समस्याओं और उनके समाधान के बारे में चर्चा की। उन्होंने पशुओं की दवाईयों के स्टॉक और हॉस्पिटल में आने वाले बीमार पशुओ ईलाज के बारे में विशेष निर्देश दिए हैं। इस अवसर डॉ. दानोनिया ने कहा कि तहसील में नव नियुक्त पशुधन निरीक्षको को प्रशिक्षण प्रदान किया गया है। साथ ही उन्हें पशुओं का स्वास्थ्य रिकॉर्ड रखने, घर बैठे इमरजेंसी सहायता के लिए हेल्प लाईन नंबर 1962 पर कॉल करने, मुख्यमंत्री मंगला बीमा योजना के अंतर्गत जनाधार से अपने भेड़ बकरियों का निःशुल्क बीमा करवाने के बारे में विस्तार से बताया। इस दौरान डॉ. तपेंद्र, डॉ. सिद्धार्थ काजला पशु प्रसार अधिकारी जुगल किशोर जांगिड़, वरिष्ठ सहायक रिखलेश सिंह, पशु परिचर कोमल गौड़, सुरेश ढ़ाका, पशुधन निरीक्षक लोकेंद्र सिंह, सोनू धैड़ू, पिंकी मेहरिया आदि मौजूद रहे।

# खेजड़ी की कटाई रोकने के लिए कानून बनाने को लेकर मुख्यमंत्री से मिला प्रतिनिधिमण्डल

निसं




**नोखा ( नवयत्न )।** जयपुर में मुख्यमंत्री कार्यालय में माननीय मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा से प्रतिनिधिमंडल के रूप में मुलाकात की और बीकानेर मुख्यालय पर लंबे समय से गोचर को बीकानेर विकास प्राधिकरण में शामिल करते हुए उसकी किस्म बदलने की बात पर चल रहे असमंजस और प्रदेश भर में खेजड़ी पेड़ों की होने वाली कटाई पर प्रतिबंध हेतु कठोर कानून बनाने की बात को लेकर चर्चा हुई। गोचर और खेजड़ी जैसे महत्वपूर्ण विषय पर माननीय मुख्यमंत्री ने दृढ़ता से गोचर संरक्षण की बात की और किसी भी कीमत पर गायों की गोचर का दूसरा उपयोग नहीं होगा ना उसकी किस्म बदली जाएगी इस बात का समस्त गो प्रेमियों, संत समाज और सर्व समाज को विश्वास दिलाया । साथ ही खेजड़ी कटाई जैसे महत्वपूर्ण विषय पर समस्त पर्यावरण प्रेमियों और संत समाज को आश्वस्त किया कि सरकार इस पर भारी जुर्माने सहित कई कठोर प्रावधानों वाला कानून बनाने जा रही है। अन्य प्रदेशों के इस तरह के कानूनी प्रावधानों का प्रदेश के विधि विभाग में विधि विशेषज्ञों द्वारा परीक्षण चल रहा है यह पूर्ण होते ही सरकार कैबिनेट में इसकी मंजूरी लेते हुए सदन में विधेयक लाकर कानून बनाएगी। प्रतिनिधिमंडल में विधायक डॉ. विश्वनाथ मेघवाल, विधायक अंशुमान सिंह भाटी, विधायक ताराचंद सारस्वत, विधायक पब्बाराम बिश्नोई, जीव जंतु कल्याण बोर्ड अध्यक्ष जसवंत सिंह बिश्नोई, भाजपा प्रदेश उपाध्यक्ष बिहारीलाल बिश्नोई, भाजपा जिलाध्यक्ष श्याम पंचारिया शामिल रहे।

प्रतिनिधिमंडल ने मुख्यमंत्री से मिलने से पूर्व उक्त दोनों महत्वपूर्ण विषयो पर बीकानेर पूर्व व पश्चिम विधायक सिद्धि कुमारी व जेठानंद व्यास व शहर जिलाध्यक्ष सुमन छाजेड से भी चर्चा की । प्रतिनिधिमंडल की वार्ता के दौरान राजस्थान मुख्य सचिव वी श्रीनिवासन, अतिरिक्त मुख्य सचिव अखिल अरोड़ा व शिखर अग्रवाल उपस्थित रहे।

# अवैध निर्माण पर निगम की सख्ती, पांच भवन-दुकानें सीज

निसं


"सीजर आदेश"

**जयपुर ( नवयत्न )।** नगर निगम जयपुर ने शहर में बढ़ते अवैध निर्माणों के खिलाफ कार्रवाई तेज कर दी है। इसी क्रम में किशनपोल जोन में शनिवार को बड़ी कार्रवाई करते हुए 5 अवैध भवनों व दुकानों को सीज किया गया। यह कार्रवाई भवन उपविधियों और स्वीकृत मानचित्रों की अनदेखी के बावजूद निर्माण जारी रखने पर की गई। उपायुक्त विजेन्द्र सिंह के निर्देश पर राजस्व अधिकारी सुनील कुमार के नेतृत्व में निगम की जोन टीम ने पुलिस जाब्ते के साथ संयुक्त कार्रवाई की। निरीक्षण के दौरान पाया गया कि संबंधित स्थानों पर हैरिटेज बायलॉज और स्वीकृत नक्शों के विपरीत अतिरिक्त मंजिलों का निर्माण किया गया था। पूर्व में नोटिस जारी होने के बावजूद निर्माण नहीं रोके जाने पर निगम ने सख्त कदम उठाया। इन संपत्तियों पर की गई कार्रवाई : निजाम, मकान संख्या 2836, जोगियों का टीबा, मेहरी की नदी, रामगंज बाजार: हैरिटेज बायलॉज के विरुद्ध जी4 मंजिल का निर्माण। सलीम खान पुत्र रमजान व अन्यए मकान संख्या 2830-40 व 41-43, जोगियों का टीबा: जी3 मंजिल का अवैध निर्माण। इरफान, मकान संख्या 2839, जोगियों का टीबारू बिना अनुमति जी1 मंजिल का निर्माण। रिजवान/सलीम, मकान संख्या 2906, मेहरी की नदीरू ग्राउंड फ्लोर पर व्यावसायिक निर्माण व बिना स्वीकृति जी2 मंजिल। फरखुद्दीन, मकान संख्या 25, पेंटर कॉलोनी, चुकार नाहरों का नाका: बिना अनुमति व्यावसायिक जी2 मंजिल का निर्माण। नगर निगम आयुक्त डॉ. गौरव सैनी ने स्पष्ट किया कि शहर में किसी भी तरह का अवैध निर्माण बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। नियमों की अनदेखी करने वालों के खिलाफ आगे भी इसी तरह की कठोर कार्रवाई जारी रहेगी। निगम ने आमजन से अपील की है कि किसी भी निर्माण कार्य को शुरू करने से पहले आवश्यक स्वीकृति अवश्य लें, अन्यथा अवैध निर्माण पाए जाने पर सीज, जुर्माना और कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

## दो बाइकों की भिड़ंत में एक युवक घायल

निसं

**चिड़ावा ( नवयत्न )।** गांव नूनिया गोठड़ा में शनिवार सुबह एक भीषण सड़क हादसा हुआ, जहां दो बाइकों की आमने-सामने की टक्कर में एक युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। घायल की नाजुक हालत को देखते हुए उसे झुंझुनू रेफर किया गया है। जानकारी के अनुसार हादसा सुबह करीब 11 बजे दुर्गा मंदिर के पास हुआ। नूनिया गोठड़ा से अजीतपुरा की दिशा में जा रहे बाइक सवार पवन गोस्वामी की टक्कर नरहड़ की ओर से आ रहे दूसरे बाइक सवार सुफियान अंसारी से हो गई। भिड़ंत इतनी जोरदार थी कि दोनों युवक सड़क पर जा गिरे। घटना के तुरंत बाद मौके पर मौजूद ग्रामीणों ने घायल पवन गोस्वामी को उपजिला अस्पताल चिड़ावा पहुंचाया। अस्पताल में प्राथमिक उपचार के बाद डॉक्टरों ने सिर और शरीर पर लगी गंभीर चोटों के कारण उसे झुंझुनू रेफर कर दिया।

## सम्पादकीय

# भाजपा की एक और जीत, महाराष्ट्र के निकाय चुनाव में दिखा दबदबा



देश में सबसे अधिक बजट वाले नगर निकाय बृहन्मुंबई नगर निगम यानी बीएमसी पर प्रभुत्व कायम करने वाली भाजपा और एकनाथ शिंदे की शिवसेना ने महाराष्ट्र के अन्य अधिकांश निकायों के चुनावों में जीत हासिल कर राष्ट्र का ध्यान इसलिए अपनी ओर खींचा, क्योंकि इन चुनावों को मिनी विधानसभा चुनावों की संज्ञा दी गई थी।

बीएमसी के चुनाव नतीजों पर अधिक ध्यान था, क्योंकि यहां पर ठाकरे परिवार की शिवसेना का 25 वर्षों से कब्जा था। शिवसेना-उद्धव ठाकरे का बीएमसी की सत्ता से बाहर होना एक बड़ा झटका है, क्योंकि इस निकाय का करीब 75 हजार करोड़ रुपये का बजट उसे देश की आर्थिक राजधानी में राजनीतिक शक्ति के साथ आर्थिक ताकत भी प्रदान करता था।

उद्धव ठाकरे ने बीएमसी पर अपनी पकड़ बनाए रखने के लिए राज ठाकरे की महाराष्ट्र नवनिर्माण सेना से हाथ मिलाया, लेकिन यह मेल उस पर भारी पड़ा। इसका एक कारण यह रहा कि वह अपनी विचारधारा से भटकती दिखी। कभी भाजपा की स्वाभाविक सहयोगी रही शिवसेना ने पहले धुर विरोधी दलों कांग्रेस और राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी से हाथ मिलाया, फिर निकाय चुनावों में मनसे से हाथ मिला लिया, जो मराठी मानुस के अपने उग्र एजेंडे के कारण उत्तर भारतीयों के प्रति बैर रखने वाली पार्टी है। इस बार तो राज ठाकरे ने तमिलनाडु भाजपा नेता अन्नामलाई के प्रति अपमानजनक बातें करके उत्तर भारतीयों समेत महाराष्ट्र के बाहर के सभी बाशिंदों को सशंकित कर दिया। यह उद्धव ठाकरे के पराभव का दूसरा कारण रहा। उद्धव यह भूल गए कि अब राज्य के बड़े शहरों में अन्य राज्यों के लोगों की बड़ी संख्या है। मुंबई तो देश भर के लोगों का घर है। कहना कठिन है कि निकाय चुनावों के निराशाजनक नतीजों के बाद उद्धव ठाकरे मनसे का हाथ छोड़कर फिर से कांग्रेस के साथ खड़े होंगे या नहीं, लेकिन उनके लिए महाराष्ट्र की राजनीति में प्रासंगिक बने रहना किसी चुनौती से कम नहीं। चुनौती कांग्रेस के सामने भी है, क्योंकि निकाय चुनावों में अपेक्षित नतीजे न मिल पाने के कारण राष्ट्रीय दल के रूप में उसकी स्थिति और कमजोर दिखने लगी है। एक चुनौती शानदार जीत हासिल करने वाली भाजपा के सामने भी है और यह है बीएमसी के कामकाज को भ्रष्टाचार से मुक्त करने और मुंबई का सही तरीके से विकास करने की। बीएमसी शिवसेना का आर्थिक संबल इसीलिए थी, क्योंकि भ्रष्ट तौर-तरीकों के कारण नगर निकाय का पैसा उसके नेताओं के पास पहुंचता था। बीएमसी के इसी भ्रष्टाचार के कारण मुंबई अंतरराष्ट्रीय शहर के रूप में विकसित नहीं हो पा रही थी। मुंबई को खराब सड़कों, ट्रैफिक जाम और प्रदूषण से त्रस्त शहर की छवि से मुक्त करना भाजपा की पहली प्राथमिकता बननी चाहिए।

## विशेष आलेख

# एआर रहमान ने हिंदी सिनेमा जगत को धर्म के चश्मे से देखकर बड़ी गलती कर दी है



संगीत जगत के सबसे प्रभावशाली नामों में शुमार एआर रहमान इन दिनों चर्चा में हैं, लेकिन वजह उनकी कोई नई रचना नहीं, बल्कि वह बयान हैं जिनमें उन्होंने कथित रूप से अपने धर्म के कारण पिछले लगभग एक दशक से हिंदी फिल्म उद्योग में काम कम मिलने का संकेत दिया। जिस तरह से उनके इन बयानों को हिंदी सिनेमा जगत की कई वरिष्ठ और प्रतिष्ठित हस्तियां सिरे से खारिज कर रही हैं, वह साफ करता है कि प्रख्यात संगीतकार ने बॉलीवुड को धर्म के चश्मे से देखकर एक बुनियादी भूल की है। हिंदी सिनेमा एक ऐसा मंच रहा है जहां पहचान नहीं, बल्कि प्रतिभा निर्णायक रही है। ऐसे में यह सवाल उठना स्वाभाविक है कि जिस उद्योग ने रहमान को सिर आंखों पर बैठाया, उसी के स्वभाव को वह आज तक नहीं समझ पाए, यह हैरानी का विषय नहीं तो और क्या है?

हम आपको बता दें कि बीबीसी एशियन नेटवर्क को दिये गये इस साक्षात्कार में एआर रहमान ने कहा, फिल्म उद्योग में सत्ता संतुलन बदला है और संभव है कि इसके पीछे कोई साम्प्रदायिक पहलू भी हो, हालांकि यह बात उनके सामने सीधे तौर पर कभी नहीं आई। एआर रहमान के अनुसार उन्हें यह सब सीधे नहीं बताया जाता, बल्कि कानों कान खबर के रूप में पता चलता है। उनका कहना है कि वह काम की तलाश में नहीं रहते, बल्कि चाहते हैं कि उनके काम की सच्चाई खुद काम को उनकी ओर खींच लाए। उन्होंने इसे अपनी आस्था और कार्यशैली से जोड़ा और कहा कि वह जबरन अवसर खोजने में विश्वास नहीं रखते।

दिलचस्प बात यह है कि नब्बे के दशक में जब रहमान ने हिंदी फिल्म जगत में कदम रखा, तब उन्हें किसी भेदभाव का अनुभव नहीं हुआ। वह कहते हैं कि शायद उस समय ईश्वर ने ऐसी बातों से उन्हें दूर ही रखा। लेकिन हाल के वर्षों में परिस्थितियां बदली हैं। उनके अनुसार अब निर्णय की शक्ति कई बार ऐसे लोगों के हाथ में है जिनका रचनात्मकता से सीधा संबंध नहीं है। कभी कभी यह भी सुनने में आता है कि किसी परियोजना के लिए उन्हें चुना गया था, लेकिन बाद में संगीत कंपनी ने अन्य संगीतकारों को साथ लेकर काम कर लिया।

साक्षात्कार में रहमान ने यह भी कहा कि वे ऐसी फिल्मों से दूरी बनाने की कोशिश करते हैं जिनकी मंशा उन्हें ठीक नहीं लगती। इसी संदर्भ में उनसे हाल में आई एक ऐतिहासिक फिल्म में उनके काम को लेकर सवाल किया गया था। उन्होंने स्वीकार किया कि फिल्म विभाजन की भावना पर आधारित लग सकती है, लेकिन उनका मानना है कि इसका मूल उद्देश्य साहस और शौर्य को दिखाना था। उन्होंने यह भी कहा कि दर्शक इतने समझदार हैं कि वह सच्चाई और चालाकी में फर्क कर सकते हैं। उल्लेखनीय है कि यह फिल्म जो छत्रपति संभाजी महाराज के जीवन पर आधारित है, फरवरी 2025 में प्रदर्शित हुई और ऐतिहासिक तथ्यों को लेकर तीखी बहस के बावजूद व्यापारिक रूप से अत्यंत सफल रही। इसकी कुल कमाई लगभग सात सौ करोड़ रुपये बताई गई।

दूसरी ओर, रहमान की टिप्पणी ने कला जगत में तीखी प्रतिक्रियाएं पैदा की हैं। वरिष्ठ गीतकार और पटकथा लेखक जावेद अख्तर ने इस विचार से असहमति जताई है। उनका कहना है कि उन्होंने कभी ऐसा माहौल महसूस नहीं किया। जावेद अख्तर ने कहा कि मुंबई में रहमान को अपार सम्मान मिलता है लेकिन कई छोटे निर्माता उनसे संपर्क करने में हिचकिचाते हैं। उनका मानना है कि रहमान की व्यस्त अंतरराष्ट्रीय जीवनशैली भी काम कम होने का एक कारण हो सकती है, न कि कोई साम्प्रदायिक तत्व।

वहीं लेखिका और स्तंभकार शोभा डे ने रहमान की टिप्पणी को खतरनाक बताया। उन्होंने कहा कि पिछले पांच दशकों के अनुभव में उन्होंने हिंदी फिल्म उद्योग को प्रतिभा के आधार पर चलने वाला क्षेत्र पाया है, जहां धर्म आड़े नहीं आता। गायक शान ने भी इसी तरह की राय रखते हुए कहा कि काम मिलना या न मिलना व्यक्तिगत परिस्थितियों और पसंद नापसंद पर निर्भर करता है। ऐसी ही टिप्पणियां कई अन्य कलाकारों की भी रहीं।

देखा जाये तो एआर रहमान की यह आशंका कि हिंदी फिल्म उद्योग में उनके लिए अवसर कम होने के पीछे कोई साम्प्रदायिक कारण हो सकता है, न केवल कमजोर तर्क पर आधारित दिखती है बल्कि बॉलीवुड के लंबे इतिहास और वर्तमान सच्चाई से भी मेल नहीं खाती। हिंदी सिनेमा की बुनियाद ही विविधता, समावेश और प्रतिभा की स्वीकृति पर टिकी रही है। यहां धर्म नहीं, बल्कि दर्शकों से जुड़ने की क्षमता और काम की गुणवत्ता निर्णायक रही है।

अगर बॉलीवुड में सचमुच धर्म के आधार पर भेदभाव होता, तो यह कल्पना भी संभव नहीं होती कि पिछले तीन दशकों से उद्योग के सबसे बड़े सितारे तीन मुसलमान कलाकार होते। शाहरुख खान, सलमान खान और आमिर खान न केवल व्यावसायिक सफलता के शिखर पर हैं, बल्कि उन्हें देश के हर वर्ग, हर धर्म और हर क्षेत्र से अपार प्रेम मिला है। उनके प्रशंसकों की संख्या लगातार बढ़ती रही है और उनकी फिल्मों ने सैंकड़ों करोड़ रुपये का कारोबार किया है। यह तथ्य अपने आप में इस धारणा को खारिज करने के लिए पर्याप्त है कि बॉलीवुड में धर्म किसी कलाकार की राह रोकता है।

हिंदी फिल्म उद्योग में संगीत, लेखन, अभिनय और निर्देशन जैसे रचनात्मक क्षेत्रों में अनगिनत उदाहरण हैं, जहां कलाकारों को उनकी पहचान या आस्था के कारण नहीं, बल्कि उनके हुनर के कारण स्वीकार किया गया। जावेद अख्तर, सलीम खान, मजरूह सुल्तानपुरी और नौशाद जैसे नाम इस बात की गवाही देते हैं कि यह उद्योग प्रतिभा को सिर आंखों पर बैठाता है। एआर रहमान निस्संदेह एक महान संगीतकार हैं और उनके योगदान पर कोई सवाल नहीं उठाया जा सकता। लेकिन बदलते दौर में काम की मात्रा कम या ज्यादा होना कई व्यावसायिक और रचनात्मक कारणों से जुड़ा हो सकता है। इसे सीधे साम्प्रदायिक नजरिये से देखना न तो उद्योग के साथ न्याय करता है और न ही स्वयं रहमान की उस वैश्विक छवि के साथ, जो संगीत को सीमाओं और पहचानों से परे मानती है।

आज जरूरत इस बात की है कि ऐसे कयासों की बजाय आत्मविश्लेषण और बदलती कार्यप्रणाली को समझा जाए। बॉलीवुड को संदेह के कटघरे में खड़ा करने की बजाय, रहमान जैसे कलाकारों को अपनी ही विरासत पर भरोसा रखना चाहिए। यह उद्योग आज भी उसी सिद्धांत पर चलता है जिस पर वह दशकों से चलता आया है यानि प्रतिभा ही सबसे बड़ा धर्म है।

## स्वास्थ्य समाचार

# पेट में दर्द और जलन को कम करने के लिए यह घरेलू उपाय

आजकल की लाइफस्टाइल में लोगों के पास खाने-पीने का पर्याप्त समय नहीं है। लोगों को जब भी वक्त मिलता है वो जंक फूड्स या कोल्ड ड्रिंक का सेवन करते हैं। पिज्जा, बर्गर, चिप्स और कोल्ड ड्रिंक का सेवन करने की वजह से ज्यादातर लोगों को पेट दर्द, गैस, लूज मोशन जैसी समस्याओं से दो चार होना पड़ता है। पेट में दर्द और जलन की समस्याओं से राहत पाने के लिए लोग कई तरह की दवाओं को मेडिकल ट्रीटमेंट का सहारा लेते हैं।

**गुड़ का सेवन करें :** अगर आपको खाना खाने के बाद पाचन संबंधी समस्याएं हो रही हैं, तो आप नियमित तौर पर गुड़ का सेवन करें। गुड़ में आयरन और क्लोरीन भरपूर मात्रा में होते हैं इसके अलावा इसमें कई प्रकार के विटामिंस और मिनरल्स भी पाए जाते हैं, जो पाचन क्रिया को सुधारने का काम करता है। पेट में जलन, गैस और दर्द जैसी समस्याओं में गुड़ का सेवन करते समय इसे चबाकर न खाएं बल्कि इसे टॉफी की तरह चूसते रहें।



**एलोवेरा जूस :** पेट में जलन, कब्ज, उल्टी और पाचन संबंधी समस्याओं से राहत दिलाने में एलोवेरा जूस सबसे ज्यादा फायदेमंद साबित होता है। एलोवेरा जूस विटामिन बी, सी, ई, फोलिक एसिड, कैल्शियम, कॉपर, सोडियम, सेलेनियम, मैग्नीशियम और जिंक जैसे पोषक तत्व पाए जाते हैं। नियमित तौर पर एलोवेरा जूस का सेवन करने से आंत में पानी का स्तर बढ़ता है जिससे पाचन संबंधी समस्याएं दूर होती हैं। आप खाना खाने के बाद या सुबह खाली पेट एलोवेरा जूस का सेवन कर सकते हैं।

**सौंफ का पानी :** सौंफ का पानी पीने से पाचन संबंधी समस्याओं से राहत मिलती है। खाना खाने के बाद जिन लोगों पचाने में परेशानी और पेट में दर्द जैसी समस्या होती है उन्हें नियमित तौर पर सौंफ का पानी की सलाह दी जाती है।

सौंफ का पानी बनाने के लिए 2 से 3 चम्मच सौंफ को एक गिलास पानी में डालकर रातभर के लिए छोड़ दें। इसमें एक चम्मच शहद डालकर अच्छे से मिलाएं। पेट में जलन और दर्द की समस्या से निजात पाने के लिए आप सुबह खाली पेट सौंफ के पानी का सेवन कर सकते हैं।



**पुदीने का पानी :** पुदीने को सेहत का खजाना माना जाता है। पुदीने में मौजूद मेन्थॉल आंतों में मांसपेशियों की ऐंठन को कम करके पेट में दर्द, सूजन, कब्ज जैसी कई समस्याओं से राहत दिलाने में मददगार साबित होते हैं। पेट में जलन और दर्द जैसी प्रॉब्लम से राहत पाने के लिए पुदीने के पानी का सेवन करना अच्छा माना जाता है। नियमित तौर पर आप सुबह खाली पेट पुदीने के पानी का सेवन कर सकते हैं।

# सिर के पिछले हिस्से में दर्द से छुटकारा दिलाएंगे यह घरेलू उपाय

आमतौर सिरदर्द की समस्या माथे और आसपास या सिर के बीच के हिस्से में होती है, लेकिन बहुत बार सिर के पीछे वाले हिस्से में भी दर्द बहुत गंभीर दर्द होता है। सिर के पीछे दर्द के कई कारण हो सकते हैं। लिम्फ नोड्स में सूजन, ऑक्सीपिटल न्यूरेल्जिया, साइनसाइटिस, तनाव सिरदर्द, क्लस्टर सिरदर्द और पेट में गैस के अलावा कई अन्य कारणों से सिर के पीछे दर्द हो सकता है। साथ ही कई बार यह सिरदर्द नसों में सूजन और ब्लॉकेज के कारण भी हो सकता है। लेकिन इसके कारण लोगों को काफी परेशानी होती है। सिर के पीछे दर्द की वजह से लोगों का लेटने-बैठना तक मुश्किल हो जाता है।

**दालचीनी, काली मिर्च और शहद का काढ़ा :** आप सिरदर्द से छुटकारा पाने के लिए 250एमएल पानी में दालचीनी और काली मिर्च डालकर तब तक उबालें, जब कि पानी जलकर आधा न हो जाए। इसे छान लें और शहद मिलाकर पिएं। आप इसमें नींबू भी मिला सकते हैं। अगर सिर के पीछे दर्द पेट में गैस के कारण है तो यह उससे भी निजात दिलाएगा।

**हेड मसाज :** सिर के पिछले हिस्से में दर्द की बात हो या अन्य किसी हिस्से की, गुनगुने तेल से मालिश करने से बहुत फायदा मिलता है। इससे तनाव कम होता है, मस्तिष्क शांत होता है और आप आरामदायक महसूस करते हैं। यह सिरदर्द का सबसे प्रभावी घरेलू नुस्खा है।

**हर्बल टी या कॉफी पिएं :** हर्बल टी जैसे ग्रीन टी, पुदीना चाय, लौंग की चाय आदि के अलावा कॉफी पीने से भी सिरदर्द में आराम मिलता है। ग्रीन टी और कॉफी में कैफीन होता है, जिसे सिरदर्द की समस्या में बहुत प्रभावी माना जाता है। यह माइग्रेन सिरदर्द से राहत प्रदान करने में भी लाभकारी है।

## हॉट शावर लें

गर्म पानी से स्नान करने से थकान दूर होती है, इससे सिर की नसों की भी सिकाई होती है। साथ ही चिंता और तनाव को कम करने में मदद मिलती है। यह आपको सिरदर्द के पिछले हिस्से में दर्द से आराम प्रदान करने में बहुत लाभकारी साबित हो सकता है।

# रात में सोने से पहले बालों को कंघी करने से मिलते हैं फायदे

बालों की सही देखभाल न करने की वजह से लोगों में बाल झड़ने की समस्या होती है। हेयर केयर रूटीन सही न होने पर आपके बाल कमजोर हो जाते हैं और इसकी वजह से आपकी खूबसूरती पर भी असर पड़ता है। बालों को हेल्दी, मजबूत और समस्याओं से मुक्त रखने के लिए बालों की सही ढंग से केयर जरूर करनी चाहिए। बालों में कंघी करने से आप बालों से जुड़ी कई गंभीर समस्याओं से बच सकते हैं। सही ढंग से बालों में कंघी अकरने से आपको कई फायदे मिलते हैं। हालांकि बालों में कंघी करने को लेकर लोगों में कई तरह की भ्रामक बातें भी प्रचलित हैं। महिलाओं को अक्सर यह कहा जाता था कि रात के समय बालों में कंघी बिलकुल भी नहीं करनी चाहिए। ऐसा कहा जाता था कि इस बात का शास्त्रों में जिक्र है। यह बात एक मिथ के अलावा कुछ भी नहीं है। बालों में सही ढंग से कंघी करने स आपको कई फायदे मिलते हैं। रात में सोने से पहले बालों में कंघी करना भी बहुत फायदेमंद होता है।

**रात में कंघी करने के फायदे :** रात में बालों में कंघी करना बहुत फायदेमंद माना जाता है। रात के समय बालों में बिना कंघी किये सोने से सुबह में आपके बाल उलझे हुए होते हैं। उलझने की वजह से बाल जल्दी टूटते हैं और कमजोर हो सकते हैं। इसलिए रात में सोने से पहले कंघी करना फायदेमंद माना जाता है।



**बालों को टूटने से बचाता है :** रात में सोने से पहले बालों में कंघी करने से आप बालों को टूटने से बचा सकते हैं। रात में लोग अक्सर बालों को खुला रखकर सोते हैं। सोते समय बाल आपस में उलझ जाते हैं और इसके बाद कंघी करने से आपके बाल बहुत ज्यादा टूटते हैं। बालों को टूटने से बचाने और कमजोर होने से रोकने के लिए रात में कंघी करना बहुत फायदेमंद माना जाता है।

**ब्लड सर्कुलेशन ठीक होता है :** रात में सोने से पहले बालों में कंघी करने से आपके स्कैल्प का ब्लड सर्कुलेशन ठीक रहता है। इससे आपके बाल की जड़ें मजबूत होती हैं और बालों की जड़ों में ऑक्सीजन की सप्लाई भी सही ढंग से हो पाती है। बालों की जड़ों को पोषण मिलने से आपके बाल हेल्दी और मजबूत रहते हैं।

**बालों की चमक बढ़ती है :** रात में सोने से पहले कंघी करने से आपके बालों की चमक बढ़ती है। उलझे हुए होने के कारण आपके बाल कमजोर हो जाते हैं और इसकी चमक भी कम हो जाती है। बालों में सही ढंग से कंघी करने से आपको बहुत फायदे मिलते हैं। बालों की चमक बरकरार रखने के लिए आपको रात में सोने से पहले सही ढंग से कंघी जरूर करनी चाहिए।

**डैंड्रफ की समस्या में मिलता है फायदा :** बालों में गंदगी इकठ्ठा होने के कारण आपको डैंड्रफ या रूसी की समस्या हो सकती है। रात में सोने से पहले सही ढंग से कंघी करने से आपके बालों में उलझी हुई गंदगी दूर होती है और इससे आपको रूसी की समस्या में भी फायदा मिलता है।

## आज का राशिफल

### मेष
दौड़-धूप अधिक होगी। बुरी सूचना मिल सकती है। विवाद न करें। स्वास्थ्य कमजोर रहेगा। धनलाभ के अवसर प्राप्त होंगे। अकारण भय व्याप्त होगा। शत्रु शांत होंगे। वाहन देखकर चलाएं। परिस्थितियां अनुकूल होंगी। कुछ विरोध होगा। विरोधी अपमान करेंगे। शांति होगी।

### वृष
मेहनत का फल मिलेगा। कार्यसिद्धि होगी। प्रसन्नता रहेगी। घर-बाहर पूछ-परख बनी रहेगी। मातृपक्ष से परेशानी होगी। दुर्घटना की संभावना। धन मिलने की परिस्थिति निर्मित होगी। अंतरप्रेरणा से कार्य करें। धनागम के अवसर बढ़ेंगे। प्रमाद का त्याग करना होगा।

### मिथुन
भूले-बिसरे साथियों से मुलाकात होगी। उत्साहवर्धक सूचना मिलेगी। व्यवसाय ठीक चलेगा। शत्रु शांत होंगे। कष्ट-भय की संभावना, अस्वस्थता, आलस्य का अनुभव करेंगे। धनागम होगा। शरीर शिथिल होगा। शत्रु शांत रहेंगे। लाभ-हानि बराबर रहेंगे। प्रमाद बढ़ेगा।

### कर्क
यात्रा, नौकरी व निवेश मनोनुकूल रहेंगे। अप्रत्याशित लाभ होगा। प्रसन्नता रहेगी। प्रमाद न करें। शुभ समाचार की आशा बंधेगी। शत्रु षड्यंत्र रचेंगे। सावधान रहने की आवश्यकता है। पराक्रम दिखलाने का अवसर है। लाभ होगा। रिश्वत न लें। नम्रता बनाए रखें।

### सिंह
रचनात्मक कार्य सफल रहेंगे। स्वादिष्ट भोजन का आनंद मिलेगा। व्यवसाय मनोनुकूल लाभ होगा। रोग घेरेंगे। चिंताएं बढ़ेंगी। शत्रु शांत होंगे। अपमान, कष्ट, कलह से बचना होगा। राज्य से लाभ के अवसर बढ़ेंगे। लाभ होगा। शत्रु परेशान करेंगे। कुछ नुकसान होगा।

### कन्या
संपत्ति के कार्य लाभ देंगे। थकान महसूस होगी। रोजगार में वृद्धि होगी। प्रसन्नता रहेगी। कष्टों में वृद्धि के योग हैं। कुछ नए कार्य की संभावना सिद्ध होगी। कष्टों में निवृत्ति नहीं होगी। कलह से बचना होगा। अधिकार के लिए प्रयत्न करना होगा। धनागम होगा। शरीर शिथिल होगा।

### तुला
कोर्ट व कचहरी के कार्य बनेंगे। प्रेम-प्रसंग में अनुकूलता रहेगी। धन प्राप्ति सुगम होगी। हानि, भय, कष्ट का वातावरण बनेगा। कुछ लाभ के आसार दिखेंगे। दुखद समाचार मिलने की संभावना है। अस्वस्थता होगी। कुसंग से हानि, कुछ लाभ के आसार दिखेंगे। शत्रु शांत रहेंगे।

### वृश्चिक
चिंता तथा तनाव रहेंगे। फालतू खर्च होगा। कुसंगति से बचें। चोट व रोग से बचें। विवाद न करें। आवश्यकताएं बढ़ेंगी। आर्थिक तंगी हो सकती है। कर्ज से बचें। लाभ के अवसर हाथ आएंगे। शत्रु परेशान करेंगे। हानि नहीं पहुंचा पाएंगे। उत्साहवर्धक सूचना मिलेगी। व्यवसाय ठीक चलेगा।

### धनु
यात्रा, नौकरी व निवेश मनोनुकूल रहेंगे। बकाया वसूली होगी। व्यवसाय ठीक चलेगा। विवाद न करें। नेत्र पीड़ा की संभावना। कुछ लाभ। यात्रा के योग टलेंगे। विरोधी सक्रिय होंगे। ज्ञानीजनों से मुलाकात होगी। शांति बनाना आवश्यक है। अकारण भय व्याप्त होगा। शत्रु शांत होंगे।

### मकर
कार्यप्रणाली में सुधार होगा। योजना फलीभूत होगी। प्रतिष्ठा बढ़ेगी। जोखिम व जमानत के कार्य टालें। यात्रा के योग बनेंगे। लाभ होगा। राज्य से परेशानी हो सकती है। स्त्री को कष्ट। जायदाद वृद्धि के योग बनेंगे। कष्ट-भय की संभावना, अस्वस्थता, आलस्य का अनुभव करेंगे।

### कुंभ
राजकीय सहयोग प्राप्त होगा। धर्म-कर्म में रुचि रहेगी। व्यवसाय ठीक चलेगा। आय बढ़ेगी। हानि-लाभ का वातावरण बनेगा। पराक्रम बढ़ेगा। विजय मिलेगी, गर्व न करें। ईमानदारी से कार्य करते रहें। समय पक्ष का है। स्त्री सुख, यात्रा में हानि, दुख। विरोधी कष्ट देंगे।

### मीन
चोट, चोरी व विवाद आदि से हानि संभव है। व्यवसाय ठीक चलेगा। जल्दबाजी न करें। कष्ट होंगे। खर्च बढ़ेंगे। कर्ज लेना पड़ सकता है। धनागम के अवसर बनेंगे। आ बैल मुझे मार की स्थिति निर्मित न होने दें। अकारण भय बना रहेगा। व्यापारी सोच-समझकर निर्णय लें।

## विराट हिंदू सम्मेलन 28 को

निसं

**दांतारामगढ़ ( नवयत्न )।** विराट हिंदू सम्मेलन को लेकर दांता के खेतान भवन परिसर में एक महत्वपूर्ण बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में हिंदू सम्मेलन आयोजन समिति दांता के द्वारा सम्मेलन को भव्य एवं ऐतिहासिक बनाने के लिए व्यापक जनसंपर्क, भूमि पूजन, कलश यात्रा, वाहन रैली, व्यवस्थाओं और कार्यक्रम की रूपरेखा पर विस्तार से चर्चा की और जिम्मेदारी सौंपी। आयोजन समिति ने जानकारी देते हुए बताया कि 27 जनवरी को भूमि पूजन, 28 जनवरी को सुबह 10 बजे से समरसता महायज्ञ, कलश यात्रा व वाहन रैली के साथ विराट हिंदू सम्मेलन का शुभारंभ किया जाएगा। इस अवसर पर बुद्धगिरीजी की मढ़ी फतेहपुर के पीठाधीश्वर दिनेश गिरी महाराज का सानिध्य और आशीर्वचन प्राप्त होगा जो सम्मेलन का मुख्य आकर्षण रहेगा। सम्मेलन के अंतर्गत 28 जनवरी को सुबह सवा 10 बजे कलश यात्रा शिव मंदिर जलिंद्रा की ढाणी, शिव मंदिर हुकमा जी ढाणी, शिव मंदिर रावोरियां की ढाणी, शिव मंदिर खटीकों का मोहल्ला, बाग वाली बगीची, झाड़ी वाले बालाजी एवं नलापति बालाजी से निकाली जाएगी। वहीं वाहन रैली बड़काचारणवास, अमरपुरा, मोटलावास, दलतपुरा, काबरियावास, किरो की ढाणी एवं नीमावास गांवों से प्रारंभ होगी। बैठक में उपस्थित सभी कार्यकर्ताओं एवं समाजबंधुओं ने सम्मेलन को सफल व ऐतिहासिक बनाने के लिए तन-मन-धन से सहयोग करने का संकल्प लिया। आयोजन समिति ने अधिक से अधिक संख्या में सहभागिता की अपील की है।

## मेलोडी ऑफ कलर्स प्रदर्शनी का हुआ उद्घाटन



निसं

**जयपुर ( नवयत्न )।** कला जगत में शनिवार का दिन बेहद खास रहा जब प्रदेश की उपमुख्यमंत्री मंत्री तथा पर्यटन, कला एवं संस्कृति मंत्री दिया कुमारी ने जवाहर कला केंद्र की अलंकार आर्ट गैलरी में प्रसिद्ध जलरंग कलाकार डॉ. सुषमा महाजन के कला चित्रों से सुसज्जित तीन दिवसीय मेलोडी ऑफ कलर्स एकल प्रदर्शनी का भव्य उद्घाटन किया। उपमुख्यमंत्री दिया कुमारी ने यहां प्रदर्शित डॉ. सुषमा महाजन की 60 जलरंग कृतियों को निहारने और उनका बारीकी से अवलोकन करने के बाद कहा कि डॉ. सुषमा महाजन द्वारा तैयार ये कला कृतियां निश्चित ही उत्कृष्ट हैं, अद्भुत है। उन्होंने कहा कि ष्ये जल रंगों में साकार होती संवेदनाएं कल्पना से परे हैं, उपमुख्यमंत्री दीया ने उत्कृष्ट कला कृतियों से अत्यंत प्रभावित भाव से कहा डॉ. सुषमा द्वारा ये जल रंग कृतियां बहुत बारीकी से उकेरी गई है, जिनमें वाइब्रेंट रंग और उनकी कलात्मकता मानवीय संवेदनाओं का प्रतिनिधित्व कर रहें हैं। दीया कुमारी ने कहा कि डॉ. सुषमा महाजन वास्तव में जल रंग कला कृतियों की सिद्धस्थ कलाकार हैं, वे इस वाटर कलर आर्ट की मास्टर हैं। जल रंग में महारथ रखने वाली डॉ. सुषमा की यह कला प्रदेश और देश और समूचे सृजन जगत में नायब है, जो देश और दुनिया में राजस्थान की कला संस्कृति के परचम को फहरा रही है। उल्लेखनीय है कि इस तीन दिवसीय प्रदर्शनी का अवलोकन 19 जनवरी तक कला प्रेमी प्रतिदिन प्रातः 11 बजे से सायं 7:30 बजे तक कर सकेंगे। इस प्रदर्शनी में लगभग 60 जलरंग कृतियां प्रदर्शित की गई हैं। इनमें 22 नई कृतियां विशेष रूप से इस प्रदर्शनी के लिए तैयार की गई हैं। साथ ही पेरिस, जयपुर और नई दिल्ली में पूर्व में प्रदर्शित चुनिंदा कृतियों को भी इसमें सम्मिलित किया गया।

## दहेज प्रताड़ना से परेशान विवाहिता साड़ी के फंदे से झूली

निसं

**जयपुर ( नवयत्न )।** दौलतपुरा थाना इलाके में एक विवाहिता ने दहेज के पांच लाख रुपयों की डिमांड से परेशान होकर साड़ी के फंदे से झूल कर अपनी जीवन लीला समाप्त कर ली। परिजनों की सूचना पर मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को नीचे उतार अपने कब्जे में लिया और पोस्टमार्टम के लिए कांवटिया अस्पताल के मुर्दाघर में भिजवाया। जहां से उसका पोस्टमार्टम करवा शव परिजनों के सुपुर्द कर दिया। पुलिस ने पीड़ित पिता की शिकायत पर ससुराल पक्ष के खिलाफदहेज हत्या का मामला दर्ज कर जांच शुरु कर दी है। थानाधिकारी सुनील गोदारा ने बताया कि आंधी निवासी रामगोपाल शर्मा ने का आरोप है कि अप्रैल-2025 में उन्होने अपनी बेटी मोनिका 23 की शादी चोप दौलतपुरा निवासी विष्णु से की थी। शादी के कुछ दिन बाद ही ससुराल वाले दहेज में पांच लाख रुपए की डिमांड करते हुए मोनिका को परेशान करने लग गए। शादी के दस माह में कई बार पीड़िता को परेशान किया गया। मंगलवार को भी ससुराल पक्ष के लोगों ने मोनिका को परेशान किया। जिसके बाद वो अपने कमरे में गई और साड़ी का फंदा बनाकर उससे लटक गई। काफी देर तक मोनिका अपने कमरे से बाहर नहीं निकली तो परिजनों ने जाकर देखा । काफी आवाज लगाने पर दरवाजा नहीं खुला तो परिजनों ने धक्का देकर गेट खोला। मोनिका फंदे से झूलती मिली। परिजनों की सूचना पर मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को नीचे उतार अपने कब्जे में लिया और एफएसएल टीम की सहायता से महत्वपूर्ण साक्ष्य जुटाए। जिसके बाद पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए कांवटिया अस्पताल के मुर्दाघर में भिजवाया। हालांकि पुलिस को मृतका के पास से किसी भी तरह का कोई सुसाइड नोट बरामद नहीं हुआ है। पुलिस ने पीडि़ति पिता की शिकायत पर दहेज हत्या का मामला दर्ज कर जांच शुरु कर दी है।

## मोदी पब्लिक स्कूल संचालक को मिली जान से मारने की धमकी

निसं

**सुजानगढ़ ( नवयत्न )।** निजी स्कूल के संचालक को 1 करोड़ की फिरौती नहीं देने पर जान से मारने की धमकी मिली है। कोतवाली पुलिस थाने में दर्ज करवाये गये प्रकरण में मोदी पब्लिक स्कूल के संचालक जुगल किशोर मोदी ने पुलिस को बताया है कि वह नया बाजार स्थित शनिचर मंदिर की गली का निवासी है। जो कि उसे 11 जनवरी की शाम को 5 बजकर 51 मिनट पर एक व्यक्ति ने व्हाट्स एप पर फोन करके कहा कि तुम स्कूल कॉलेज चलाते हो। मैं राहुल बोल रहा हूं, सुन में रोहित गोदारा के ग्रुप से बोल रहा हूं। फिर उसने कहा कि कल तक 1 करोड़ की व्यवस्था कर लेना, कल वापस फोन करूंगा, उस व्यक्ति को दे देना। उसके बाद शाम को 6 बजकर दो मिनट पर मैसेज आया, जिसमें एक करोड़ की फिरौती मांगी गई। अन्यथा पीड़ित और उसके बच्चों को मारने की धमकी दी गई। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

# नियमों का उल्लंघन कर रहे तीन टोल प्लाजा पर 25 लाख का जुर्माना

निसं



**चूरू ( नवयत्न )।** जिले के सादुलपुर क्षेत्र में सड़क सुरक्षा नियमों की अनदेखी कर संचालित किए जा रहे तीन टोल प्लाजा के खिलाफ परिवहन विभाग ने सख्त कार्रवाई की है। परिवहन निरीक्षक रॉबिन सिंह के नेतृत्व में की गई जांच में गंभीर अनियमितताएं सामने आने पर कुल 25 लाख रुपये के चालान किए गए हैं। सादुलपुर से तारानगर होते हुए सरदारशहर तक 133 किलोमीटर लंबी सड़क पर तीन टोल प्लाजा संचालित किए जा रहे हैं। जांच के दौरान पाया गया कि ये टोल प्लाजा निर्धारित मानकों और नियमों के बिल्कुल विपरीत चलाए जा रहे हैं। परिवहन निरीक्षक ने बताया कि टोल प्लाजा पर ना तो आवश्यक सांकेतिक बोर्ड लगाए गए हैं ना ही रोड पर सही छोर लाइन (मार्किंग) की व्यवस्था है। इसके अलावा रात्रि के समय सुरक्षा के लिए रिफ्लेक्टर संकेत भी नहीं लगाए गए हैं, जिससे दुर्घटना की संभावना बनी रहती है। सबसे गंभीर लापरवाही यह सामने आई कि इन टोल प्लाजा पर आपातकालीन सेवाओं की कोई व्यवस्था नहीं है। नियमों के अनुसार एम्बुलेंस, हाइड्रो क्रेन और हाईवे पेट्रोलिंग जैसी सुविधाएं अनिवार्य होती हैं लेकिन तीनों टोल प्लाजा पर इनमें से कोई भी सुविधा उपलब्ध नहीं मिली। जांच के दौरान कुल 25 अलग-अलग बिंदुओं पर खामियां पाई गई, जिसके आधार पर टोल संचालकों के खिलाफ 25 लाख रुपये के चालान की कार्रवाई की गई है। परिवहन विभाग ने स्पष्ट किया है कि जब तक नियमों का पूर्ण पालन नहीं किया जाता, तब तक इस प्रकार की सख्त कार्रवाई जारी रहेगी। उल्लेखनीय है कि यह 133 किलोमीटर लंबी सड़क लगभग 215 करोड़ रुपये की लागत से बनाई गई थी। सड़क का निर्माण जुलाई 2020 में पूरा हुआ था और यह वर्ष 2026 तक गारंटी अवधि में है। बावजूद इसके टोल संचालकों द्वारा सड़क सुरक्षा मानकों की खुली अनदेखी की जा रही थी। परिवहन निरीक्षक रॉबिन सिंह ने कहा कि आम जनता की सुरक्षा सर्वोपरि है और नियमों का उल्लंघन किसी भी हालत में बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। भविष्य में भी टोल प्लाजा की नियमित जांच जारी रहेगी और लापरवाही मिलने पर और कड़ी कार्रवाई की जाएगी। स्थानीय लोगों में संतोष इस कार्रवाई के बाद क्षेत्र के वाहन चालकों और आम नागरिकों ने राहत महसूस की है। लोगों का कहना है कि टोल टैक्स वसूला जा रहा था लेकिन बदले में किसी प्रकार की सुविधा नहीं दी जा रही थी। परिवहन विभाग की इस कार्रवाई से सड़क सुरक्षा व्यवस्था में सुधार की उम्मीद जगी है।

## शिविर में 92 रजिस्ट्रेशन व 2 लाइसेंस जारी



निसं

**जयपुर ( नवयत्न )।** राज्य सरकार के शुद्ध आहार मिलावट पर वार अभियान के तहत शनिवार को मानसरोवर स्थित एसएफएस अग्रवाल फार्म नगर निगम कार्यालय और मालवीय नगर के गौरव टावर में फुड लाइसेंस व रजिस्ट्रेशन शिविर आयोजित किए गए। शिविर आयुक्त खाद्य सुरक्षा एवं औषधि नियंत्रण डॉ. टी. शुभमंगला के निर्देश और सीएमएचओ जयपुर द्वितीय डॉ. मनीष मित्तल के मार्गदर्शन में आयोजित हुए। शिविर में खाद्य व्यापारियों को उनके वार्षिक टर्नओवर के आधार पर 92 रजिस्ट्रेशन और 2 लाइसेंस प्रमाण-पत्र हाथों-हाथ वितरित किए गए। इस दौरान फुड हैंडलर्स व कारोबारियों को स्वच्छता और गुणवत्तापूर्ण भोजन विक्रय की जानकारी भी दी गई। वार्ड 84 के निवर्तमान पार्षद अभय पुरोहित ने व्यापारियों को लाइसेंस बनवाने के लिए प्रेरित किया। डॉ. मित्तल ने बताया कि पूर्व प्रचार-प्रसार के चलते छोटे दुकानदारों से लेकर बड़े खाद्य कारोबारियों तक ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। अगला फुड लाइसेंस, रजिस्ट्रेशन शिविर 19 जनवरी को चाकसू कस्बे में आयोजित किया जाएगा।

## सोनू निगम आज लाइव परफॉर्म करेंगे

**जयपुर ( नवयत्न )।** मशहूर गायक सोनू निगम अपना लोकप्रिय लाइव कॉन्सर्ट टूर दीवाना तेरा लेकर 18 जनवरी को स्टूडियोज सीतापुरा जयपुर आ रहे हैं। इस टूर के तहत आगे इंदौर और लखनऊ में भी कॉन्सर्ट्स आयोजित किए जाएंगे, जिससे सोनू निगम की सदाबहार आवाज देश के अलग-अलग शहरों तक पहुँचेगी। रोमांस, यादों और भावनाओं से भरी अपनी आवाज के लिए मशहूर सोनू निगम का यह जयपुर कॉन्सर्ट दर्शकों के लिए एक खास और यादगार शाम साबित होने वाली है। इस शाम में उनके पुराने हिट गानों से लेकर नए पसंदीदा गानों तक, वे सभी गीत सुनने को मिलेंगे जो दशकों से लोगों की जिंदगी का हिस्सा रहे हैं और आज भी हर उम्र के लोगों से जुड़ते हैं। फीवर लाइव द्वारा क्यूरेट और प्रोड्यूस किया गया और को-प्रोड्यूसर कोग्निवेरा के साथ मिलकर तैयार किया गया यह कॉन्सर्ट, सोनू निगम के लंबे और शानदार संगीत सफर और लाइव ऑडियंस के साथ उनके खास जुड़ाव का जश्न है। फीवर नेटवर्क के सीईओ रमेश मेनन ने कहा कि कि दीवाना तेरा सिर्फ एक कॉन्सर्ट नहीं, बल्कि एक भावनात्मक सफर है जिससे दर्शक तुरंत जुड़ जाते हैं। गुवाहाटी में मिले शानदार रिस्पॉन्स के बाद हम इस टूर को जयपुर और फिर इंदौर व लखनऊ तक ले जाने को लेकर उत्साहित हैं। जयपुर में को-प्रोड्यूसर कोग्निवेरा के साथ मिलकर हमारा मकसद दर्शकों को ऐसे लाइव म्यूजकि अनुभव देना है, जो लंबे समय तक यादों में बने रहें। जयपुर में होने वाला यह कॉन्सर्ट राजस्थान और आसपास के इलाकों से आने वाले संगीत प्रेमियों के बीच सीजन के सबसे ज्यादा इंतजार किए जाने वाले लाइव म्यूजकि इवेंट्स में से एक माना जा रहा है।

# देश को सशक्त, समृद्ध व आत्मनिर्भर बनाने के लिए स्वदेशी अपनाओ : खर्रा

निसं



**सूरजगढ़ ( नवयत्न )।** देश को विश्व में विकसित, सशक्त व आत्मनिर्भर बनाने के लिए स्वदेशी अपनाने की जरूरत है, इसी दिशा में पिछले बीस साल से स्वदेशी जागरण मंच प्रयासरत है यह बात शनिवार को स्वदेशी जागरण मंच व नगरपालिका के संयुक्त तत्वावधान में कस्बे के नया बस स्टैंड पर आयोजित स्वदेशी मेले के उद्घाटन समारोह को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि स्वायत्त शासन मंत्री झाबर सिंह खर्रा ने कही। उद्घाटन समारोह के मुख्य वक्ता राष्ट्रीय संगठन मंत्री कश्मीरी लाल थे वहीं अध्यक्षता नगरपालिका चेयरमैन पुष्पा देवी गुप्ता ने की। समारोह को संबोधित करते हुए वक्ताओं ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की स्वदेशी अपनाओं व लोकल फॉर वोकल की तर्ज पर देश में ऐसे मेलों का आयोजन कर आमजन में स्वदेशी की भावना जागृत करने के प्रयास किए जा रहे है। इस मौके पर प्रांत समन्वयक लोकेन्द्र सिंह नरूका, खंड संघचालक सुरेन्द्र सिंह तंवर, विभाग सह संयोजक ब्रह्मदत्त मीणा, प्रदेश महिला मोर्चा प्रभारी संतोष अहलावत, पूर्व विधायक सुभाष पूनियां, निवर्तमान प्रधान बलवान सिंह, जिला कोषाध्यक्ष सेवाराम गुप्ता, मंडल अध्यक्ष कृष्ण कुमार सैनी, पूर्व मंडल अध्यक्ष संजय गोयल, मेला प्रमुख विक्रम सिंह राठौड़, मेला सह संयोजक संदीप शर्मा, विकास शर्मा, भारत स्वाभिमान जिला प्रभारी रामपाल सिंह सिहाग, संतोष कुमावत, मनोज शर्मा, अशोक शर्मा, महेश जांगिड़, एडवोकेट बिशनपाल सिंह, रविन्द्र जांगिड़, शर्मिला डैला, सुनिल पालीवाल, कुलदीप सिंह सहित सैंकड़ों की संख्या में कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# छठा महान गुरमत समागम में 23 से 25 जनवरी को बहेगा अमृतवाणी का प्रवाह

निसं

**जयपुर ( नवयत्न )।** गुरुद्वारा श्री गुरु नानक सत्संग सभा नेहरू नगर, पानीपेच, जयपुर में हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी तीन दिवसीय छठा महान गुरमत समागम का भव्य आयोजन किया जाएगा। 22 जनवरी सुबह से श्री अखंड पाठ साहिब से इस समागम का शुभारंभ किया जाएगा। जिसका समापन 24 जनवरी को होगा। गुरुद्वारे के प्रधान सरदार हरचरण सिंह ने बताया कि यह समागम 23 से 25 जनवरी को चाय सत्रों में किया जाएगा। इस समागम में जयपुर से बाहर के रागी जत्थे एवं धर्म प्रचारक आ रहे हैं। गुरुद्वारा श्री गुरु नानक सत्संग सभा नेहरू नगर, पानीपेच, जयपुर में समागम के पोस्टर का विमोचन किया गया। जिसमें हरविंदर सिंह बग्गा, संरक्षक, हरचरण सिंह जेठडा, प्रधान, गुरमीत सिंह, सेक्रेटरी, घनेंद्र सिंह उप प्रधान एवं अन्य सेवादार भी उपस्थित रहें । गुरुद्वारे के संरक्षक सरदार हरविंदर सिंह बग्गा ने बताया कि इस समागम में भाई रविंद्र सिंह, भाई सुरेंद्र सिंह नछत्तर सिंह, भाई निर्भय सिंह, भाई हरजीत सिंह, हजूरी रागी श्री दरबार साहिब, अमृतसर एवं भाई गुरप्रीत सिंह लुधियाना वाले, भाई हरमीत सिंह कथावाचक, भाई मनदीप सिंह, हजूरी रागी गुरुद्वारा पानीपेच, भाई गुरमीत सिंह भाई कुलदीप सिंह अपने कीर्तन एवं कथा विचार से संगत को निहाल करेंगे। सरदार हरविंदर सिंह बताया कि 25 जनवरी को सुबह 11 बजे श्री अकाल तख्त साहिब अमृतसर से आने वाले पंज प्यारों द्वारा अमृत संचार करवाया जाएगा। अमृत संचार के लिए काफी संख्या में लोगों ने अपना नाम लिखवा दिया है। उन्होंने यह भी बताया कि 24 जनवरी को भाई सुरेंद्र सिंह नछत्तर सिंह एवं 25 जनवरी को भाई रविंद्र सिंह जी द्वारा सुबह आसा दी वार का पाठ किया जाएगा। समागम में स्टेज के पीछे एलईडी स्क्रीन पर शब्द कीर्तन का अनुवाद भी तत्काल रूप से प्रदर्शित किया जाएगा। इस समागम का सजीव प्रसारण खालसा गुरबाणी के फेसबुक और यूट्यूब पर भी देखा जा सकता है। इस समागम के चारों सत्रों के दौरान चाय नाश्ता एवं अतूट लंगर वरताया जाएगा।

## भागवत कथा के श्रवण से ही मिल जाती है पापों से मुक्ति : जोशी

निसं

**राजलदेसर ( नवयत्न )।** राजलदेसर में भोला बाबा बगीची में ब्रह्मलीन जसनाथी संत पुष्कर नाथ महाराज की 20 बरसी पर बगीची महंत सोमनाथ महाराज संत सुरजीत नाथ महाराज के सानिध्य में 5 कुंडिय अन्नपूर्णा रुद्र महायज्ञ व भागवत कथा का आयोजन किया जा रहा है । कथा के दूसरे दिन नापासर के पंडित केदार जोशी ने कहा कि भागवत कथा श्रवण मात्र से पाप से मुक्ति मिलती। कहा जिस स्थान पर कथा होती है वहां भगवान विराजमान होते हैं। भगवन नाम के जाप से सारे विपत्ति नाश हो जाते हैं। इस जगत में भगवत कृपा के बिना कुछ भी संभव नहीं है। मनुष्य को समाज में अच्छे काम करना चाहिए। भगवान श्रीकृष्ण ने कहा है की कर्म ही प्रधान है, बिना कर्म कुछ संभव नहीं होता है, जो मनुष्य अच्छा व सत्कर्म करता है उसे अच्छा फल मिलता है व बुरे कर्म करने वाले को हमेशा बुरा फल मिलता है। इस अवसर पर कालूनाथ आश्रम के महंत प्रतिज्ञानाथ, गुस्साईसर संत प्रेमनाथ, रुस्तम महाराज, मुख्य धाम छाजूसर के महंत नारायणनाथ महाराज, हुणतनाथ सिद्ध, हीरानाथ सिद्ध बादडीया, मंगतमल नाई, रायचंद नाई, दामोदर, डिंपल शर्मा रोलसाहबसर, मुनालाल प्रजापत कथा के यजमान गिदाराम सुथार रहे। अन्नपूर्णा रुद्र महायज्ञ में विशेष आहुतियां लगाते हुए सोमननाथ महाराज ने विश्व कल्याण के लिये दिव्य मत्रों के द्वारा भक्तों का कल्याण के लिए यज्ञ में आहुति दी। इस अवसर पर कॉमेडियन मामन सिंह लदासर, बाबूलाल तिवाड़ी लिखमादेसर, नवरंग नाथ बादडीया, किशन नाथ बिनादेसर, नरेंद्र नाई , कमल नाई, करणीसिंह बिका, कमलदान चारण, भवानी सैनी मंत्री, किशनाराम पटवारी, नंदू माली, रामनिवास स्वामी, इंद्रपाल प्रजापत, गिरवरसिंह राठौड़, दौलतराम जाट, कालूराम जाट, पूनमचंद घोडेला, कालूराम भोभरिया, रामाकिशन शर्मा, परमेश्वर शर्मा, शंकर शर्मा गोलसर, नगराज माली, मनफुल नाथ, पुरखनाथ सिद्ध छाजूसर, गोरधन सिंह राजपूत, इंद्र सिंह छाजूसर आदि ने पूजा अर्चना की ।



# ब्लूटूथ डिवाइस से नकल कर कनिष्ठ लिपिक बना गिरफ्तार

**जयपुर ( नवयत्न )।** स्पेशल ऑपरेशन ग्रप एसओजी ने कार्रवाई करते हुए ब्लूटूथ डिवाइस से नकल कर कनिष्ठ लिपिक को गिरफ्तार किया है। जो पिछले काफी समय से फरार और निलम्बित चल रहा था। उसकी पत्नी ने भी ब्लूटूथ डिवाइस से परीक्षा पास कर लिपिक की नौकरी पाई थी। एसओजी की टीम फिलहाल गिरफ्तार आरोपित से पूछताछ कर रही है। अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक एडीजी एसओजीद्ध विशाल बंसल ने बताया कि राजस्थान हाईकोर्ट जोधपुर की ओर से कनिष्ठ लिपिक ग्रेड सेकंड के पदों पर सीधी भर्ती परीक्षा-2022 निकली थी। मार्च-2023 में परीक्षा का आयोजन हुआ था। परीक्षा में पेपर लीक मामले को लेकर एसओजी पुलिस स्टेशन में साल-2025 में मामला दर्ज हुआ। एसओजी ने जांच कर मामले में आरोपी विकेश कुमार मान 29 निवासी लूणकरणसर बीकानेर को गिरफ्तार किया है। जिला एवं सेशन न्यायालय जालोर में वह कनिष्ठ लिपिक ग्रेड सेकंड के पद पर था। जो वर्तमान में निलम्बित चल रहा था। एसओजी के एग्जाम जांच का पता चलने पर वह फरार हो गया था। एसओजी जांच में सामने आया कि आरोपी विकेश कुमार मान का लिपिक ग्रेड-सेकंड का एग्जाम सेंटर बीकानेर के शहीद मेजर पूरण सिंह राजकीय उच्च माध्यमिक स्कूल में आया था। संगठित नकल गिरोह के मास्टरमाइंड पौरव कालेर की ओर से मोबाइल के जरिए आरोपी विकेश कुमार मान को परीक्षा सेंटर में ब्लूटूथ डिवाइस के जरिए प्रश्न-पत्र के उत्तरों की नकल करवाई थी। मई-2023 में राजस्व अधिकारी ग्रेड-सेकंड एवं अधिशासी अधिकारी ईओ-आरओ परीक्षा-2022 का आयोजन किया गया था। परीक्षा में आरोपी विकेश कुमार मान को ब्लूटूथ डिवाइस के जरिए नकल करते पकड़ा गया था। एसओजी की ओर से पेपर लीक मामले को अक्टूबर-2024 में एसओजी पुलिस स्टेशन में मामला दर्ज किया गया था। एसओजी जांच में सामने आया कि पेपर लीक सरगना पौरव कालेर और इसके चाचा तुलछाराम कालेर ने कई कैंडिडेट से लाखों रुपए में सौदा तय किया था। ब्लूटूथ डिवाइस के जरिए कई कैंडिडेट को प्रश्नों के उत्तरों की नकल करवाई थी। एसओजी की ओर से कई गिरफ्तारी कर मामले का खुलासा करने पर राजस्थान सरकार की ओर से उक्त सार्वजनिक परीक्षा को रद्द कर दिया गया था। कनिष्ठ श्रेणी लिपिक ग्रेड-सेकंड एग्जाम में आरोपी विकेश कुमार मान को अरेस्ट किया गया। उसकी पत्नी द्रौपदी सियाग ने भी कनिष्ठ श्रेणी लिपिक ग्रेड-सेकेंड एग्जाम में ब्लूटूथ डिवाइस से नकल कर पास की थी।



## प्रसन्न सागर महाराज का आज होगा भव्य मंगल प्रवेश

निसं

**जयपुर ( नवयत्न )।** भगवान महावीर के बाद जैन धर्म के प्रमुख व्रत सिंहनिष्क्रीडित व्रत के अन्तर्गत 557 दिन की लगातार मौन साधना एवं 12 हजार से अधिक उपवास तथा निराहार मौन साधना करने वाले प्रसिद्ध दिगम्बर जैन संत, अन्तर्मना आचार्य प्रसन्न सागर महाराज ससंघ का 8 वर्ष पश्चात जयपुर में रविवार को भव्य मंगल प्रवेश होगा। इस अवसर पर चारदीवारी के मुख्य बाजारों में विशाल शोभायात्रा निकाली जाएगी। अंतर्मना आचार्य प्रसन्न सागर महाराज जयपुर प्रवास समिति जयपुर के अध्यक्ष सुभाष चन्द जैन एवं महामंत्री विनोद जैन कोटखावदा ने बताया कि दिगम्बर संत प्रसन्न सागर महाराज आचार्य बनने के बाद पहली बार जयपुर आ रहे हैं। अग्रवाल कॉलेज से प्रातः 8 बजे गाजे-बाजे एवं लवाजमे के साथ रवाना होने वाली विशाल शोभायात्रा में पहली बार 1 हजार 251 महिलाएं सिर पर मंगल कलश के साथ आचार्यश्री ससंघ की अगवानी करेंगी। समिति के उपाध्यक्ष राजेश राम का एवं अशोक जैन ने बताया कि मंगल प्रवेश के उपरांत धर्मसभा आयोजित होगी। इसके बाद आचार्यश्री सत्संग विहार करते हुए गांधीनगर स्थित वरिष्ठ आईएएस अधिकारी कुलदीप राजा के निवास पर पहुंचेंगे। जहां वरिष्ठ प्रशासनिक अधिकारियों, न्यायमूर्ति एवं समाज के प्रबुद्धजन उपस्थित रहेंगे। इस अवसर पर गुरु भक्ति एवं आनंद यात्रा का भी आयोजन किया जाएगा।

## 19 से 25 जनवरी तक चलेगी राष्ट्रीय अंडर-14 क्रिकेट प्रतियोगिता

सुरेन्द्र शर्मा

**सीकर ( नवयत्न )।** 69 वीं राष्ट्रीय विद्यालयी खेलकूद प्रतियोगिता के अन्तर्गत शिक्षा विभाग की ओर से एसबीएस शिक्षण समूह सबलपुरा में 19 से 25 जनवरी तक 69वीं राष्ट्रीय विशाल अंडर-14 क्रिकेट प्रतियोगिता का आयोजन किया जाएगा। प्रतियोगिता का उद्घाटन 19 जनवरी को सुबह 10:30 बजे एसबीएस क्रिकेट एकेडमी, भैरूपुरा में होगा। नेशनल क्रिकेट प्रतियोगिता आयोजन समिति के अनुसार ने बताया कि इस राष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिता में देश भर से 480 युवा क्रिकेट खिलाड़ी हिस्सा लेंगे। बतां दे कि यह प्रतियोगिता स्कूली स्तर पर युवा खिलाड़ियों के लिए एक महत्वपूर्ण मंच प्रदान करेगी, जहां वे अपने कौशल का प्रदर्शन कर सकेंगे। समिति ने सभी हितधारकों और क्रिकेट प्रेमियों से इस आयोजन में उत्साहपूर्वक भाग लेने और युवा प्रतिभाओं को प्रोत्साहित करने का आग्रह किया है।

## छात्रा को कलेक्टर द्वारा लैपटॉप प्रदान

निसं

**राजलदेसर ( नवयत्न )।** कस्बे के निकटवर्ती ग्राम भावनदेसर में राजकीय बालिका विद्यालय की छात्रा परमेश्वरी को तकनीकी व कौशल के उपयोग से नोकरी देने वाले बने जिला कलेक्टर अभिषेक सुराणा ने नेशनल स्टार्टअप डे पर आयोजित कार्यक्रम जिले में कोड चूरू में शामिल बच्चों द्वारा बनाई गई बेवसाइट व कोड चूरू में प्रदर्शन करने वाली राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय भावनदेसर की कक्षा 11 वी छात्रा परमेश्वरी को लैपटॉप दिया गया । जिला कलेक्टर ने तकनीकी नावाचा के लिए बच्चों को प्रेरित किया उन्होंने ऑनलाइन टेलीग्राम के माध्यम से नि:शुल्क कोडिंग जैसे वेबसाइट सॉफ्टवेयर, डेवलपमेंट, एप्लीकेशन डेवलपमेंट आदि के कार्य स्वयं रोजगार सीख सकते हैं।



# पर्यटकों की पहली पसंद बन रही है जम्मू कश्मीर की यह अद्भुत जगह, बर्फबारी में जरूर पहुंचें पर्यटक

हिमालय की गोद में मौजूद जम्मू-कश्मीर को भारत का जन्नत माना जाता है। जम्मू कश्मीर की हसीन वादियों की खूबसूरती दुनिया भर में फेमस है। जम्मू कश्मीर में ऐसी कई जगहें हैं जहां घूमने का सपना लगभग हर कोई देखता है। सोनमर्ग, गुलमर्ग या डल झील जैसी चर्चित जगहों को एक्सप्लोर करने हर दिन हजारों देशी और विदेशी पर्यटक पहुंचते रहते हैं। जम्मू-कश्मीर की चर्चित जगहों के बारे में तो आप भी जानते होंगे, लेकिन यहां एक ऐसी जगह है, जिसके बारे में बहुत कम लोग ही जानते होंगे। यहां एक बार घूमने के बाद अन्य जगहों को भूल जाएंगे।







### चंदनवाड़ी की खासियत क्या है?

चंदनवाड़ी पहलगाम से बाहरी छोर पर मौजूद एक बेहद ही शानदार और मनमोहक घाटी है। यह पहलगाम से करीब 15 किमी की दूरी पर मौजूद है। झील-झरने और मनमोहक बर्फ से ढके पहाड़ों के बीच चंदनवाड़ी मौजूद है। चंदनवाड़ी हनीमून डेस्टिनेशन के रूप में भी फेमस है। चंदनवाड़ी की खूबसूरती तो पूरे जम्मू कश्मीर में फेमस है ही साथ में इसका धार्मिक महत्व भी है। कहा जाता है कि यह एक ऐसा पर्यटन स्थल है, जहां से अमरनाथ यात्रा शुरू होती है। इसलिए चंदनवाड़ी सैलानियों के लिए बेहद ही खास है।

### चंदनवाड़ी के आसपास घूमने की जगहें

चंदनवाड़ी के आसपास घूमने के लिए ऐसी कई हसीन जगहें मौजूद हैं, जहां एक बार घूमने के बाद आप उस स्थान के दीवाने हो जाएंगे। इन जगहों पर परिवार, दोस्त और पार्टनर के साथ भी घूमने जा सकते हैं। चंदनवाड़ी में कई कपल्स बर्फबारी के समय हनीमून मनाने के लिए पहुंचते रहते हैं।


### पहलगाम

चंदनवाड़ी के आसपास मौजूद किसी हसीन जगह की बात होती है, तो सबसे पहले पहलगाम का नाम जरूर लिया जाता है। पहलगाम की खूबसूरती इस कदर प्रचलित है कि इसे जम्मू कश्मीर का स्वर्ग माना जाता है। बर्फ से ढके पहाड़, घास के मैदान, झील-झरने और दूध की तरह बहती नदी, पहलगाम की खूबसूरती में चार चांद लगाने का काम करते हैं। बर्फबारी के समय इस जगह की खूबसूरती चरम पर होती है। इसलिए बर्फबारी यहां सबसे अधिक सैलानी पहुंचते हैं।

### बेताब वैली

चंदनवाड़ी के आसपास घूमने का जिक्र होता है, तो बेताब वैली का जिक्र जरूर होता है। बर्फ से ढके पहाड़, घास के मैदान और मनमोहक झील-झरने बेताब वैली की खूबसूरती में चार चांद लगाने का काम करते हैं। अगर आप नवंबर से लेकर फरवरी के बीच यहां घूमने जाते हैं, तो यहां बर्फबारी भी देखने को मिल सकती है। आपको बता दें कि इस वैली का नाम सनी देओल और अमृता सिंह की पहली फिल्म बेताब पर रखी गई है।

**पोशवान पार्क** : जम्मू कश्मीर में ऐसी कई जगहें मौजूद हैं, जहां हजारों किस्म के फूलों को करीब से देखा जा सकता है, लेकिन अगर आप चंदनवाड़ी घूमने जा रहे हैं, तो फिर आपको पोशवान पार्क जरूर पहुंचना चाहिए। पोशवान पार्क हजार किस्म से अधिक फूल और पौधों के लिए जाना जाता है।



### चंदनवाड़ी कैसे पहुंचें

चंदनवाड़ी पहुंचना बेहद ही आसान है। यहां आप श्रीनगर, पहलगाम, सोनमर्ग या गुलमर्ग से आसानी से पहुंच सकते हैं। पहलगाम से चंदनवाड़ी इ दूरी करीब 15 किमी है। श्रीनगर से चंदनवाड़ी की दूरी करीब 87 किमी है। अनंतनाग से चंदनवाड़ी की दूरी करीब 40 किमी है।



# महाराष्ट्र की छिपी हुई यह हसीन जगह किसी जन्नत से कम नहीं

महाराष्ट्र देश का एक ऐसा राज्य है जो अपनी हसीन और मनमोहक जगहों के लिए दुनिया भर में फेमस है। महाराष्ट्र में स्थित लोनावला, खंडाला, महाबलेश्वर और पंचगनी जैसी बेहतरीन जगहों को एक्सप्लोर करने हर दिन पर्यटक पहुंचते हैं। लेकिन महाराष्ट्र में स्थित चर्चित जगहों के अलावा कुछ ऐसी छिपी हुई जगहें हैं जहां एक बार घूमने के बाद आप हिमाचल प्रदेश या उत्तराखंड को भूल जाएंगे। महाराष्ट्र के सिंधुदुर्ग जिले में स्थित मालवन भी एक छिपा हुआ खजाना है।



### मालवन बीच

मालवन में घूमने की बात होती है, तो सबसे पहले मालवन बीच का नाम जरूर लिया जाता है। इस समुद्र तट की खूबसूरती इस कदर प्रचलित है कि यहां हर दिन हजारों पर्यटक घूमने के लिए पहुंचते हैं। मालवन बीच को लेकर कहा जाता है कि जो पर्यटक प्रकृति से प्रेम करते हैं, वो यहां जरूर पहुंचते हैं। चमकदार सफेद रेत और समुद्र के नीले पानी पर्यटकों को काफी आकर्षित करते हैं। समुद्र तट के किनारे-किनारे मौजूद नारियल और काजू के पेड़ खूबसूरती में चार चांद लगाने का काम करते हैं। आपको बता दें कि मालवन बीच काफी साफ-सुथरा भी माना जाता है।

### सिंधुदुर्ग फोर्ट

मालवन से कुछ ही दूरी मौजूद सिंधुदुर्ग फोर्ट एक ऐतिहासिक फोर्ट होने के साथ-साथ लोकप्रिय पर्यटक भी स्थल है। कहा जाता है कि इस ऐतिहासिक फोर्ट का निर्माण 1664 में डच, पुर्तगाली और ब्रिटिशों के आक्रमण को विफल करने के लिए बनाया गया था। अरब सागर के किनारे स्थित यह फोर्ट मनमोहक दृश्यों के लिए भी काफी फेमस है। करीब 48 एकड़ में फैले इस फोर्ट से समुद्र की मनमोहक लहरों को निहार सकते हैं। फोर्ट से आप हसीन तस्वीरों को भी कैमरे में कैद कर सकते हैं।

### रॉक गार्डन

मालवन में स्थित रॉक गार्डन एक बेहद ही मनमोहक और खूबसूरत पर्यटन स्थल है। चिलवा समुद्र तट के किनारे स्थित रॉक गार्डन शांत वातावरण के लिए भी काफी फेमस माना जाता है। रॉक गार्डन सूर्योदय और सूर्यास्त के नजारों के लिए भी काफी फेमस है। खासकर सुबह और शाम के समय रॉक गार्डन कई पर्यटक घूमने के लिए पहुंचते हैं। गार्डन में मौजूद छोटे-बड़े पत्थर भी सूर्य की रोशनी पर चमकते रहते हैं। जब समुद्र की लहरें चट्टानों से टकराती है तो देखना का एक सुखद अनुभव प्राप्त होता है। रॉक गार्डन से कुछ ही दूरी पर फूलों का एक बगीचा भी मौजूद है।

### मालवन में घूमने की अन्य जगहें

मालवन में ऐसी अन्य कई बेहतरीन जगहें मौजूद हैं, जहां परिवार, दोस्त या पार्टनर के साथ घूमने के लिए जा सकते हैं। देवबाग बीच और अर्चना बीच जैसी बेहतरीन जगहों को एक्सप्लोर कर सकते हैं। इसके अलावा जय गणेश मंदिर और केलबाई मंदिर को भी एक्सप्लोर कर सकते हैं।

### स्कूबा डाइविंग का लुत्फ उठाए


महाराष्ट्र के कई समुद्र तट स्कूबा डाइविंग के लिए काफी फेमस माने जाते हैं। वॉटर स्पोर्ट्स का लुत्फ उठाने के लिए कई लोग परिवार, पार्टनर या दोस्तों के साथ पहुंचते रहते हैं। मालवन में मालवन बीच, देवबाग बीच और अर्चना बीच में स्कूबा डाइविंग का बेहतरीन लुत्फ उठा सकते हैं। इसके अलावा मालवन में पैरासेलिंग, स्पीड बोट और जेट स्काई का भी लुत्फ उठा सकते हैं।

### मालवन कैसे पहुंचें?

देश के किसी भी कोने से आप मालवन आसानी से पहुंच सकते हैं। इसके लिए आप कोल्हापुर से आसानी से पहुंच सकते हैं। कोल्हापुर से मालवन की दूरी करीब 157 किमी है। इसके अलावा पुणे से करीब 7 घंटे की दूरी पर मालवन मौजूद है। मुंबई से मालवन की दूरी लगभग 530 किमी है। ऐसे में आप कोल्हापुर, पुणे या मुंबई जैसे शहर से आसानी से मालवन पहुंच सकते हैं।

# भारत में यहां स्थित है दुनिया का सबसे ऊंचा गुरुद्वारा

क्या आप जानते हैं कि दुनिया का सबसे ऊंचा गुरुद्वारा भारत में स्थित है। लेकिन इस गुरुद्वारे तक पहुंचने के लिए आपको पहाड़ों, नदियों, झरनों को पार करना होगा। यह सुनकर आपको आसान लग रहा होगा, लेकिन फिर भी वहां पहुंचना कोई आसान काम नहीं है। सबसे ऊंचे गुरुद्वारे तक पहुंचने के लिए कम से कम 4 दिन की पैदल यात्रा करनी होती है। अगर अभी भी आपको समझ नहीं आया है तो बता दें कि हेमकुंड साहिब की बात कर रहे हैं। यह हेमकुंड साहिब उत्तराखंड के चमोली जिले में स्थित है। इसकी ऊंचाई 14,100 फीट है, जिसकी वजह से यह दुनिया का सबसे ऊंचा गुरुद्वारा है।



**पंचकोणीय गुरुद्वारा** : यह गुरुद्वारा सिखों के दसवें गुरु, गुरु गोबिंद सिंह को समर्पित है। हेमकुंड साहिब में सिर्फ सिख ही नहीं, पूरे भारत के विभिन्न धर्मों के लोग आते हैं। लेकिन यहां आने के लिए एक बात ध्यान रखना होगा कि यहां कुछ समय पर ही एंट्री मिलती है। हेमकुंड साहिब में प्रवेश की अनुमति केवल साल में कुछ निश्चित समय पर ही दी जाती है। इसके अलावा अगर आप हेमकुंड साहिब जाना चाहते हैं, तो आपको वहां तक पहुंचने के लिए 4-5 दिन की पैदल यात्रा करनी होगी। इसलिए अगर आप इतनी यात्रा कर सकते हैं, तो ही यहां जाने का प्लान बनाएंगे।

**गुरुद्वारे का खूबसूरत नजारा** : यहां फूलों की घाटी ट्रेक पर्यटकों के बीच काफी लोकप्रिय है। इस फूलों की घाटी पार करने के बाद ही हेमकुंड साहिब जाने का मौका मिलेगा। इस फूलों की घाटी की खासियत यह है कि आप 300 से अधिक प्रजातियों के फूल देख सकते हैं। यहां आपको ब्रह्म कमल भी देखने को मिलेगा। फूलों की घाटी और हेमकुंड साहिब की यात्रा जोशीमठ से शुरू होती है। जोशीमठ से पहले गोविंदघाट फिर घांघरिया आता है। यह घांघरिया हेमकुंड साहिब का पहला बेस कैंप है। इस घांघरिया से फूलों की घाटी के दर्शन करते हुए हेमकुंड साहिब पहुंचा जा सकता है। हेमकुंड साहिब के बगल में जमी हुई लोकपाल झील है।

झील सात पर्वत चोटियों से घिरी हुई है। ऐसा कहा जाता है कि गुरु गोबिंद सिंह ने इसी झील के किनारे तपस्या की थी। इसलिए कहा जाता है कि इस जमी हुई झील में पैर डुबाने से आपके सारे पाप धुल जाते हैं। कई लोग हेमकुंड साहिब का जल बोतलों में भरकर घर लाते हैं।

**कब से शुरू होती है यात्रा** : फूलों की घाटी की यात्रा जून से शुरू होती है। उस समय हेमकुंड साहिब के कपाट पर्यटकों के लिए खोल दिये जाते हैं। आप जून की शुरुआत से सितंबर तक हेमकुंड साहिब की यात्रा कर सकते हैं। फूलों की घाटी मूलतः, एक मानसून ट्रैक है, लेकिन अक्टूबर से हेमकुंड साहिब में तापमान गिरना शुरू हो जाता है और सर्दियों के मौसम में दुनिया का सबसे ऊंचा गुरुद्वारा बर्फ की सफेद चादर से ढक जाता है। हेमकुंड साहिब के कपाट श्रद्धालुओं और पर्यटकों के लिए दोपहर 2 बजे तक खुले हैं। इसके अलावा 14,000 फीट की ऊंचाई पर मौसम कभी भी बदल सकता है। इसलिए खतरे से बचने के लिए सुबह जल्दी यात्रा शुरू करनी चाहिए और दोपहर तक हेमकुंड साहिब के आसपास फिर से नीचे आ जाना चाहिए।

# जम्मू कश्मीर जाने की न करें मलाल हिमाचल की यह जगह है इसकी कॉपी

हिमाचल प्रदेश देश का एक प्रमुख पर्यटन राज्य है। हिमाचल अपनी असीम खूबसूरती, मनमोहक नजारे और अद्भुत जगहों के लिए दुनिया भर में फेमस है। उंची-उंची घाटियां, झील-झरने, हसीन पहाड़ और पहाड़ों में मौजूद कुछ अनदेखी जगहें सैलानियों को काफी आकर्षित करती हैं। हिमाचल में ऐसी कई जगहें मौजूद हैं, जो जम्मू-कश्मीर से कम नहीं है।



### सुजानपुर टीहरा

हमीरपुर में स्थित सबसे बेहतरीन जगह घूमने की बात होती है, तो सबसे पहले सुजानपुर टीहरा का नाम जरूर लिया जाता है। आपको बता दें कि सुजानपुर टीहरा एक फोर्ट है, जिसका इतिहास कटोच राजवंश से जुड़ा हुआ है। कहा जाता है कि सुजानपुर टीहरा फोर्ट का निर्माण कटोच राजवंश ने 1748 में किया था। ब्यास नदी के किनारे स्थित होने के चलते यह फोर्ट सैलानियों के बीच में भी काफी फेमस है। फोर्ट से व्यास नदी और आसपास के अद्भुत दृश्यों को सिर्फ और सिर्फ निहारने का ही मन करेगा। अगर आप एडवेंचर का शौक रखते हैं, तो रिवर राफ्टिंग का भी लुत्फ उठा सकते हैं। बर्फबारी के समय की जगह की खूबसूरती चरम पर होती है।

### चमेरा झील

हमीरपुर की खूबसूरती में कोई चीज सबसे अधिक चार चांद लगाने का काम करती है तो वो है चमेरा झील है। चमेरा झील हमीरपुर में घूमे जाने वाली सबसे चर्चित और लोकप्रिय जगहों में से एक है। हसीन पहाड़ और खूबसूरत देवदार के पेड़ों के बीच में मौजूद चमेरा झील नौकायन के लिए काफी फेमस मानी जाती है। ऐसे में झील में आप बोटिंग का अद्भुत लुत्फ भी उठा सकते हैं। झील के आसपास कई खाने-पीने की स्टॉल भी लगे होते हैं। मानसून या बर्फबारी के समय की जगह की खूबसूरती चरम पर होती है।

### नदौन

मुख्य शहर से करीब 20 किमी की दूरी पर मौजूद नदौन एक बेहद ही खूबसूरत और मनमोहक जगह है। कहा जाता है कि इस खूबसूरत जगह की स्थापना कटोच वंश के शासकों द्वारा स्थापित किया गया था। नदौन की खूबसूरती में व्यास नदी बखूबी चार चांद लगाती है। कहा जाता है कि प्राचीन काल में कटोच वंश के शासकों द्वारा नदौन में ही मछली पकड़ने का काम किया जाता था। नदौन एक प्राचीन



मंदिर है, जिसे बेहद ही पवित्र मंदिर माना जाता है। महादेव मंदिर ने फेमस यह मंदिर भगवान शिव को समर्पित है।

### हमीरपुर टी गार्डन

हमीरपुर चाय बागानों के लिए काफी फेमस शहर माना जाता है। ऐसे में अगर आप किसी बेहतरीन चाय बागान में घूमने का शौक रखते हैं और चाय पीने का शौक रखते हैं, तो फिर आपको हमीरपुर चाय बागान पहुंच जाना चाहिए। हमीरपुर टी गार्डन अद्भुत नजारों के लिए भी काफी फेमस स्थान माना जाता है।

### हमीरपुर में घूमने की जगहें

हमीरपुर में ऐसी अन्य कई बेहतरीन जगहें हैं, जिन्हें आप एक्सप्लोर कर सकते हैं। जैसे-टीरा सुजानपुर वन्यजीव अभयारण्य, अवाह देवी मंदिर और बाबा बालक नाथ मंदिर। इन जगहों पर घूमने के साथ-साथ ट्रेकिंग का भी लुत्फ उठा सकते हैं।

# इंडिया स्टोन मार्ट 2026 की तैयारियों को लेकर समीक्षा बैठक आयोजित

निसं

**जयपुर ( नवयत्न )।** प्राकृतिक पत्थर उद्योग से जुड़ी देश की प्रतिष्ठित अंतरराष्ट्रीय प्रदर्शनी इंडिया स्टोनमार्ट 2026 का आयोजन पांच फरवरी से आठ फरवरी तक जयपुर में किया जाएगा। इसकी तैयारियों को लेकर शनिवार को एक महत्वपूर्ण समीक्षा बैठक का आयोजन किया गया। बैठक का मुख्य उद्देश्य आयोजन से जुड़ी विभिन्न एजेंसियों, वेंडर्स एवं कार्यकारी टीमों द्वारा की जा रही तैयारियों की प्रगति की समीक्षा करना तथा कार्यक्रम के दौरान जिम्मेदारियों के प्रभावी निर्वहन के लिए बेहतर समन्वय सुनिश्चित करना रहा। बैठक में लघु उद्योग भारती की टीम ने सक्रिय सहभागिता निभाई। लघु उद्योग भारती इंडिया स्टोन मार्ट 2026 के दौरान विभिन्न व्यवस्थाओं के संचालन, समन्वय एवं प्रबंधन की महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही है। बैठक के दौरान आयोजन से जुड़े इन्फ्रास्ट्रक्चर विकास, वेंडर मैनेजमेंट, स्थल पर व्यवस्थाएं, आगंतुक सुविधाएं, प्रोटोकॉल व्यवस्था, सुरक्षा एवं विभिन्न एजेंसियों के बीच आपसी तालमेल जैसे अहम विषयों पर विस्तृत चर्चा की गई। बैठक में लघु उद्योग भारती के वरिष्ठ पदाधिकारियों एवं प्रतिनिधियों ने अपने अनुभव साझा करते हुए कई महत्वपूर्ण सुझाव प्रस्तुत किए। बैठक में सभी पदाधिकारियों ने आयोजन के दौरान कार्यों के सुचारू संचालन, वेंडर्स की जवाबदेही, समयबद्ध क्रियान्वयन तथा गुणवत्ता मानकों के सख्त पालन पर विशेष जोर दिया। बैठक के दौरान यह भी रेखांकित किया गया कि इंडिया स्टोन मार्ट 2026 भारत के प्राकृतिक पत्थर उद्योग को वैश्विक मंच पर प्रस्तुत करने का एक बड़ा अवसर है।

ऐसे में आयोजन की प्रत्येक व्यवस्था को अंतरराष्ट्रीय स्तर के अनुरूप तैयार किया जाना आवश्यक है। सभी संबंधित टीमों को स्पष्ट निर्देश दिए गए कि वे निर्धारित समय सीमा का पालन करें, गुणवत्ता से किसी भी स्तर पर समझौता न करें तथा आपसी समन्वय को और अधिक सुदृढ़ बनाएं।

# रामनवमी की तैयारियों को लेकर बैठक आयोजित

सुरेन्द्र शर्मा

सीकर (नवयत्न)। भारतीय नववर्ष व रामनवमीं महोत्सव की तैयारियों को लेकर रामनवमीं आयोजन समिति की बैठक शेखावाटी जनाना हॉस्पिटल में शनिवार को हुई। जगदीश चौकड़ीका व कैलाश मोदी की संयुक्त अध्यक्षता में आयोजित बैठक में भारतीय नव वर्ष व रामनवमीं महोत्सव के आयोजन को सफल बनाने को लेकर विस्तृत चर्चा की गई। रामनवमीं आयोजन समिति के अध्यक्ष दिनेश बियाणी व महामंत्री शंकर भारती ने बताया कि बैठक में पदाधिकारियों व सदस्यों के बीच आगामी भारतीय नववर्ष व रामनवमीं के आयोजन की सफलता को लेकर चर्चा की गई। पदाधिकारियों ने विचार व्यक्त करते हुए कार्यक्रम की रूपरेखा बनाई। बैठक में तय किया गया कि धार्मिक आयोजनों को सर्व समाज की सहभागिता के साथ अधिक भव्यता के साथ मनाया जाएगा। बैठक में समिति पदाधिकारी चितरंजन सिंह राठौड़, जानकी प्रसाद इंदोरिया, शशि बहड़, राजेंद्र खंडेलवाल, राजीव शर्मा, मनोज शर्मा, रामसिंह पिपराली, गिरवर सिंहए मुरारी शुक्ला, अमित चिरानियां, सुनील जैन, जितेंद्र सिंह रानोली, भंवर सिंह शेखावत आदि मौजूद रहे।

# एटीएम मशीन खोल नकदी चोरी करने का प्रयास

निसं

**जयपुर ( नवयत्न )।** बनीपार्क थाना इलाके में एक सिक्योरिटी गार्ड को नकबजन पकड़ना भारी पड़ गया। बदमाशों को सिक्योरिटी गार्ड का टोकना इतना नागवार गुजरा की उन्होने सिक्योरिटी गार्ड की पीटा कर दी और उसके हाथों की अंगुलियों का चबा डाला। जिसके बाद बदमाशों ने भागने का प्रयास किया। लेकिन घटना स्थल पर मौजूद अन्य राहगीरों ने बदमाशों को दबोच लिया और पुलिस के हवाले कर दिया। पुलिस आरोपियों से गहनता से पूछताछ करने में जुटी है। एएसआई भंवरलाल ने बताया कि जमवारामगढ़ के इंदरगढ़ निवासी अशोक कुमार गुर्जर 36 ने मामला दर्ज कराया है की वह कोर सिक्योरिटी कंपनी में गार्ड के पद पर तैनात है। कलेक्ट्री सर्किल पर मिनी सचिवालय में एसबीआई एटीएम पर सिक्योरिटी गार्ड की ड्यूटी करता है। सुबह 10 बजे से शाम 6 बजे तक उसकी ड्यूटी रहती है। शुक्रवार को एटीएम पर सिक्योरिटी गार्ड की ड्यूटी पर तैनात था। सर्दी होने के कारण सुबह करीब पौने 11 बजे एटीएम के बाहर धूप में बैठ गया। तभी एटीएम बूथ में हेलमेट लगाकर एक युवक अंदर घुसा और पांच मिनट तक बाहर नहीं आया तो अशोक कुमार ने अंदर जाकर देखा तो युवक पेचकस से एटीएम बूथ में बैक रूम खोलने की कोशिश करता मिला। गार्ड अशोक कुमार ने बैक रूम को खोलने का कारण पूछा तो युवक ने एटीएम कार्ड अंदर गिरने का बहाना बनाया। ज्यादा पूछताछ करने पर आरोपी युवक ने भागने का प्रयास किया। सिक्योरिटी गार्ड ने उसे रोकने का प्रयास किया तो आरोपी ने उसके साथ मारपीट करते हुए उसके हाथ की दो उंगलियों को चबा डाला। इसी दौरान सिक्योरिटी गार्ड अशोक ने शोर मचा दिया। चीख-पुकार की आवाज सुन राहगीर मौके पर पहुंचे और बदमाश को पकड़कर उसकी धुनाई कर दी।

# एनडीए 156 एसएसबी में प्रिंस एनडीए एकेडमी के 11 कैडेट्स का चयन

सुरेन्द्र शर्मा

**सीकर ( नवयत्न )।** पालवास रोड, सीकर स्थित प्रिंस एनडीए एकेडमी एवं प्रिंस सैनिक स्कूल के 11 कैडेट्स का एनडीए 156 एसएसबी में अंतिम रूप से चयन हुआ है। चयनित विद्यार्थियों में शौर्य अग्रवाल, भूपेन्द्र, कुलदीप, नवदीप सिंह चौधरी, निखिल, जतिन, अंशुक, अंकित यादव, कौशल गौड़, निखिल कुमार एवं हिमांशु सुरोलिया शामिल हैं। चयनित सभी विद्यार्थियों को भारतीय सेना में लेफ्टिनेंट या फ्लाइंग ऑफिसर के पद पर नियुक्ति मिलेगी। विद्यार्थियों की बड़ी सफलता पर प्रिंस एनडीए एकेडमी में जश्न का माहौल रहा। निदेशक जोगेंद्र सुण्डा, चेयरमैन डॉ. पीयूष सुण्डा, मुख्य प्रबंध निदेशक राजेश ढ़िल्लन, प्रबंध निदेशक ब्रिगेडियर बी.बी. जानू, एग्जीक्यूटिव डायरेक्टर ब्रिगेडियर एचएस पिलखवाल, एकेडमिक हेड पवन कुमावत एवं निरुपम सुण्डा ने चयनित विद्यार्थियों व अभिभावकों को बधाइयां दी। गौरतलब है कि विगत तीन वर्षों में प्रिंस एनडीए एकेडमी के 128 कैडेट्स एनडीए, टीईएसए सीडीएस आदि विभिन्न डिफेंस सर्विसेज में अंतिम रूप से चयनित हो चुके हैं। प्रिंस में कक्षा 6 से 12वीं एवं 12वीं उत्तीर्ण विद्यार्थियों को ब्रिगेडियर एवं कर्नल रैंक के 11 डिफेंस ऑफिसर्स द्वारा डिफेंस ऑफिसर्स एवं सिविल सर्विसेज जैसी उच्च प्रतिष्ठित प्रतियोगी परीक्षाओं के लिए तैयार किया जाता है। चेयरमैन डॉ. पीयूष सुण्डा ने कहा कि प्रिंस में एनडीए यूपीएससी एवं एसएसबी एक्सपर्ट टीम द्वारा लिखित परीक्षा एवं इंटरव्यू की तैयारी के साथ ही कैंपस में विभिन्न एक्टिविटीज एवं खेलकूद द्वारा विद्यार्थियों के ओवरऑल पर्सनैलिटी डवलपमेंट के कारण ही एनडीए एसएसबी जैसी उच्च स्तरीय परीक्षा में प्रिंस से एक के बाद एक लगातार सलेक्शन हो रहे हैं।

# 11-13 दिसंबर 2026 को होगा जयगढ़ हेरिटेज फेस्टिवल 2026

निसं

**जयपुर ( नवयत्न )।** जयपुर लिटरेचर फेस्टिवल जेएलएफ के चारबाग में शनिवार को एक विशेष सत्र में आगामी जयगढ़ हेरिटेज फेस्टिवल 2026 की नई तारीखों की घोषणा की गई। इस वर्ष जयगढ़ हेरिटेज फेस्टिवल 11 से 13 दिसंबर 2026 तक आयोजित होगा। इस सत्र में सवाई पद्मनाभ सिंहय डायरेक्टर, कॉर्पोरेट कम्युनिकेशंस और कॉर्पोरेट सोशल रिस्पॉन्सिबिलिटी, वेदांता लिमिटेड, रितु झिंगोनय और टीमवर्क आर्ट्स के मैनेजिंग डायरेक्टर संजॉय के. रॉय शामिल हुए। इस अवसर पर सवाई पद्मनाभ सिंह ने जयगढ़ हेरिटेज फेस्टिवल के विजन के बारे में बात की और जयगढ़ किले की स्थायी विरासत पर प्रकाश डाला। महाराजा जय सिंह द्वारा बनाया गया यह किला ताकत, रणनीति और विरासत का प्रतीक है, जिसमें लगभग हजारों वर्ष का इतिहास छिपा है। उन्होंने यह भी कहा कि इस फेस्टिवल का उद्देश्य जयगढ़ किले को एक जीवंत सांस्कृतिक स्थान के तौर पर फिर से जीवित करना है, जो इसकी वास्तुकला, ऐतिहासिक और सांस्कृतिक महत्व का जश्न मनाता है। संजॉय के. रॉय ने जयगढ़ हेरिटेज फेस्टिवल के सांस्कृतिक विजन पर जोर दिया, इसे एक ऐसे प्लेटफॉर्म के रूप में बताया जो विरासत, कलाए संवाद और कम्युनिटी जुड़ाव को एक साथ मिलाएगा, और साथ ही जयपुर को एक ग्लोबल कल्चरल डेस्टिनेशन के तौर पर स्थिति को मजबूत करेगा। वेदांता की ओर से रितु झिंगोन ने इस बात पर जोर दिया कि वेदांता जयगढ़ हेरिटेज फेस्टिवल और जयपुर लिटरेचर फेस्टिवल दोनों के लिए एक सार्थक पार्टनर क्यों है। उन्होंने संस्कृति, विरासत और राष्ट्र निर्माण के प्रति वेदांता की प्रतिबद्धता को रेखांकित किया, जो दोनों मंचों के मूल्यों और उद्देश्यों के साथ मेल खाती है। जयगढ़ हेरिटेज फेस्टिवल एक ऐतिहासिक सांस्कृतिक कार्यक्रम होने का वादा करता



है, जो जयपुर की राजसी और सांस्कृतिक विरासत का सम्मान करते हुए, जयगढ़ किले को विरासत से जुड़ा संवाद, प्रस्तुतियां और अनुभवों के लिए एक जीवंत स्थान के रूप में फिर से पेश करेगा।

# आपसी कहासुनी ने लिया हिंसक रूप

## एक व्यक्ति पर लाठियों से जानलेवा हमला, हालत गंभीर

निसं

**चिड़ावा ( नवयत्न )।** गांव गिडानिया में आपसी विवाद को लेकर एक 45 वर्षीय व्यक्ति पर लाठियों से हमला करने का मामला सामने आया है। हमले में गंभीर रूप से घायल सुरेन्द्र पुत्र रंगलाल को उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है, जहां उनकी स्थिति चिंताजनक बनी हुई है। पीड़ित सुरेन्द्र ने अस्पताल में दिए अपने बयान में बताया कि इस पूरे विवाद की शुरुआत एक फोन कॉल से हुई थी। सुरेन्द्र के अनुसार आरोपी पक्ष ने उनके बेटे को फोन किया और दावा किया था कि सुरेन्द्र ने उन्हें अपशब्द कहे हैं। सुरेन्द्र ने इस बात का खंडन किया लेकिन आरोपी पक्ष इस बात को लेकर रंजिश पाले बैठा था। सुरेन्द्र ने बताया कि इसी विवाद के चलते आरोपियों ने उन पर हमला बोल दिया। हमलावरों ने लाठियों का प्रयोग करते हुए उनके शरीर के निचले हिस्से और पैरों पर बेरहमी से वार किए। हमले की तीव्रता इतनी अधिक थी कि सुरेन्द्र के पैर में गंभीर फ्रैक्चर हुआ है और शरीर के अन्य हिस्सों पर भी गहरी चोटें आई हैं। पीड़ित ने दर्द से कराहते हुए आपबीती सुनाई, जिससे हमले की भयावहता का अंदाजा लगाया जा सकता है।

### आरोपी की हुई पहचान

पीड़ित ने हमले के मुख्य आरोपी के रूप में बिजेन्द्र नाम के




व्यक्ति का उल्लेख किया है। घटना के समय वहां मौजूद चिकित्सा कर्मियों और अन्य लोगों ने घायल का प्राथमिक उपचार शुरू कर दिया है।

पुलिस को इस मामले की सूचना दे दी गई है, जिसके बाद पुलिस ने बयान दर्ज कर हमलावरों की तलाश शुरू कर दी है। ग्रामीणों ने इस घटना की कड़ी निंदा की है और प्रशासन से आरोपियों के खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई करने की मांग की है। फिलहाल पुलिस मामले की जांच कर रही है कि इस हमले में बिजेन्द्र के साथ और कौन-कौन शामिल था।

# कनिष्ठ अभियंता भर्ती परीक्षा पेपर लीक मामले में फरार वांछित जूनियर इंजीनियर गिरफ्तार

निसं



**जयपुर ( नवयत्न )।** स्पेशल ऑपरेशन ग्रुप एसओजी ने कार्रवाई करते हुए कनिष्ठ अभियंता भर्ती परीक्षा-2020 के पेपर लीक मामले में फरार वांछित जूनियर इंजीनियर को गिरफ्तार किया गया है। एसओजी की जांच में सामने आया कि लीक पेपर पढ़कर आरोपी जूनियर इंजीनियर ने परीक्षा पास की थी और लाखों रुपए में पेपर की डील कर खरीदा था। फिलहाल गिरफ्तार आरोपी से पूछताछ की जा रही है। अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक एडीजी एसओजी विशाल बंसल ने बताया कि कनिष्ठ अभियंता भर्ती परीक्षा-2020 का पेपर लीक होने पर जयपुर के सांगानेर थाने में मामला दर्ज हुआ था। इसके बाद पेपर लीक मामले की जांच एसओजी को सौंपी गई थी। एसओजी ने पिछले काफी समय से वांछित आरोपी सुरेश कुमार बिश्नोई 29 निवासी चितलवाना जालोर को गिरफ्तार किया है। जो बालोतरा के धोरीमन्ना में सार्वजनिक निर्माण विभाग के सहायक अभियंता के पद पर तैनात था। एसओजी की जांच करने का पता चलने पर आरोपित सुरेश कुमार बिश्नोई फरार हो गया। एसओजी की ओर से वांछित आरोपी सुरेश कुमार की तलाश की जा रही थी। आरोपित सुरेश ने कनिष्ठ अभियंता भर्ती परीक्षा-2020 का पेपर एग्जाम से पहले गणपत लाल मालवाडा से सौदा हुआ था। पेपर लीक के मास्टर माइंड जगदीश बिश्नोई गैंग की ओर से लीक पेपर भूपेन्द्र सारण से लेकर गणपतलाल मालवाडा ने आरोपी सुरेश कुमार को एग्जाम से पहले पढ़ाया था। एसओजी प्रारम्भिक पूछताछ में लाखों रुपए देकर परीक्षा से पहले पेपर पढ़ना स्वीकार किया है। एसओजी की ओर से अब तक मामले में 43 आरोपियों को गिरफ्तार किया जा चुका है।

# सांस्कृतिक, शैक्षणिक, खेल एवं वार्षिक उत्सव समारोह आयोजित




निसं

**श्रीमाधोपुर ( नवयत्न )।** पीएमश्री राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय श्रीमाधोपुर में सांस्कृतिक, शैक्षणिक, खेल एवं वार्षिक उत्सव समारोह का भव्य आयोजन संपन्न हुआ। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि यूडीएच मंत्री प्रतिनिधि अजय सिंह खर्रा रहे। विशिष्ट आतिथ्य में हरि नारायण महंत नगर पालिका अध्यक्ष, रोशन लाल बिजारणिया, सत्यनारायण खांडल, श्रवण आचार्य, भरत पेंटर, शिवपाल योगी, रविंद्र ओसवाल, छाजूराम, पंकज चाहर (डायरेक्टर टीपीएस सीकर), झाबर सिंह बिजारणिया, भंवरलाल सैनी, ओमप्रकाश सैनी, डॉ नीलकंठ कयाल, नागरमल लोकनाथका सहित अनेक गणमान्य अतिथि उपस्थित रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रधानाचार्य डॉ मधु चौधरी ने की। उन्होंने वार्षिक प्रतिवेदन प्रस्तुत करते हुए आगंतुक अतिथियों का स्वागत एवं अभिनंदन किया। इस अवसर पर बोर्ड व लोकल परीक्षा के टॉपर विद्यार्थियों सहित विभिन्न प्रतियोगिताओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले 57 छात्र-छात्राओं को प्रशस्ति पत्र एवं मोमेंटो देकर सम्मानित किया गया। पूर्व छात्रों एवं भामाशाहों को भी विद्यालय विकास में योगदान हेतु सम्मानित किया गया। भामाशाहों द्वारा विद्यालय विकास के लिए सहयोग की घोषणाएं की गई जिनमें छाजूराम द्वारा इनवर्टर व बैटरी, परमानंद सोनी द्वारा एमडीएम रसोई, पंकज चाहर द्वारा बाल वाटिका हेतु झूले व खिलौने तथा झाबर सिंह द्वारा 5100 की उपयोगी सामग्री देने की घोषणा शामिल है। विद्यालय की महिला स्टाफ द्वारा कक्षा 1 से 8 तक के विद्यार्थियों को स्वेटर उपलब्ध कराने की घोषणा की गई। मुख्य अतिथि अजय सिंह खर्रा ने प्रार्थना स्थल हेतु विशाल टीन शैड तथा अतिरिक्त कक्षा कक्ष निर्माण का भरोसा दिलाया तथा अपने उद्बोधन में शिक्षा के साथ संस्कारों के महत्व पर बल दिया।

# एसी की कॉपर पाइप चोरी करने वाले दो शातिर बदमाशों सहित खरीदार गिरफ्तार

निसं



**जयपुर ( नवयत्न )।** सिंधी कैम्प थाना पुलिस ने केंद्रीय बस स्टैंड के नवनिर्मित भवन में लगे एसी कॉपर पाइप काट कर चुराने वाले दो शातिर नकबजनों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने गिरफ्तार शातिर नकबजनों से पूछताछ के बाद चोरी के कॉपर पाइप खरीदने वाले दो आरोपियों को भी हिरासत में ले लिया है। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से चोरी के एसी कॉपर पाइप बरामद किए है। पुलिस आरोपियों से अन्य चोरी की वारदातों को लेकर आरोपियों से गहनता से पूछताछ करने में जुटी है। जयपुर पुलिस उपायुक्त पश्चिम हनुमान प्रसाद ने बताया कि सिंधी कैम्प थाना पुलिस ने केंद्रीय बस स्टैंड के नवनिर्मित भवन में लगे एसी कॉपर पाइप काट कर चुराने वाले शातिर नकबजन मोहित सिंह 26 निवासी हसनपुरा हाल खानाबदोश और निसार मोहम्मद 55 निवासी केशोरायपाटन जिला बूंदी हाल खानाबदोश चांदपोल सब्जी मंडी जयपुर सहित चोरी के कॉपर पाइप खरीदने के आरोप मुकसद अली 32 निवासी पश्चिम बंगाल हाल शास्त्री नगर व सुलेमान होक 25 निवासी पश्चिम बंगाल हाल शास्त्री नगर को गिरफ्तार किया है। पुलिस गिरफ्तार अभियुक्तों से अन्य चोरी की वारदातों को लेकर गहनता से पूछताछ करने में जुटी है। गौरतलब है कि परिवादी महेंद्र कुमार शर्मा रोडवेज कर्मचारी ने थाने में मामला दर्ज कराया था कि केंद्रीय बस स्टैंड सिंधी कैंप के नवनिर्मित भवन प्लेटफॉर्म नंबर -1 की छत पर लगी एसी की कॉपर पाईप लाइन कटी हुई मिली। पुलिस ने मामला दर्ज कर विशेष टीम का गठन किया। विशेष टीम ने सैकड़ो सीसीटीवी फुटेज खंगालते हुए आरोपितों को चिन्हित करते हुए पकडा।

# हिन्दू संस्कृति में भागवत कथा का बहुत अधिक महत्व है : प्रहलाद महाराज



निसं

**बीदासर ( नवयत्न )।** कस्बे के वार्ड 6 स्थित बालाजी महाराज के मंदिर में चल रही भागवत कथा के दूसरे दिन शनिवार को छापर के कथावाचक पंडित प्रहलाद महाराज ने कहा कि हिन्दू संस्कृति में भागवत कथा का बहुत अधिक महत्व है। इससे जीवन अच्छे विचारों की ओर बढ़ता है। भागवत कथा हमारी सनातन संस्कृति को बनाए रखने में सहायक है। उन्होंने कहा कि ईश्वर रूपी धन को जितना अधिक खर्च किया जायेगा वह उतना ही बढ़ेगा। सांसारिक धन खर्च करने पर कम होता है लेकिन ईश्वर रूपी धन जितना अधिक खर्च होता है उतना की अधिक बढ़ता जाता है। सांसारिक धन भी सद्कार्यों में इस्तेमाल किया जाए तो वह बढ़ता है धन के साथ भक्ति होना भी जरूरी है। क्योंकि भक्ति रहित धन विनाश की ओर ले जाता है। कथा के शुभारम्भ पर व्यासपीठ की पूजा अर्चना मुख्य यजमान पवन शर्मा, भूरदास स्वामी, बजरंग दर्जी, विजय सिंह, पार्षद जगदीश शर्मा, नरेश सारस्वत, पुरूषोत्तम शर्मा, सत्यनारायण शर्मा ने की।

# मुंबई महानगर पालिका में भाजपा की जीत पर खुशियाँ मनाई



निलेश मुद्गल

**झुंझुनू ( नवयत्न )।** महाराष्ट्र की बृहन्मुंबई महानगर पालिका (बीएमसी) में भाजपा गठबंधन की जीत को लेकर भाजपा नगर मण्डल कार्यकर्ताओं ने एक दूसरे को मिठाई खिलाकर खुशी मनाई। जानकारी देते हुए नगर महामंत्री रवि लांबा ने बताया कि मुंबई महानगर पालिका में भाजपा-शिंदे गठबंधन महायुति ने 227 में से 122 सीटें व इसमें भाजपा ने 96 सीटें जीतकर सबसे बड़ी पार्टी के रूप में उभरी है। इसको लेकर शहर के गांधी चौक में भाजपा शहर अध्यक्ष कमल कान्त शर्मा की अगुवाई में कार्यकर्ताओं ने खुशियां मनाने हुए नारेबाजी की और मिठाइयां बाटी। इस अवसर पर जिला महामंत्री दिलीप सैनी, पूर्व मण्डल अध्यक्ष गणेश तिवाड़ी, अल्पसंख्यक मोर्चा जिलाध्यक्ष शौकत अली चौहान, पूर्व जिलाध्यक्ष एससी मोर्चा शिवकुमार जेवरिया, उमाशंकर महमिया, विजय कुमार सैनी, प्रमोद जानू, नरेंद्र शर्मा, किरण चौधरी, ख्यालीराम कुमावत, सुमेर कड़वासरा, नगर महामंत्री विजेंद्र हठवाल, नगर उपाध्यक्ष रामनिवास सैनी, ताराचंद सैनी, महेन्द्र सोनी, जगदीश गोस्वामी, सीए लोकेश अग्रवाल, शम्भू नेहरा, विजय चावला, पंकज बावलिया, महेंद्र सोनी मणिविहार, विनोद खन्ना, सुनील सैनी, मुकेश सैनी, मनोज कारोड़िया, अशोक मोदी, विनोद गोयंका सहित भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित रहे ।

# शनिवारीय गतिविधियों के साथ भावांजलि दी



निसं

**लाडनूं ( नवयत्न )।** उपखंड क्षेत्र के राजकीय भीकू लाल सारडा उच्च माध्यमिक विद्यालय निम्बी जोधा में शनिवारीय गतिविधियों के तहत रूमाल झपटों, चोर-सिपाही, कुर्सी दौड़ व रेल और मैल सहित कई प्रकार की दौड़े करवाने के साथ ही देश में शिक्षा, सामाजिक न्याय एवं किसान छात्रावासों की स्थापना कर गांव, गरीबों को शिक्षा के लिए प्रेरित करने के लिए संघर्षरत किसान केसरी चौधरी बल देवा राम मिर्धा की जयंती पर उन्हें श्रद्धांजलि देते हुए जगदीश प्रसाद घिंटाला लेखक-विचारक एवं शिक्षक ने कहा कि आजादी से पूर्व व बाद में साक्षरता दर बढ़ाने के लिए स्वामी विवेकानंद, शिक्षा संत स्वामी केशवानंद, बल देवा राम मिर्धा, दयानंद सरस्वती, बाबा साहेब आंबेडकर, तन सिंह व मौलाना अबुल कलाम आजाद सहित तमाम लोगों ने घूम-घूमकर शिक्षा की अलख जगाने का काम किया तो अब समय आ गया है। ऐसे में ही राजस्थान सरकार द्वारा आगामी 23 जनवरी, बसंत पंचमी को आयोजित होने वाले निपुण मेले-कृष्ण भोग तथा पीटीएम मीटिंग की तैयारियों में जुटे हैं शिक्षक। उल्लेखनीय है कि पिछले महीने होने वाले निपुण मेले का आयोजन पी ई ई ओ व यू सी ई ओ क्षेत्र की सीनियर सेकेंडरी स्कूलों में नवाचारों शैक्षिक उन्नयन व नामांकन वृद्धि के लिए उपयोगी साबित होंगे। इस अवसर पर दीनदयाल जांगीड़, ओमप्रकाश, घनश्याम शर्मा, गायत्री जानू, संगीता चौधरी व शिव नारायण कासनियां उप प्राचार्य सहित तमाम शिक्षक व विधार्थी मौजूद थे।

# नेत्र व चर्म रोग चिकित्सा शिविर आज

**सुजानगढ़ (नवयत्न)।**

द यंग्स क्लब ऑफ सुजानगढ़ ट्रस्ट द्वारा रविवार को स्व. मोतीलाल गोमती देवी मोदी की स्मृति में सांवरमल, पवन कुमार, बद्रीनारायण, गोविंदलाल, निखिल मोदी के सौजन्य से नि:शुल्क नेत्र जांच व लेंस प्रत्यारोपण शिविर एवं चर्म व यौन रोग चिकित्सा शिविर आयोजित किया जाएगा। शिविर प्रभारी गिरधर शर्मा ने बताया कि इस शिविर में प्रख्यात नेत्र रोग विशेषज्ञ डॉ अपूर्व कोटिया द्वारा नेत्र रोगियों की नि:शुल्क जांच कर मोतियाबिंद के ऑपरेशन लायक रोगियों का चयन किया जाएगा। चयनित रोगियों के नि:शुल्क लेंस प्रत्यारोपण डॉ मोहन जैन आई हॉस्पिटल सुजानगढ़ में किए जायेंगे। शिविर में जयपुर के सुप्रसिद्ध चर्म व यौन रोग विशेषज्ञ डॉ एस आर शुक्ला द्वारा चर्म व यौन रोग संबंधित रोगियों की नि:शुल्क जांच कर उन्हे उचित परामर्श दिया जाएगा। द यंग्स क्लब ट्रस्ट सभागार सुजानगढ़ में आयोजित होने वाला यह शिविर दोपहर दो बजे तक लगेगा।

# विराट हिन्दू सम्मेलन आज



निसं

**रींगस ( नवयत्न )।** विराट हिन्दू सम्मेलन रविवार को मठ मंदिर में दोपहर एक बजे से लेकर 4 बजे तक साधु सन्तों के सानिध्य में आयोजित किया जायेगा। हिन्दू सम्मेलन की सभी तैयारियां पूरी कर ली गई है। हिन्दू समाज में सांस्कृतिक उत्थान, एकजुटता,नई चेतना खोया हुआ वैभव वापस से गौरवन्ति करने के लिए इसकी पहल की गई है। इसमें जातियों में बटे हिन्दू समाज को एक ही दरी पर लाने की पहल की गई है। समाज की तरफ से सम्मेलन में अपने अपने देवताओं की शोभायात्रा भी निकाली जायेगी। हिन्दू सम्मेलन की तैयारिया बड़े जोर शोर से की जा रही है। वहीं आमजनों से सम्पर्क किया जा रहा है। सर्व समाज की ओर से आयोजित होने वाले इस सम्मेलन में जोहखादास आश्रम से यमनुर्तिवास शत्रुघ्नदास महाराज, गोविन्ददास महराज, आन्नदपुरी महाराज रामदास आश्रम रींगस से मोहनदास महाराज सम्मेलन में शामिल होगे। ब्राह्मण महासमा के पूर्व अध्यक्ष गोविन्द शर्मा, नगर पालिका उपाध्यक्ष अमित शर्मा ने बताया कि सम्मेलन को सफल बनाने के लिए अलग-अलग टीम बनाकर सर्वसमाज को जिम्मेदारी सौंपी गई है।

# मौनी अमावस्या श्रद्धा और भक्ति के साथ मनाई जाएगी

निसं

**जयपुर ( नवयत्न )।** आध्यात्मिक वातावरण के बीच माघ मास का प्रमुख स्नान पर्व मौनी अमावस्या 18 जनवरी को श्रद्धा और भक्ति के साथ मनाया जाएगा। इस अवसर पर मनोवांछित फल की प्राप्ति के लिए बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं के तीर्थराज प्रयाग पहुंचने की संभावना है। जयपुर के श्रद्धालु गलताजी में आस्था की डुबकी लगाएंगे। वहीं कई लोग घर पर ही पानी में गंगा जल मिलाकर स्नान करेंगे। ज्योतिषाचार्य बनवारी लाल शर्मा ने बताया कि मौनी अमावस्या पर पूर्वाषाढ़ एवं उत्तराषाढ़ नक्षत्र का संयोग रहेगा। साथ ही मकर राशि में मंगल, बुध, शुक्र और सूर्य के एक साथ स्थित होने से चतुर्ग्रहीय योग का निर्माण हो रहा है, जिसे अत्यंत शुभ और पुण्यकारी माना गया है। मकर राशि का संबंध मां गंगा के वाहन मगरमच्छ से होने के कारण, इस दिन संगम अथवा गंगा में स्नान करने से देवकृपा प्राप्त होने और चतुर्विध उन्नति के योग बनते हैं। अमावस्या की तिथि 17 जनवरी की रात 11:53 बजे से प्रारंभ हो गई जो 18 जनवरी की रात 1:09 बजे तक रहेगी। इस कारण रविवार को पूरे दिन स्नान-दान का विशेष पुण्ययोग रहेगा। मौनी अमावस्या पर स्नान के बाद पीपल वृक्ष का पूजन, तिल के लड्डू, तिल, तिल का तेल, वस्त्र एवं आंवला आदि का दान विशेष पुण्यदायी होता है। इस दिन मौन व्रत रखकर इंद्रियों पर संयम करना चाहिए, जिससे आध्यात्मिक ऊर्जा की प्राप्ति होती है। जिन जातकों की कुंडली में चंद्रमा नीच का हो, उन्हें इस दिन दूध, चावल, खीर, मिश्री और बताशा का दान करना शुभ फलदायी माना गया है। ज्योतिषाचार्य शर्मा ने बताया कि पद्म पुराण में माघ मास की अमावस्या को अत्यंत श्रेष्ठ कहा गया है। इस दिन मौन व्रत रखकर पवित्र नदी में स्नान करने से मनोकामनाएं पूर्ण होती हैं। स्नान के समय अपने आराध्य देव का ध्यान करना चाहिए तथा किसी भी प्रकार के छल, कपट और धोखाधड़ी जैसे अनैतिक कार्यों से दूर रहना चाहिए। अमावस्या पर गाय, कुत्ता और कौआ का विशेष महत्व बताया गया है, जिनका संबंध पितरों से माना गया है, अत: उनका अपमान नहीं करना चाहिए। यथा संभव इन्हें भोजन कराना चाहिए। इस दिन तन, मन और वाणी को पवित्र रखते हुए मांस, मदिरा, लहसुन और प्याज का सेवन त्यागना श्रेयस्कर माना गया है।

# चौकवाले बालाजी मंदिर में बही भक्ति-भाव सरिता



निसं

**रतनगढ़ ( नवयत्न )।** रतनगढ़ में श्री चौकवाले बालाजी मंदिर के वार्षिकोत्सव पर दो दिवसीय आयोजन के अन्तर्गत भजन संध्या का बालाजी महाराज की परम आराधिका ललिता देवी व्यास द्वारा ज्योत प्रज्वलन से शुरू हुए भक्ति संगीत के इस कार्यक्रम में नगर के प्रमुख भजन गायकों ने सुमधुर प्रस्तुतियों से भक्ति-भाव सरिता बहाई। आयोजक व्यास परिवार की ओर से सिखवाल समाज दिल्ली एनसीआर के अध्यक्ष और रतनगढ़ नागरिक परिषद् दिल्ली के सचिव कुणाल व्यास ने उपस्थित नगरवासियों का अभिनंदन करते हुए आभार प्रकट किया। छोटू राजस्थानी ने गणेश वंदना के बाद मात भवानी, बालाजी और खाटू नरेश का स्मरण किया। कुलदीप व्यास के भजन आओ गोविंद प्यारा आओ जी तथा करके इशारो बुलाय गई रे जैसे भजनों पर श्रोता झूम उठे। राहुल व्यास की प्रस्तुति कारोबार मेरो बालाजी चलावै संतलाल महर्षि के भजन जय बोलो हनुमान की जय बोलो, बालकृष्ण धर्ड के भजन श्री राम जानकी बैठे हैं मेरे सीने मेंजैसे भजनों से बालाजी महाराज को खूब रिझाया। किरण बिन्वाल, प्रकाश तोषावड़, पिंटू धर्ड, संजय मुरारका, विनीता भाटी, किरण कंवर, सुमन शर्मा, सोनू भाटी, सूरज पारीक, मास्टर मोनू आदि गायकों की सरस प्रस्तुतियों पर श्रोताओं ने सुर में सुर मिलाते हुए खूब तालियां बजाई। गायकों द्वारा प्रस्तुत धमाल की फाल्गुनी धुनों के भजनों पर उत्साहित मातृ शक्ति ने खूब नृत्य किया। इस अवसर पर पूर्व विधायक अभिनेष महर्षि, नगर पालिकाध्यक्ष अर्चना सारस्वत, पूर्व पालिकाध्यक्ष संतोष कुमार इंदौरिया, पूर्व पालिकाध्यक्ष लिट्टू कल्पना कांत, समाजसेवी विनोद डागा, विकास रिणवा, हेमंत सारस्वत, रेवंतराम मूंड, पवन सराफ, चतुर्भुज गोस्वामी, महेश व्यास, रघुनंदन धर्ड, प्रदीप व्यास, अरुण रामगढ़िया, कृष्ण कांत काछवाल, विनोद हरितवाल सहित बड़ी संख्या में नगर के गणमान्य एवं धर्मप्रेमी माताएं-बहनें उपस्थित थी।

# मतदाता सूची में काटे जा रहे वोट की शिकायत लेकर ग्रामीण पहुंचे विधायक के पास

निसं



**तारानगर ( नवयत्न )।** एसआईआर के तहत बन रही मतदाता सूची में गलत तरिके से वोट काटने की आ रही शिकायतों पर तारानगर विधानसभा क्षेत्र के सैकड़ों ग्रामीण विधायक निवास पर स्थानीय विधायक नरेन्द्र बुड़ानिया के साथ चर्चा की। आक्रोशित ग्रामीणों ने सरकार व सरकार के नुमाइंदौ पर आरोप लगाते हुए कहा कि 15 जनवरी आपतियों की अंतिम तारीख थी जिन्हे निर्वाचन आयोग ने 19 जनवरी कर दी। ग्रामीणों ने आरोप लगाया है कि हमें शक है कि सरकार के लोग इसमें गड़बड़ कर सकते है। ग्रामीणों ने ये भी आरोप लगाया है कि जो कांग्रेस पक्ष के वोट थे वो काटने की कोशिश की जा रही है एवं जातिगत वोट काटने की कोशिश की जा रही है जो हम हरगिज नहीं होने देंगे अगर ऐसा होता है पूरे प्रदेश भर में ऐतिहासिक उग्र आंदोलन होगा। विधायक बुड़ानिया ने आये हुए समस्त ग्रामीणों को आश्वासन दिया कि जब तक मेरे शरीर में प्राण है तब तक आपके लिए लड़ता रहूंगा कोई भी जायज वोट नहीं कटने दूंगा। सरकार के नुमाइंदे चाहे कितने भी कोशिश कर ले वे ऐसा हरगिज नहीं होने देंगे चाहे इसके लिए उन्हें कितनी भी लंबी लड़ाई लड़नी पड़े। इस मौके पर कृष्ण कुमार सहारण, हरिसिंह बेनिवाल, विमला कालवा, मानसिंह सैनी, कुंदन सैनी, भंवरू खा, अजीज खां, जैसाराम मेघवाल, दौलतराम मेघवाल, पन्नालाल कस्वां, प्रकाश मेघवाल, मुंशी खाँ दिनेश प्रजापत, जगदीश सहारण, रामस्वरूप झाझड़िया, सुरेंद्र पूनियां सहित तारानगर विधानसभा क्षेत्र के सैकड़ों ग्रामीण उपस्थित थे।

# जल मंदिर का लोकार्पण आज

निसं

**सुजानगढ़ ( नवयत्न )।** अखिल भारतीय मैत्री मंच एवं श्री मैढ़ क्षत्रिय स्वर्णकार स्वर्णसखि संस्थान सुजानगढ़ के संयुक्त तत्वावधान में रविवार को जल मंदिर का लोकार्पण श्री श्री 1008 महामंडलेश्वर साध्वी ईश्वरी नंदगिरी के कर कमलों से किया जाएगा। मंच की राष्ट्रीय उपाध्यक्ष स्नेह प्रभा मिश्रा ने बताया कि यह जल मंदिर सुजानगढ़ के छापर रोड स्थित निराश्रित गौवंश चिकित्सालय को समर्पित किया जाएगा। पूर्व संध्या में कार्यक्रम की तैयारी व रूपरेखा हेतु आयोजित मीटिंग में मंच की संस्थापिका डॉ शर्मिला सोनी, डॉ. जय श्री सेठिया, प्रमिला राठी डॉ. प्रगति चौरडिया, ललिता तोषावड़, मधु अग्रोया, परीक्षित माली, प्रकाश चंद्र मायछ एवं प्रियांशु उपस्थित रहे।

# झुंझुनू-नीमकाथाना ग्रामीण रूट पर रोडवेज बस की मांग

निसं



**बुगाला ( नवयत्न )।** क्षेत्र के ग्रामीणों ने झुंझुनू आगार प्रबंधक से झुंझुनू से नीमकाथाना तक एक नई रोडवेज बस सेवा शुरू करने की मांग की है। ग्रामीणों का कहना है कि यह बस सुबह के समय झुंझुनू से रवाना होकर पातुसरी, अजाड़ीकला, बुगाला, जाखल-भोड़की, गुढ़ागौड़जी, गुड़ा, पौंख, मणकसास और बाघोली होते हुए नीमकाथाना तक चलाई जाए। ग्रामीणों ने बताया कि इस रूट पर रोडवेज बस शुरू होने से अनेक गांवों के यात्री सरकारी परिवहन सेवा से जुड़ सकेंगे। वर्तमान में इन गांवों के लोगों को निजी साधनों पर निर्भर रहना पड़ता है, जिससे उन्हें आर्थिक व समय संबंधी परेशानी होती है। ग्रामीणों का यह भी कहना है कि इस नए मार्ग से राजस्थान रोडवेज निगम की आय में भी उल्लेखनीय वृद्धि होगी, वहीं यात्रियों को सुरक्षित व सुविधाजनक यात्रा का लाभ मिलेगा। इसके साथ ही राज्य सरकार द्वारा दिव्यांगजन, महिलाओं एवं वृद्धजनों को किराए में दी जा रही छूट योजनाओं का लाभ भी इन ग्रामीण अंचलों के लोगों को मिल सकेगा। इस मांग को लेकर नंदकिशोर स्वामी बुगाला सहित अन्य ग्रामीणों ने शीघ्र बस सेवा शुरू करने का आग्रह किया है।


# जेएलएफ में नोबेल विजेता कैलाश सत्यार्थी का दो टूक, करुणा के बिना विकास अधूरा

निसं



**जयपुर ( नवयत्न )।** नोबेल शांति पुरस्कार विजेता कैलाश सत्यार्थी ने जयपुर लिटरेचर फेस्टिवल जेएलएफ के मंच से मानवता, समाज और वैश्विक हालातों पर गहन चिंता जताते हुए कहा कि करुणा के बिना न तो समाज सुरक्षित रह सकता है और न ही लोकतंत्र व अर्थव्यवस्था। कैलाश सत्यार्थी शनिवार को अपनी नई किताब करुणा पर चर्चा के लिए जेएलएफ पहुंचे थे। सत्यार्थी ने कहा कि करुणा हम सभी के भीतर मौजूद है, लेकिन बढ़ती प्रतिस्पर्धा, आक्रामकता और संवेदनहीनता के कारण वह हाशिये पर चली गई है। उन्होंने सुप्रीम कोर्ट में आवारा कुत्तों से जुड़ी सुनवाई का उल्लेख करते हुए कहा कि करुणा केवल इंसानों तक सीमित नहीं होनी चाहिए, बल्कि सभी जीवों के प्रति संवेदनशीलता हमारी जिम्मेदारी है। उन्होंने कंपैशन ज्यूडिशियरी की अवधारणा रखते हुए कहा कि आज देश को करुणामई न्यायपालिका, राजनीति, मीडिया और यहां तक कि कॉर्पोरेट सेक्टर में भी करुणामई लीडरशिप की आवश्यकता है। तकनीक और मानव मूल्यों के रिश्ते पर बोलते हुए सत्यार्थी ने एक भविष्यवादी विचार साझा किया। उन्होंने कहा कि आने वाले समय में दुनिया में करुणा मापने वाला ऐप भी संभव है। जो यह बताएगा कि किसी व्यक्ति के भीतर संवेदना और सहानुभूति का स्तर कितना है। उन्होंने इसे डिजिटल युग में गिरते मानवीय मूल्यों के बीच आत्ममंथन का आईना बताया। अंतरराष्ट्रीय मुद्दों पर टिप्पणी करते हुए कैलाश सत्यार्थी ने बांग्लादेश की मौजूदा स्थिति को गंभीर और चिंताजनक बताया। उन्होंने कहा कि वहां जो कुछ हो रहा है। वह केवल किसी एक व्यक्ति या आंतरिक घटनाक्रम तक सीमित नहीं है। बल्कि इसके पीछे बाहरी ताकतें भी सक्रिय हैं। यह स्थिति न केवल समाज और इंसानों के लिए, बल्कि वहां की इकॉनमी के लिए भी नुकसानदायक है। उन्होंने कहा कि पूरे संकट का समाधान केवल नोबेल विजेता मोहम्मद यूनुस पर छोड़ देना पर्याप्त नहीं होगा। सत्यार्थी ने कहा कि करुणा केवल भावनात्मक विषय नहीं, बल्कि सामाजिक स्थिरता, लोकतांत्रिक मूल्यों और आर्थिक संतुलन की बुनियाद है। यदि समाज, सत्ता और तकनीक के केंद्र में करुणा को रखा जाए तो वर्तमान दौर की कई वैश्विक चुनौतियों का समाधान संभव है।

# खेतों में खिले सरसों के फूल, बसंत पंचमी की तैयारियां शुरू



निसं

**रींगस ( नवयत्न )।** बसंत पंचमी नजदीक आते ही बसंत का अहसास होने लगा है। क्षेत्र के लोग अब सरसों के पीले फूलों का आनन्द उठाने के लिए खेतों में जा रहे है। कुछ तो ऐसे है जिन्होंने आज तक फिल्मों व अखबारों के अलावा सरसों के फूल ही नहीं देखे। खेतों में लोगों के पहुंचने को देखकर किसान भी अपने को धन्य मान रहे है। किसानों की माने तो पहले लोग खेतो में नहीं आते थे। अब सरसो के फूल देखने के लिए खेतो में पहुंच रहे है। इससे उन्हें अपनी संस्कृति पर गर्व महसूस हो रहा है। आयुष कानूनगो व विजेन्द्र मील ने बताया कि लोगों को सरसों के खेतों का महत्व बताया गया। खिले फुल देखने से आंखों की रोशनी भी सही रहती है। वही लोगों का जमावड़ा खेतों में हो रहा है। इससे किसान भी खुश है कि चलो कोई तो खेती किसानी देखने के लिए आ रहा है। किसान भी आगे बढ़कर अपने खेत व उसमें फसलें दिखा रहा है। आयुष कानूनगो ने बताया कि बसंत पंचमी पर सरसों के फूलों का अलग ही महत्व होता है।

# नशे के दुष्परिणामों के बारे में दी जानकारी

निसं

**सुजानगढ़ ( नवयत्न )।** स्थानीय राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय में नई किरण नशा मुक्ति समिति के तत्वावधान में आयुक्तालय कॉलेज शिक्षा राजस्थान के निर्देशानुसार-नशे के दुष्परिणामों पर प्राचार्या विनीता चौधरी की अध्यक्षता में व्याख्यान का आयोजन किया गया। मुख्य वक्ता सुजला हॉस्पीटल के जनरल फिजिशियन डॉ. अक्षय कुमार ने विद्यार्थियों से नशे से शरीर में होने वाले विकारों और रोगों के बारे में विस्तारपूर्वक बताया। कार्यक्रम में महाविद्यालय की नशा मुक्ति समिति द्वारा नियुक्त दस नशा मुक्ति सखाध्सखी को किट प्रदान किए गए। इस अवसर पर समस्त संकाय सदस्य, एनसीसी कैडेट्स, एनएसएस के स्वंयेसवक, अन्य विद्यार्थीगण मौजूद रहे।

# प्रदेश के लाखों युवाओं को मिलेगा रोजगार : उद्योग एवं वाणिज्य मंत्री

निसं



**जयपुर ( नवयत्न )।** प्रदेश के युवाओं को आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में राज्य सरकार ने बड़ा कदम उठाया है। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा द्वारा हाल ही में राज्यस्तरीय युवा महोत्सव के समापन समारोह में मुख्यमंत्री युवा स्वरोजगार योजना का शुभारंभ किए जाने के बाद उद्योग एवं वाणिज्य विभाग ने इसकी गाइडलाइन जारी कर दी है। शीघ्र ही योजना के तहत आवेदन प्रक्रिया शुरू की जाएगी। उद्योग एवं वाणिज्य मंत्री कर्नल राज्यवर्धन राठौड़ ने बताया कि इस योजना का उद्देश्य प्रदेश के एक लाख युवाओं को उद्यमी बनाना है। विनिर्माण, सेवा एवं व्यापार सेक्टर में सूक्ष्म उद्यमों की स्थापना के लिए 10 लाख रुपये तक का ब्याज मुक्त ऋण उपलब्ध कराया जाएगा। इस योजना तहत राज्य सरकार द्वारा शत प्रतिशत ब्याज का पुनर्भरण किया जाएगा। साथ ही, 50 हजार रुपये तक की मार्जिन मनी और सीजीटीएमएसई शुल्क सूक्ष्म और लघु उद्यम क्रेडिट गारंटी फंड ट्रस्ट शुल्क के पुनर्भरण का भी प्रावधान किया गया है। कर्नल राठौड़ ने बताया कि 8वीं से 12वीं कक्षा उत्तीर्ण आवेदकों को सेवा एवं व्यापार क्षेत्र के लिए 3.5 लाख रुपये एवं मैन्युफैक्चरिंग सेक्टर के लिए 7.5 लाख रुपये तक का ब्याज मुक्त ऋण उपलब्ध कराया जाएगा। साथ ही, अधिकतम 35 हजार रुपये की मार्जिन मनी भी दी जाएगी। स्नातक, आईटीआई और अधिक शैक्षणिक योग्यता वाले आवेदकों को सेवा एवं व्यापार क्षेत्र के लिए 5 लाख रुपये तथा मैन्युफैक्चरिंग सेक्टर के लिए 10 लाख रुपये तक का ब्याज मुक्त ऋण उपलब्ध कराया जाएगा। साथ ही, 50 हजार रुपये तक की मार्जिन मनी भी दी जाएगी।

# हिन्दू सम्मेलन की तैयारियों को लेकर उत्साह

निसं



**जयपुर ( नवयत्न )।** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के शताब्दी वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में देशभर में लगभग एक लाख हिन्दू सम्मेलन आयोजित किए जा रहे हैं। इसी कड़ी में सांगानेर महानगर क्षेत्र की 48 बस्तियों के 48 स्थानों पर सम्मेलन प्रस्तावित हैं। जिनमें प्रताप नगर प्रमुख केंद्र के रूप में उभर रहा है। कार्यक्रम के संयोजक रवीन्द्र शर्मा ने बताया कि प्रताप नगर क्षेत्र में कार्यकर्ताओं तथा स्थानीय नागरिकों में विशेष उत्साह देखा जा रहा है। आयोजन को सफल बनाने के लिए गठित सभी टीमें योजनाबद्ध ढंग से कार्यों को सफल बनाने की तैयारी में जुट गई है तथा आवश्यक समन्वय लगातार जारी है। रविन्द्र शर्मा ने बताया कि प्रात:काल घरदृघर संपर्क अभियान चलाया जा रहा है तथा बंबला बस्ती में प्रभात फेरी निकाली गई। इस फेरी में कार्यकर्ताओं और स्थानीय निवासियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। अभियान के दौरान सूचना-पत्र वितरित किए गए और महिलाओं को आगामी कलश यात्रा में शामिल होने के लिए आमंत्रित किया गया। भजनों और संदेशों के माध्यम से क्षेत्र में सकारात्मक वातावरण निर्मित किया गया। गोविन्द नगर में संघ चालक इंद्रमल दानोदिया, विभाग सह-कार्यवाह उत्तम, प्रताप नगर डेवलपमेंट समिति के अध्यक्ष बलबीर तथा महिला मंडल अध्यक्ष जयश्री के निर्देशन में एक विस्तृत समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में कार्यक्रम की रूपरेखा, दायित्व-वितरण, जनसंपर्क गतिविधियों और आवश्यक व्यवस्थाओं पर विस्तार से चर्चा की गई। इस बैठक में कोषाध्यक्ष ब्रजमोहन, कैश प्रभारी, प्रचार प्रमुख मनीष, अतुल, सचिव कुलदीप तथा कार्यकारिणी सदस्य देवेंद्र, घनश्याम, हरिओम, अशोक, इंद्रकुमार, सतीश और राकेश, पंकज उपस्थित रहे। इस कार्यक्रम में घुमंतू प्रांत संयोजक महेंद्र राजावत तथा ओजस्वी वक्ता पूज्य साध्वी समदर्शी गिरी जी महाराज के प्रवचन प्रस्तावित हैं।

उनके उद्बोधनों से उपस्थित जनसमूह को प्रेरणादायक और मार्गदर्शक विचार प्राप्त होने की अपेक्षा है। वक्ता सामाजिक समरसता, सांस्कृतिक मूल्यों और नैतिक दायित्वों के प्रति नागरिकों में जागरूकता एवं सहभागिता की भावना को प्रोत्साहित करने पर बल देंगे, जिससे समाज में सांस्कृतिक चेतना और सेवाभाव और अधिक सुदृढ़ हो सके।

# गायत्री परिवार के शताब्दी समारोह में जयपुर से जाएंगे श्रद्धालु

निसं

**जयपुर ( नवयत्न )।** अखिल विश्व गायत्री परिवार के हरिद्वार के बैरागी द्वीप में होने वाले शताब्दी समारोह में जयपुर से सैंकड़ों गायत्री परिजन रविवार को रवाना होंगे। करीब सौ से अधिक कार्यकर्ता वहां कई दिनों से समयदान कर रहे हैं। रविवार को सैंकड़ों कार्यकर्ता रेल मार्ग और सडक मार्ग से रवाना होंगे। खास बात यह है वहां आयोजन की महत्वपूर्ण व्यवस्था में राजस्थान के ही लोग लगे हुए है। इनमें जय सिंह यादव, गौरी शंकर सैनी, दिलीप पंवार शामिल है। ये सभी राजस्थान के हैं जो वहां स्थायी रूप से व्यवस्था देख रहे हैं।

मानसरोवर निवासी जयसिंह यादव शांतिकुंज जोन प्रभारी के दायित्व के साथ जल प्रबंधन का कार्य संभाल रहे हैं। यादव ने बताया कि चालीस हजार श्रद्धालुओं के लिए नहाने-धोने और पीने की पानी बढिया व्यवस्था की गई है। सर्दी का मौसम होने के कारण नहाने के लिए गर्म पानी मिलेगा। यादव राजस्थान में जलदाय विभाग में अभियंता रह चुके हैं। वहीं श्री माधोपुर के गौरीशंकर सैनी गायत्री परिवार राजस्थान जोन के प्रभारी होने के अलावा संपूर्ण निर्माण का कार्य देख रहे हैं। सैनी खुद इंजीनियर हैं। वीआरएस लेकर लंबे समय से गायत्री परिवार का कार्य देख रहे हैं। गायत्री परिवार राजस्थान के मुख्य ट्रस्टी ओम प्रकाश अग्रवाल हरिद्वार में पूरे प्रदेश का प्रतिनिधित्व कर रहे हैं शताब्दी समारोह का शुभारंभ 18 जनवरी को होगा और 24 जनवरी तक चलेगा।

इस शताब्दी आयोजन के अंतर्गत मुख्य कार्यक्रम 21 से 23 जनवरी तक संपन्न होंगे। यह शताब्दी समारोह कल्याण और सौभाग्य की त्रिवेणी के 100 वर्ष पूर्ण होने का प्रतीक है। प्रथम, गायत्री तीर्थ शांतिकुंज में प्रज्वलित अखंड दीपक को 100 वर्ष पूर्ण हो रहे हैं। द्वितीय, गायत्री परिवार की संस्थापिका एवं संचालिका माता भगवती देवी शर्मा का जन्म शताब्दी वर्ष है। तृतीयए युगऋषि पं. श्रीराम शर्मा आचार्य की तप-साधना की शुरुआत को भी 100 वर्ष पूर्ण हो रहे हैं। इन आयोजनों में देश-विदेश से हजारों साधक, कार्यकर्ता एवं श्रद्धालु भाग लेंगे। आयोजन का केंद्र बिंदु युग-निर्माण, मानवीय मूल्यों का जागरण एवं आध्यात्मिक चेतना का विस्तार रहेगा। अखिल विश्व गायत्री परिवार के युवा प्रभारी एवं देव संस्कृति विश्वविद्यालय के प्रतिकुलपति डॉ. चन्मय पंड्या के मार्गदर्शन में तैयारियों को अंतिम रूप दिया जा रहा है।

# अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलन व काव्य संगोष्ठी में भाग लेने पर संकाय सदस्यों का किया स्वागत

निसं



**तारानगर ( नवयत्न )।** माँ जालपा देवी राजकीय महाविद्याल, तारानगर की संकाय सदस्य योगिता व अन्नु महला ने विश्व हिन्दी सचिवालय, मॉरीशस, हिन्दी प्रचारिणी सभा, मॉरीशस एवं साहित्य संचय शोध संवाद फाउण्डेशन, दिल्ली द्वारा मॉरीशस में आयोजित अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन व काव्य संगोष्ठी में भाग लिया। अन्नु महला ने नवाचार व सामाजिक परिवर्तन: राजस्थाल लोक नृत्य के डिजिटलीकरण का एक वैयक्तिक अध्ययन व योगिता ने भारत और मौरीशस की लोककथाओं एवं लोकगीतों में पौधों का प्रतीकात्मक महत्व पर अपना शोधालेख प्रस्तुत किया तथा संस्था द्वारा इन्हें सम्मानित किया गया।

शनिवार को महाविद्यालय में पधारने पर महाविद्यालय द्वारा स्वागत किया गया। इस अवसर पर महाविद्यालय प्राचार्य डॉ. सत्यवती बुडानिया ने रिसर्च को बढ़ावा देने पर बल दिया।

स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक एवं मुद्रक सपना शर्मा के लिए उदय प्रिंटर्स 43-ए, माली कॉलोनी, चांदपोल के बाहर जयपुर में मुद्रित व प्लॉट नं. 88, तहसील के पीछे दांतारामगढ़, सीकर ( राज. ) से प्रकाशित संपादक सपना शर्मा
मो. 9783931239 मुख्य कार्यालय-जी-4, मान नगर, नगर परिषद के सामने, झुंझुनू, 01592-297190